**छिटका बूँदी रस्म**

छिटका बूँदी की रस्म में लभी लोग नदी में जाते हैं। गोंड जनजाति के लोगों का मानना है कि जो मृत आत्मा है वो नदी में रहने वाले किसी जीव-जन्तु में प्रवेश कर जाती है, इसी मान्यता के कारण सभी लोग

जीवन पकड़ने के लिए नदी जाते हैं। नदी के जीव–जन्तु उस समय बहुत मुश्किल से मिलता है। मेढक, मछली, केकड़ा मिल जाता है। जीवन को नदी में से पकड़ कर ले आये, इसके बाद घर पर छोड़ देते हैं। जीवन जिन्दा रहता है फिर मढ़ा (ढँक कर) इस जीव को घर के आँगन में रख देते हैं। इसके बाद पता करते हैं कि मृतक आत्मा का जीव कैसे चला गया। घर के लोग दाना डालते हैं और पूजापाठ करके फिर उसको अलग से छोड़ देते हैं। घर वाले नहीं छूते, सेरेमिया लाता है। एक घड़ा में आटा डालकर लाते हैं तो इसमें उस जीवन की निशानी हाथ, पैर आदि का चिन्ह पद बन जाता है। इसको ढाँककर रखते हैं। बाद में इसी आटे को भून कर फिर पूजापाठ करते हैं। सब लोगों को निमन्त्रण देते हैं और पाग का नियम उसी दिन या बाद में भी करते हैं।

**परिवार का उत्तराधिकारी ( पगबंधी की रस्म )**

पगबंधी का मतलब उत्तराधिकार से है। पगबंधी में गाँव के मेहमान आते हैं तो उनके बैठने के लिए पाल बिछाया जाता है। पाल बिछाने के बाद फिर या आसपास चिल्लाते हैं कि पाक दो पाक दो यदि हाँ तो पाक जुट जाने के बाद फिर जो बहन बेटी होती हैं वो पाक का नियम करते हैं। उस समय उसके सिर में चादर ढाँक देते हैं। इसमें दस रुपया, बीस रुपया, पचास रुपया डाल देते हैं। इसके बाद फिर हटा देते हैं। इसके बाद फिर जो पारी सेरेमिया होता है वो सबको पाक बाँधने लगता है। जिसके परिवार में मृत्यु हुई है, उसको पाक बाँधता है।

पाटो अर्थात् मृतक की पत्नी का पुनर्विवाह की रस्म करना। यह गाँव के पंच की देखरेख में सम्पन्न किया जाता है। पाटो मुख्यतः तीन प्रकार का होता है– एक पाटो, दूसरा पंच पाटो और तीसरा नाती पाटो (महिला कि सेवा भाव नाती ही करता है उसका खर्चा वही उठाता है)। यदि महिला देवर के साथ रहेंगी तो वही उसकी देखभाल करता है। इसमें महिला और उसके देवर की सहमति अनिवार्य होती है। यदि देवर असहमत है तो उसे बहन या बुआ के रिश्ते के बराबर माना जाता है और यदि सहमति है तो देवर पाटो की रस्म करता है। पहले इसका प्रचलन अधिक था, लेकिन अब कोई–कोई करता है। जैसे ही महिला को देवर ने पाटो पहनाई तो उसका खेती–बी सब कुछ इसके देवर का अधिकार हो जाता है।

कोई महिला अगर कहती है कि मुझे देवर पाटो भी नहीं चाहिए न ही पंच पाटो। मैं अब अकेले ही अपना जीवन जीऊँगी, तो उसको पंच लोग उस महिला को समझाते हैं और कहते हैं कि यदि तुम नहीं मानोगी तो हम दशगात्री का भोजन नहीं करेंगे। तो महिला मान जाती है और यदि कोई है, तो उसके साथ उसका विवाह कर दिया जाता है। यदि जवाब नहीं देती और घर का छप्पर पकड़ लेती है, तो पंच लोग समझ जाते हैं कि ससे अपने ही घर में अकेले ही रहना है। वो फिर पंचों के पक्ष में रहेगा वो किसी के पक्ष में नहीं रहेगा। इसके बाद सभी भोजन कर वापस चले जाते हैं।

दशगात्री के बाद दूसरे दिन बहन, बुआ आते हैं और अपने साथ में मछली लाते हैं। मृतक को बिसरा यानि भूल जाओ। इसके बाद मृतक की याद में परम्परानुसार गीत गाने का कार्यक्रम किया जाता है। सभी लोक मृतक को याद करके गीत गाते हैं। ये गीत मुख्यतः वेदना से भरे हुए होते हैं। कुछ गीत भावार्थ सहित दिये जा रहे हैं जो इस प्रकार से हैं–

**वेदना गीत**

*हाय गा मारे मा माटी हाय।*
*जीयत मजा कर ले, मारे मा माटी रे।।*
*भाई बंधु कुटुंब कबीला अर बेटा पर नारी।*
*बखत परे भा कम न आवे सब सम्मपत के साथी।।*
*गा मारे मा माटी हाय।*
*जीयत मजा कर ले, मारे मा माटी रे।।*
*खायले पीयले लैय दैय कर ले भोग बिलासा।*
*काल परों तैय मर हर जावे छतिया मा जम ही घास।।*
*गा मारे मा माटी हाय।*
*जीयत मजा कर ले, मारे मा माटी रे।।*

**शब्दार्थ**–जीयत मजा कर ले = जिन्दगी में मजा कर लो, मारे मा माटी रे = मृत्यु के बाद शरीर मिट्टी में मिल जाएगा, बखत परे = समय पर, सम्मपत = सम्पत्ति, छतिया मा जम ही घासा = शरीर छाती के ऊपर घास

जमेगी।

**भावार्थ**–हाड़ माँस से बना यह मिट्टी का शरीर, मृत्यु के बाद मिट्टी में ही मिल जायेगा, इसीलिए जब तक जिन्दगी है, तब तक मजा कर लो। भाई, पुत्र, परिवार और रिश्तेदार सभी हैं, लेकिन वक्त पड़ने पर कोई भी साथ नहीं देता है। ये सभी केवल सम्पत्ति भर के साथी हैं। चार दिन की जिन्दगी है, खा पीकर मौज कर लो और पुण्यकार्यों में मन लगाकर पुण्य कमा लो। उम्र पूरी हो जाने पर अर्थात् मृत्यु हो जाने पर इस शरीर को जला दिया जायेगा और उसके ऊपर घास जमेगी।

**वेदना-गीत**

*आड़ा ही हाय आगू आगू मोटर जाथैय पीछू।*
*रे रेल जाथैय सरगेय रसीनी ल मोर।*
*जोड़ा उतारैय रे, पांडवन के अन मुन।*
*टुन मुन चढ़ गैय सिंहासन मा।*
*हीरा नदी मा ओ हीरा बिसर के आवेयों।*
*साकस खोरी मा साथ हीटो विपट हीटो।*
*एकैय अगास गैइ से एकय पताल गैइसे।*
*बारा कोस ले छुमकी दैयसी माया।*
*धरनी फूटी भर जाना।।*
*प्रेम तो ऐसी चीज है लोटा कैसे डोर।*
*अपन गले फँसाय के प्राण बचावे मोर।*
*धरनी फूटी भर जाना।*
*सावन भादों उठैय पिहरी ओ हाय।*
*या चोला बारे माया कहाँ मिलही गा।*
*धरनी फूटी भर जाना।*

**शब्दार्थ**–आगू-आगू मोटर = जीवन और मौत, जाथैय = जा रही है, पीछू रे रेल = कुटुम्ब परिवार, रिश्तेदार, सरगेय = स्वर्ग, रसीनी = सीढ़ी, बिसर = भूल गये, आवेयों = आए, साकस खोरी = सकरा रास्ता, एकैय = एक, अगास = अकाश, गैइसे = गये, धरनी फूटी भर जाना = धरती माता का फूट जाना, पिहरी = मशरूम, चोला = शरीर, माया = प्रेम।

**भावार्थ**–गीत में आगे-आगे मोटर चलने अर्थात् जीवन और मौत से है। पीछे से रेल गाड़ी का मतलब कुटुम्ब परिवार, रिश्तेदार से है। महिला विलाप करते हुए कहती है कि–मेरे पति सीढ़ी से स्वर्गलोक में पहुँच गे होंगे। गुनिया पण्डा अपने आसन पर चुपचाप बैठे हुए हैं। हीरा नदी में हीरे के जैसी काया को छोड़कर वापस ऐसे लौट रहे हैं जैसे कि हम कुछ मूल कर आ गये हों। सँकरे रास्ते का अर्थ है जीवन में मुसीबतों, दुखों का सामना करते हुए बहुत दुख झेले मगर पार नहीं पाए। एक तो तुम धुएँ के रूप में स्वर्ग पहुँच गये हो या तो फिर यहीं जलकर खाक में बदलकर पाताल में पहुँच गये। मैंने तुम्हें भूलने की बहुत कोशिश की लेकिन मेरे सीने में तुम्हारी याद अभी भी वैसी ही बनी हुई है। भगवान इस तरह का दुख किसी को भी न दे। मन करता है कि यह धरती फट जाये और मैं उसमें समा जाऊँ। प्रेम एक कच्चे धागे की तरह है, तब भी तुमने अपने शरीर को मुसीबत में डालकर मेरी जान बचाई। सावन-भादों के माह में मशरूम उग जाते हैं। इसके समान सुन्दर शरीर मुझे अब कहाँ मिलेगा?

पहले बरसी में याद करने का नियम नहीं था, लेकिन अभी बदलाव हुआ है, कुछ लोग कर रहे हैं। इसको पितृपक्ष के समय में करते हैं। जिस तारीख में खत्म हो गये, उसी दिन बरसी करते हैं।

**घुर्रा देव की पूजा-पाठ**

पहले मृतक के सम्मान में कुवार-कार्तिक के महीने में मूर्ति (पत्थर का ढेर) रखते हैं। इस रस्म में सभी नात-रिश्तेदार शामिल होते हैं। सबसे पहले घुर्रा देव के समक्ष होमन-धूपन करते हैं। इसके बाद दूसरे दिन महिला खत्म हुई तो बकरी और पुरुष खत्म हुआ तो बकरा देते हैं। बकरी-बकरा काटने वाला सेरेमिया ही होता है। वह बकरी-बकरा को रस्सी में बाँधकर फरसे से एक ही झटके में काट देता है। निशाना इतना अचूक कि काटने के औज़ार में खून का निशान भी नहीं दिखाई पड़ता और एक ही बार में कट जाता है। उसके ऊपर खेरोदाई देवी की सवारी होती है। जिसको सवारी आती है, वह पुजारी गाँव में ही रहता है। जिसको सवारी आती है वही बकरा-बकरी काटता है। उसे 2-4 दिन पहले से ही निमन्त्रण देना पड़ता है नहीं तो वह नहीं आता। कोटवार से पहले ही निमन्त्रण भेज देते हैं कि इस दिन घुर्रा देव के पास

चलना है और वह तैयार हो जाता है।

**कुंडा मिलावन ( गुड्डी पुजाई ) अनुष्ठान**

यह एक महत्त्वपूर्ण अनुष्ठान का कार्यक्रम गोंड समाज में मअत्यु के लगभग तीन–चार साल बाद (तिसाला) किया जाता है। इस अनुष्ठान को गोत्र के परधान (पुजारी) और गढ़ के बरुवा द्वारा सम्पन्न किया जाता है। कुंडा मिलाने की रस्म गोत्र के अनुसार सम्पन्न किया जाता है, जैसे–धुर्वे, मरावी आदि। सबसे पहले क्षेत्र के परधान द्वारा कुंडा मिलावन (गुड्डी पुजाई) अनुष्ठान की सूचना भजन और कथा के माध्यम से दी जाती है। सूचना लगभग 15 दिन पहले दी जाती है। तय समय के अनुसार उस जगह (गढ़) में सब लोग जुट जाते हैं। अपने–अपने साथ में अपने परिवार के मृतक के नाम की पुड़िया (चावल/हल्दी का गाँठ) लेकर देव स्थान (गढ़) में जाते हैं। वहाँ पहुँच कर बड़ा के सामने पूजापाठ किया जाता है। मंद और बकरा, मुर्गा अर्पित किया जाता है। इसके बाद आये हुए परिवार के लोग मृतक के नाम की पुड़िया (चावल/हल्दी का गाँ) लेकर गढ़ के आस–पास मिट्टी में एक गड्ढा करके छिपा देते हैं। इसके बाद बरुवा को बड़ादेव का भाव आने पर वह छिपाई हुई जगह से उसे खोज निकलता है। इसके बाद सभी मृतक के नाम की पुड़िया (चावल/हल्दी का गाँठ) को एक बड़े बर्तन में (पीतल की थाली/कसेड़ी/मोड़ा/किंजर) इकट्ठा करता है। इसके बाद एक बार फिर से पूजापाठ किया जाता है कि सभी गोत्र परिवार के लोग एक साथ में आ गये। इसके बाद बकरा की बलि दिया जाता है और सभी लोग मिलकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं पंडे को नेग भी दिया जाता है। इसके साथ ही मृत्यु संस्कार की अन्तिम रस्म सम्पन्न हो जाती है।

इन रस्मों/अनुष्ठानों के सम्पन्न करने पे पीछे कई प्रकार के मान्यता और विश्वास इस समाज को लोगों का जुड़ा होता है जैसे–मृतक को इस लोक से हँसी–खुशी से विदा करने पर उसे स्वर्ग लोग में अच्छा स्थान प्राप्त होगा। इसीलिए उसे पूरे विधि–विधान से इस लोक से विदा करना चाहिए। कई बार ऐसा होता है–जब व्यक्ति की मृत्यु असमय (बीमारी के कारण/जंगली सर्प दंश या बाघ के हमले के कारण या किसी प्रकार की मार्ग दुर्घटना के कारण) हो जाती है और समाज में प्रचलित विधि–विधान से उसका अन्तिम संस्कार नहीं पूरा किया जाता है, तब मृतक की आत्मा आस–पास ही भटकती रहती है और उस परिवार के लोगों को कई प्रकार से हानि पहुँचाती है जैसे–परिवार के सदस्य या पशु बीमार हो जाना, खेतीबारी के कार्यों में नुकसान, परिवार की तरक्की न होना आदि। इस परिस्थिति में मृतक के परिवार के लोगों को बुरे स्वप्न आते हैं। इस स्थिति में समस्या का निवारण गुनिया/पण्डा के माध्यम से किया जाता है। वह पूजापाठ और कई प्रकार के अनुष्ठानों के द्वारा मृतक आत्मा को इस परिवार और इस लोक से मुक्ति दिलाता है।

**निष्कर्ष**

गोंड समाज में मृत्यु संस्कार की विधि बहुत ही सरल होती है। मृतक को जलाने या दफनाने की दोनों ही विधियाँ प्रचलित इस समाज में प्रचलित हैं। इस समाज में प्रचलित रस्मों, रिवाजों के द्वारा यह प्रतीत होता है कि इन रस्मों को सम्पन्न करने में रिश्तों का बहुत महत्त्व होता है–विशेष कर अपना गोत्र और समधी के रिश्ते की भूमिका प्रमुख होती है। मृत्यु संस्कार के प्रमुख रस्म, रीति–रिवाज को सम्पन्न करने में पारी सेरेमिया की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इस शोक के समय में पूरा का पूरा परिवार और रिश्तेदार मृतक के परिवार की देखभाल करते हैं। दशगात्री की रस्म के बाद ही पगबन्धी की रस्म के द्वारा मृतक के घर परिवार के लोगों का आगे जीवन कैसे चलेगा? इसकी व्यवस्था गाँव के पंचों के माध्यम से की जाती है। मृतक के प्रति सम्मान को लोगों तक पहुँचाने के लिए घुर्रा देव की पूजा और कुण्डा मिलवान (गुड्डी पुजाई) अनुष्ठान किया जाता है। मृतक को साल भर में एक बार दशहरा/दीपावली त्योहार के पूर्व स्मरण किया जाता है। इसके साथ ही विवाह के असवर पर भी पूर्वज के रूप में इनका पूजापाठ, होम, धूप किया जाता है। इस रस्मों के द्वारा यह भी सिखाया जाता है कि इस मृत्यु लोक में जीवन जब तक है, उसे हँसी–खुशी और आनन्द के साषथ ही अपना जीवन जीना चाहिए। यही बात इनके जीवन जीने का मूलमन्त्र

है। इन रस्मों/अनुष्ठानों के अध्ययन से यह बात उभर कर सामने आती है कि गोंड समाज के लोग प्रकृति के साथ जीते हैं और प्रकृति के साषथ ही मरते हैं। मरने के बाद इनका शरीर पंचतत्त्व (पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु, आकाश) में विलीन हो जाती है।

## पाद-टिप्पणी

1. सेरेमिया–एक प्रकार का पंडा पुजारी होता है और समधी के रिश्ते का होता है, मृत्यु संस्कार की सारी रस्में अनुष्ठान इसकी उपस्थिति में सम्पन्न किया जाता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची


1. अग्रवाल रामभरोस–''गोंड जाति का सामाजिक अध्ययन : गोंड संस्कृति और इतिहास'' 2016, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट मंडला, मध्य प्रदेश।
2. कुशराम रूप सिंह–''गोंड जातीय गीत'', 2003, मध्य प्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल।
3. कौशल जय–''चोमांगकान : कार्बी जनजाति का सर्वप्रमुख मृत्यु अनुष्ठान'', 2022, भाषा, मार्च-अप्रैल, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, उ.प्र.।
4. एल.एफ. वान हेल्वर्ट–''गोंड्स के दफन संस्कार'', 1950, एंथ्रोपोस, जनवरी-जून, बी.डी. ४५, एच 1/3, पृष्ठ 209-222।
5. कोरेटी शामराव–''मध्य भारत की गोंड जनजातियों का सामाजिक-सांस्कृति इतिहास'', 2016, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ सोशल साइंस एण्ड ह्यूमैनिटी वॉल्यूम 6, नंबर 2, पृष्ठ 288-292।
6. एस. फुच्स–''गोंड और भूमिका ऑफ ईटर्न मंडला, मुम्बई, 1960, एशिया पब्लिशिंग हाउस पीपी 325-354।
7. दुर्गा भगत–''मध्य भारत की लोक-कथाएँ'', 1972, एशियाई लोककथा अध्ययन, खण्ड 31, क्रमांक 2, पृष्ठ 1-89।
8. क्रुक विलियम–''मृत्यु : मृत्यु संस्कार; द्रविड़ और भारतीय गैर-आर्यन जनजातियों के बीच मृतकों के निपटान के तरीके'', 1909, एंथ्रोपोस, बी.डी. 4, एच. 2, पृष्ठ 457-476।

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
IMPACT-FACTOR SJIF - 6
SHODH CHETNA YEAR 2023 Vol. 3 PRAYAGRAJ
**Paper Received : 22nd Aug. 2023** **Paper Accepted : 30th Aug. 2023**

# आदिकाल और उसके प्रमुख कवि

**□ डॉ० बिकेस सिंह***

**शोध-सारांश**

*आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा दिया आदिकाल नाम सिद्ध, नाथ, जैन, रासो तथा लौकिक धारा के समय प्रवृत्तियाँ को दिखाता है। सिद्ध की परम्परा भगवान् बुद्ध के विचारों से निकली है। नारियों के आने के कारण इस धर्म में विकृतियाँ आने लगी। जिससे यह धर्म तथा साहित्य भारत से पलायन करता है। सिद्ध के प्रमुख कवि सरहपा, गोरक्षपा, मिनपा आदि ८४ सिद्ध हैं। सिद्धों से कटकर एक शाखा नाथ सम्प्रदाय की है, जो योग तथा संयम पर आधारित है। इसके प्रमुख कवि गोरखनाथ हैं। कबीर के ऊपर इसका प्रभाव पड़ा। जैन धर्म के प्रवर्तक महावीर हैं। यह श्वेताम्बर तथा दिगम्बर दो सम्प्रदायों में बँटा था। यह वैदिक परम्परा से जुड़ा है। रासो परम्पराराजस्थान के राजपुताना संस्कृति से जुड़ा है। 'पृथ्वीराज रासो' बीसलदेव रासो, परमाल रासो आदि रासो काव्य हैं। इसमें नायक तथा नायिका के संयोग तथा वियोग का वर्णन है। लौकिक धारा में विद्यापति तथा अमीर खुसरो प्रमुख कवि हैं। विद्यापति के कीर्तिलता, कीर्ति पताका, शिव तथा गंगा भक्ति आदि प्रमुख कृतियाँ हैं। आदिकाल में खड़ी बोली के प्रमुख कवि अमीर खुसरो हैं। इनकी पहेलियाँ तथा मुकरियाँ प्रसिद्ध हैं।*

आदिकाल को रामचंद्र शुक्ल वीरगाथाकाल कहते हैं। वे रोसो परम्पराओं के आधार पर यह नाम देते हैं। रासो परम्पराओं में जैसे बीसलदेव रासो, पृथ्वीराज रासो आदि के आधार पर यह नाम दिये। इसमें केवल साहित्य के एक पक्ष वीरता का पता चलता है। मिश्रबंधुओं ने आरम्भिक काल, महावीर प्रसाद द्विवेदी ने बीजवपन-काल, डॉ. रामकुमार वर्मा ने चारण काल और राहुल संस्कृत्यायन ने सिद्ध-सामंत काल कहा। लेकिन वीरगाथा काल को आदिकाल कहते हैं।

इसमें आदिकाल की सभी प्रवृत्तियाँ शामिल हैं। जैसे–1. सिद्ध साहित्य, 2. नाथ साहित्य, 3. जैन साहित्य, 4. रासो परम्पराएँ, ५. लौकिक धाराएँ।

**1. सिद्ध साहित्य**–बौद्ध धर्म के अनुयायी सिद्ध कहलाते हैं। सिद्ध साहित्य बौद्ध धर्म से निकला है। बौद्ध धर्म दो भागों बँटा था। महायान तथा हीनयान। फिर हीनयान से वज्रयान तथा सहजयान में विभक्त हो गया। बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान बुद्ध थे। आचार्य शुक्ल के कथनानुसार–"बौद्ध धर्म विकृत होकर वज्रयान सम्प्रदाय के रूप में देश के पूरबी भागों में बहुत दिनों से चला आ रहा था। इन बौद्ध तान्त्रिकों के बीच वामाचार अपनी

* सहायक आचार्य, श्री जे.जे.टी. विश्वविद्यालय, चुड़ेला, झुंझनू, राजस्थान।

चरम सीमा पर था। ये बिहार से लेकर आसाम तक फैले थे और सिद्ध कहलाते थे। चौरासी सिद्ध इन्हीं में हुए हैं।''[1] आचार्य शुक्ल के इस कथन का विरोध करते हुए डॉ. धर्मवीर भारती ने कहा है कि–ये सिद्ध न तो शाब्दिक अर्थों में वामाचारी थे, न किसी पाप–पंक में ही लिप्त थे, बल्कि इन्हें समाज में सम्मानपूर्ण पद प्राप्त था।''[2]

लेकिन बौद्ध धर्म में नारियों के आगमन से इस धर्म में विकृतियाँ आने लगी। मन्त्र द्वारा सिद्धि प्राप्त करने वाले योगी सिद्ध कहलाने लगे। सिद्ध साहित्य में नीति, आचार, उपदेश साधना तथा रहस्यवादी साहित्य मिलता है। इस साहित्य में दोहा, चर्यापद इत्यादि छंद मिलते हैं। इन सिद्धों के नाम में 'पा' प्रत्यय लगा रहता है। जैसे–सरहपा, सबरपा, लुईपा, कणहपा इत्यादि। इन सिद्धों का परिचय एवं रचनाएँ निम्नलिखित हैं–

**सरहपा**–ये ब्राह्मण थे, किन्तु बाद में बौद्ध भिक्षु हो गये। इनका समय 740 ई. से 764 ई. तक मानते हैं। इनका नाम सरोज्वाज भी है। इन्होंने शर बनाने वाली कन्या से विवाह कर नीर (शर) बनाने लगे। इसी कारण इनका नाम 'सरहपा' पड़ गया। इनके द्वारा रचित ग्रन्थों की संख्या 32 तक मानी जाती है। इनका 'दोहा कोश' महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। ये अंत:साध्य पर जोर देते हुए पंडितों को फटकार लगाये हैं। जैसे–

पंडित सअल सत बक्खाणइ। देहहि रुद्ध बसंत न जाणइ। अमणागमण ण तेन विखंडिअ। तेवि विलज्जई भणइ हऊँ पंडिअ।।[3]

**शबरपा**–ये क्षत्रिय थे। इन्होंने सरहपा से ज्ञान लिया। शबरों की तरह जीवन बिताने के कारण इनका नाम 'शबरपा' पड़ा। इनका रचना काल 780 ई. मानते हैं। इनकी महत्त्वपूर्ण रचना 'चर्यापाद' है। ये माया मोह का विरोध करते हुए सहज जीवन पर अधिक बल देते हैं। जैसे–

''हेरि ये मेरी तइला बाड़ी खसमे समतुला,
षुकणए सेरे कपासु फुटिला।
तइला वाडिर पारोर जोहड़ा वाडी,
ताएला फिटेली अंधारि रे आकाश फुलिया।''[4]

**लुइपा**–इनकी कविता में रहस्यवादी भावना है। सिद्ध अपनी बातों को कभी–कभी पहेली के रूप में प्रस्तुत करते हैं। जैसे–

''काआ तरवर पञ्च विडाल चंचल चीए पइठो काल।''

अर्थात् काया रूपी वृक्ष पर पाँच विकार हैं।

**कणहपा**–इनके द्वारा रचित ग्रंथों की संख्या 74 मानी गयी है। इनकी रचनाओं में रहस्य और दर्शन की प्रमुखता है। इन्होंने ने अपनी कृतियों में शास्त्रीय रुढ़ियों का खंडन किया है। जैसे–

''आगम नेऊ पुराण, पंडित मान वहंति।।''[6]

कन्हपा ने साधना के लिए नारी भोग को जरूरी माना है। जैसे–''जिमि लोण विलिज्जइ पाणीएहि, तिमि धारिणी लइ चित।

समरस जाइ तक्खने, जई पुणु ते सभ वित्त।।''[7]

अर्थात् जिस प्रकार नमक पानी में घुलता है, उसी प्रकार स्त्री के प्रेम से एकाग्रता आती है। इसके अतिरिक्त गोरक्षपा, कुक्कुरिपा इत्यादि सिद्ध माने गये हैं।

इस प्रकार सिद्ध साहित्य का काफी महत्त्व है। जयदेव, सूरदास, विद्यापति, कबीर आदि का मार्ग सफल हुआ। काम–कला को शृंगार से समन्वित कर अन्य कलाएँ भी उत्पन्न हुई। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भक्तिकाल पर सिद्धों का प्रभाव मानते हैं।

**(2) नाथ साहित्य**–'वज्रयान' से सिद्ध सम्प्रदाय तथा 'सहजयान' से नाथ सम्प्रदाय विकसित हुआ। सिद्धों और संतों के बीच की कड़ी 'नाथ–युग'' है। सिद्धों की वाममार्गी भोगवादी साधना के प्रतिक्रिया स्वरूप नाथपंथियों की हठयोग साधना शुरू हुई। इसके प्रवर्तक 'गोरखनाथ' माने जाते हैं। इनके गुरु का नाम 'मत्स्येन्द्रनाथ' है। नाथपंथ को दार्शनिक रूप से शैवमत के आधार पर चला है। व्यवहारिक रूप से हठयोग के अधिक नजदीक है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन है कि–''नाथपंथियों ने इस मार्ग में कठोर ब्रह्मचर्य, वाक् संयम, शारीरिक शौच, मानसिक शुद्धता, ज्ञान के प्रति निष्ठा, बाह्य आचरणों के प्रति अनादर और मद्य–मांस आदि के पूर्ण बहिष्कार पर जोर दिया है।''[8]

नाथ साहित्य में 'शून्य' की साधना पर बल दिया है। जैसे–

''बसती न सुन्यं ण बसती अगम अगोचर ऐसा।
गगन सिषर पर बालक बोले ताका नाम धरोगे कैसा।''

नाथों ने सहज समाधि को 'उन्मनी अवस्था' कहा है, जिसमें साधक 'अनाहत नाद' सुनता है। जैसे–''यह मन सकती यहू मन सीव, यहू मन पाँच तंत्र का जीव।

यह मन ले जे उनमन रहै, तौ तीन लोक की बातां कहै।।''[10]

**गोरखनाथ**–नाथपंथियों में गोरखनाथ को सर्वश्रेष्ठ कवि मानते हैं। इनके गुरु का नाम मत्स्येन्द्रनाथ था। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल इन्हें १३वीं शताब्दी तथा डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने ग्यारहवीं शताब्दी के लगभग माना है। गोरखनाथ गोरखपुर के गोरखनाथमठ में रहते थे। गोरखनाथ की लगभग ४० रचनाएँ मानी जाती हैं। किन्तु डॉ. पीताम्बरदत्त बडध्वाल ने उनके द्वारा रचित केवल चौदह ही माना है। इन्होंने गोरखनाथ की रचनाओं को 'गोरखबानी' के नाम से मानते हैं। इनकी प्रमाणिक रचनाओं में प्राण संकली, सिश्यादर्शन, सबदी पद, नरवे बोध, अभे मात्रा, योग आतम बोध, पन्द्रह तिथि, सप्तावर, म्छीन्दर–गोरखबोध, रोमावली, ज्ञान तिलक, पंचमात्रा एवं ज्ञान चौतीसा। गोरखनाथ की हठयोग साधना में अनुभूतिपूर्ण चित्रण है। उनकी रचनाओं, आचरण शुद्धि के साथ–साथ सहज समाधि का वर्णन प्राप्त होता है। जैसे–

''नौ लाख पातरी आगे नाचै, पीछै सहज अखाड़ा।
ऐसे मन लें जोगी खेले, तब अंतरि बसे भंडारा।।''[10]

नाथ साहित्य में अन्य कवि चौरन्गीनाथ, गोपीचन्द्र, चुणकरनाथ का भी काफी योगदान है।

डॉ. रामकुमार वर्मा के कथनानुसार, ''गोरखनाथ ने नाथ सम्प्रदाय को जिस आन्दोलन का रूप दिया। वह भारतीय मनोवृत्ति के सर्वथा अनुकूल सिद्ध हुआ है। उसमें जहाँ एक ओर ईश्वरवाद की निश्चित धारणा उपस्थित की गयी है, वहीं दूसरी ओर विकृत करने वाली समस्त परम्परागत रूढ़ियों पर भी आघात किया है।''[11]

गोरखनाथ ने 'सबदी' में लिखा है–

अवधू मन चंगा तो कठौती ही गंगा,
बांध्या मेल्हा तौ जगत चेला।
बंदत गोरख सति सूप, तत विचारै ते रेष न रूप।।''

**( 3 ) जैन साहित्य–**महावीर स्वामी जैन धर्म के प्रवर्तक माने जाते हैं। अपने धर्म के प्रचार के लिए अर्धमागधी–प्राकृत जनभाषा का प्रयोग किया। जैनधर्म हिन्दुधर्म के समीप है, किन्तु ईश्वर की दृष्टि निर्मायक न होकर चिन्तन एवं आनन्द के स्रोत रूप में रहा। जैनधर्म के दो सम्प्रदाय दिगम्बर तथा श्वेताम्बर माने जाते हैं। दिगम्बर सम्प्रदाय के अन्तर्गत अनेक रचनाएँ की गयी हैं।

जैन साहित्य मुक्तक और प्रबन्ध दोनों काव्य रूपों में उपलब्ध है। प्रबन्ध काव्यों में २४ तीर्थंकरों का वर्णन है। इसके प्रमुख कवि निम्नलिखित हैं–

**स्वयंभू**–इन्होंने 8वीं शताब्दी में 'पउमचरिउ', अट्टनेमि, चरिउ, 'स्वयम्भू छन्दस' इत्यादि ग्रन्थों की रचना की। इन्हें अपभ्रंश का वाल्मीकि कहा जाता है। युद्ध वर्णन के साथ विरह–विलाप एवं शोक का वर्णन किया है। जैसे–

एमहि तिह करोमि पुणु रहुबई।
जिहण होमि पडीवारे तियमई।।[12]

**पुष्पदंत**–इन्हें 10वीं शताब्दी का माना जाता है। ये ब्राह्मण तथा शिव के भक्त थे। इनकी रचनाएँ तिसटटी–महापुरिस गुनालंकारू, णयकुमार चरिउ, जसहर चरिउ तथा कोशग्रन्थ हैं।

इनके ग्रन्थ 'त्रिषष्टि–महापुरुष गुणालंकार को 'जैन–महापुराण' की संज्ञा दी गई है।

**हेमचन्द्र**–इनका समय 1093 ई. माना जाता है। ये गुजरात के सोलंकी राजा सिद्धराज सिंह एवं उनके भतीजे कुमारपाल के दरबार में थे। ये अपने समय के श्रेष्ठ जैन आचार्य थे। इन्हें 'कलिकाल सर्वग्य' भी कहते हैं। इन्होंने 'सिद्ध हेमचन्द्र शब्दानुशासन' नामक बृहत व्याकरण ग्रन्थ लिखे। इसके अतिरिक्त 'त्रिष्टिश्लाका पुरुषचरित', देशी नाम माला कोश, भी उल्लेखनीय है। उनकी रचनाओं में रामकथा, कृष्ण कथा, जैनधर्म, हिन्दू धर्म, व्याकरण का विवेचन किया है। इनका 'कुमार पाल चरित' प्राकृत भाषा में है। इनकी अपभ्रंश के उदाहरण निम्न हैं–

"पिय संगम कउ निछ्डी? पियहो परक्ख हो केंव।
मई बिन्निति विन्नासिया, निद्दन एव न तेव।।"[13]

अर्थात् प्रिय के सयोग तथा वियोग में नींद नहीं आता है।

"भल्ला हुआ जो मारिया बहिणी महारा कंतु।
लज्जेजं तु वयंसि अहु जई भग्गा घरु एन्तु।।"[14]

अर्थात् हे सखी, अच्छा हुआ की मेरा पति मारा गया। नहीं तो मैं लज्जित होती।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार, "वस्तुतः छन्द, काव्यगत रूप, वक्तव्यवस्तु, कविरूढ़ियों और परम्पराओं की दृष्टि से यह साहित्य अपभ्रंश साहित्य का बढ़ावा है।"[15]

**( 4 ) रासो-साहित्य**–आदिकाल में वीरगाथात्मक साहित्य को 'रासो-साहित्य' कहा जाता है। गार्सा डी तासी ने रासों की उत्पत्ति 'राजसूय' से तथा आचाय ˋशुक्ल ने 'रसायण' से और हजारी प्रसाद द्विवेदी 'रासक' से माना है। कुछ विद्वान 'रहस्य' शब्द से मानते हैं। ये सर्वप्रथम अपभ्रंश में उसके बाद हिन्दी, राजस्थानी तथा गुजराती में प्राप्त होती है। इसमें गीत नृत्य तथा छन्द है।

रासो काव्य के अन्तर्गत चारण कवियों के द्वारा रचित वीरगाथा काव्य को स्थान है जो निम्नवत् है–

**खुमान रासो**–इसके रचयिता दलपति विजय हैं। इस ग्रन्थ का नायक खुमान द्वितीय (813-843) ई. को मानते हैं। रामचन्द्र शुक्ल 9वीं शताब्दी तथा डॉ. मोतीलाल मेनारिया 17वीं शताब्दी की रचना बताया है। इसके समर्थन में अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का मत है कि "प्रक्षिप्त अंश होने पर भी प्राचीन अंश है और उसकी भाषा प्राचीन है। इसमें 5000 छन्दों के अन्तर्गत वस्तु वर्णन, नायिका भेद, षड्ऋतु वर्णन जैसे हृदयस्पर्शी चित्रण हैं।" वास्तव में यह वीर रस का ग्रन्थ है। इसमें राजाओं के वर्णन के साथ काव्यात्मक रस भी प्राप्त होता है। जैसे–

"पिऊ चितौड ण आविऊ, सावण पहली तीज।
जोवे वाट विरहिनी खिन-खिन अणवे बीज।।"[15]

**बीसलदेव रासो**–यह 125 छन्दों में रचित 100 पृष्ठ का प्रेमपरक लघु ग्रन्थ है। जैसे–

"बारह से बहोत्तरा मझारि।
जेठ बदी नवमी बुद्धिवारि।।
नाल्ह रासायण आरम्भई।
सारदा तुठी ब्रह्म कुमारी।।
कासमीरां मुख मंडनी।
रास प्रजासो वीसलदे राउ।।"[16]

आचार्य शुक्ल ने 'बारह सौ बहोत्तरा' का अर्थ सन् 1155 ई. लगाया है। विग्रहराज चतुर्थ (वीसलदेव) का समय भी 1163 ई. के आस-पास है।

बीसलदेव रासो में नरपति नाल्ह ने "बारहमासा" के माध्यम से प्रकृति के उद्दीपन रूप को अंकित किया है। जैसे–

"अस्त्रीय जनम काई दीघउ महेश।
अवर जन्म थारइ घड़ा रे नरेस।
रानी न सिरजीय रोझड़ी।
घडह न सिरजीय घउलीय गाई।।"[17]

इसमें राजमती के विरह का वर्णन है। कवि ने प्रकृति के रमणीय चित्र अंकित करके इस काव्य में महत्त्व को द्विगुणित कर दिया है।

**परमालरासो या आल्हखण्ड**–इसके रचनाकार जगनिक हैं। यह सम्पूर्ण ग्रन्थ गेय है जिसे यू.पी. में आल्हा कहते हैं। इसमें आल्हा और ऊदल के वीरता का वर्णन है। ये दोनों वीर पृथ्वीराज तता कालिंजर के राजा के बीच हुए युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गये। इन गीतों को अल्हैत ढोल के गम्भीर घोष के साथ यह हुँकार ध्वनित होती है। जैसे–

"बारह बरिस ले कूकर जीयें, औ तेरह ले जिए सियार।
बरिश अठारह क्षत्री जीयें, आगे जीवन को धिक्कार।।"[18]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार, "जगनिक के काव्य का आज कहीं पता नहीं है पर उसके आधार पर प्रचलित गीत हिन्दी-भाषी प्रान्तों के गाँव-गाँव में सुनाई पड़ते हैं।"[19]

**पृथ्वीराज रासो**–इसके रचयिता चन्दबरदाई हैं। इनका जन्म लाहौर में सन् 1168 में हुआ था। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल इन्हें प्रथम कवि तथा 'पृथ्वीराज रासो' को प्रथम महाकाव्य मानते हैं। महाराज पृथ्वीराज चौहान

और चन्दवरदाई एकहीं दिन जन्मे थे तथा एक ही दिन दोनों की मृत्यु भी हुई थी। चन्दवरदाई शैवमत के अनुयायी तथा कट्टर हिन्दू थे। इनके ग्रन्थ में विभिन्न देवी–देवताओं की स्तुतियाँ उपलब्ध हैं। ये षड्भाषा, व्याकरण, ज्योतिष, छान्दशास्त्र, पुराण, नाटक आदि के पारंगत विद्वान थे। पृथ्वीराज रासो को विद्वान प्रमाणिक, अर्द्ध प्रमाणिक तथा अप्रमाणिक मानते हैं। पृथ्वीराज रासो में 69 समय है। इसमें वीर रस के अन्तर्गत रणबाकुरों के क्रियाकलापों का हृदयग्राही तथा मर्मस्पर्शी वरन किया गया है। जैसे–

"वज्जिय घोर निसान रान चौहान चहूँ दिखि।
सकल सूर सामन्त समर बल जन्तर–मन्त्र तिसि।।"[२०]

इस ग्रन्थ में नारी सौन्दर्य का अतिशक्योक्तिपूर्ण वर्णन है। इस ग्रन्थ में ऐतिहासिक, पौराणिक, काल्पनिक वृत्तों के कारण सर्वोत्तम ग्रन्थ माना जाता है।

**( 5 ) लौकिक धाराएँ**–इस लोक परम्परा के दो प्रतिनिधि कवि अमीर खुसरो तथा विद्यापति हैं।

**अमीर खुसरो**–अमीर खुसरो का वास्तविक नाम 'अब्दुल हसन' था। इनका जन्म 1253 ई. में तथा इनकी मृत्यु 1325 ई. में हुई थी। ये बड़े विनोदी, मिलनसार तथा सहृदय कवि थे। खुसरो को खड़ी बोली का आदि कवि कहा जाता है। इनकी खड़ीबोली में मुकरियाँ, पहेलियाँ, ढकोसले, आदि रचनाएँ हैं। इन्हें संस्कृत का भी ज्ञान था। ये अरबी, फारसी के उच्चकोटि के कवि माने जाते हैं।

**पहेलियाँ**–"अर्थ तो इसका बूझेगा। मुँह देखो तो सूझेगा।"[7] (दर्पण)

**मुकरियाँ**–मोरे मोसे सिंगार करावल,
आगे बैठके मान बढ़ावत।
वासे चिकन न कोउ दीसा,
ऐ सखि साज? ना सखि सीसा।।[22]

**विद्यापति**–इनका जन्म 1368 ई. विसफी गाँव जिला दरभंगा बिहार में हुआ था। इन्हें 'मैथिल कोकिल' तथा अभिनय जयदेव कहते हैं। इनके पिता गणपति ठाकुर संस्कृत के विद्वान् थे। विद्यापति महाराज शिवसिंह के आश्रय में रहते थे। विद्यापति ने 'कीर्तिलता' और 'कीर्तिपताका' में शिवसिंह के शौर्य का वर्णन किया है। इनकी मृत्यु 1440 ई. में हुई। इनकी रचनाओं को तीन वर्गों में बाँट सकते हैं–

**( 1 ) संस्कृत रचनाएँ**–शैव सर्वस्वसार, दुर्गा भक्ति तरंगिणी, पुरुष परीक्षा, भूपरिक्रमा, गोरक्ष विजय तथा लिखनावली।

**( 2 ) अवहट्ट**–कीर्तिलता तथा कीर्तिपताका।

**( 3 ) मैथिल**–विद्यापति की पदावली।

विद्यापति के प्रसिद्धि का कारण उसकी पदावली है। जिसे तीन भागों में बाँट सकते हैं–1. वंदना और नचारी, 2. राधा–कृष्ण की प्रणयलीला, 3. विविध युद्ध, दृष्टिकूट, बाल–विवाह इत्यादि। जैसे–

"सरस वसंत समय भल पाओलि,
दखिन पवन बहु धीरे।
सपनहूँ रूप नयन एक भाखीए,
मुख सो दूरि करू चीरै।।
× × ×
राजा सिव सिंघ रूप नारायण,
लाखिण देइ पति भाने।।[24]

**सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची**


1. हिन्दी साहित्य का इतिहास–डॉ. अजित सिंह, डॉ. राम प्रवेश सिंह, डॉ. रोली सिंह, पृ. 16
2. वही, पृ. 16
3. वही, पृ. 17
4. वही, पृ. 17
5. वही, पृ. 18
6. वही, पृ. 18
7. वही, पृ. 18
8. वही, पृ. 19
9. वही, पृ. 20
10. वही, पृ. 21
11. वही, पृ. 21
12. वही, पृ. 22
13. वही, पृ. 23
14. वही, पृ. 23
15. वही, पृ. 23
16. वही, पृ. 25
17. वही, पृ. 25
18. वही, पृ. 26
19. वही, पृ. 26
20. वही, पृ. 28
21. वही, पृ. 35
22. वही, पृ. 35
23. वही, पृ. 35
24. वही, पृ. 37

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 22nd Aug. 2023 Paper Accepted : 30th Aug. 2023

# राजेन्द्र यादव की आत्मकथा : सम्बन्धों की विविध पारदर्शिता

▫ आशुताष दुबे*
▫ डॉ. सरोज गोस्वामी**

**शोध-सारांश**

*मानसिक प्रौढ़ावस्था के मोड़ पर लखे ाक के परिपक्व संस्कार, स्मृति, सत्य व साहस का संबल लेकर आत्माभिव्यक्ति के लिए व्यग्र हो उठते हैं तब कलात्मक आत्मकथा का जन्म होता है। साहित्यिक आत्मकथाकार अपने अंतर्मुखी मन को विशिष्ट स्व के प्रतिच्छायित करते हुए निजता का निर्वाह करते हैं। साहित्यकारों की आत्मकथाएँ तथ्याश्रिता के आधार पर अपना पृथक रूपभेद निर्मित करती हुई प्रमाता के अन्तःकरण पर विशेष छाप छोड़ती है। राजेन्द्र यादव जी ने अपने आत्मकथ्यांश 'मुड़ मुड़ कर देखता हूँ' के अन्तर्गत जीवन के उन अंशों को विवेचित किया है जो भावी पीढ़ी के निमित्त खाद स्वरूप निरूपित हो सकते है। पुरुष व्यक्तित्व के अनुद्घाटित आयामों को खोलते घर की लालसा, निर्बन्ध उत्तरदायित्वहीनता, रचनात्मक ऊर्जा का नवीनीकरण, महिलाओं की संगति के सन्दर्भ, अपनी विचारधारा का सम्यक निरूपण किया है। इस आत्मकथा के अन्तर्गत द्वन्द्वात्मकता को उकेरते हुए जीवन की भौतिकता व भावनात्मकता के समध्द होने के इतिहास को रेखांकित किया है।*

**मूल शब्द**–*व्यक्तित्व, राजेन्द्र यादव, निष्पक्षरूपेण, उत्तरदायित्वहीनता, विचारधारा।*

आत्मकथा किसी व्यक्ति विशेष द्वारा विगत जीवन अनुभव को वर्तमान के स्तर पर निष्पक्षरूपेण प्रस्तुत करने का प्रयास है जिसे कलात्मक रीति से इस प्रकार का विषिश्ट बोध समष्टि के सहज बोध में परिणित हो सके। आत्मकथा भोगे हुए क्षणों का आदिदैविक, आधिभौतिक, आध्यात्मिक सुख–दुःखो का सच्चा लेखा–जोखा होता है। आत्मकथा में रचनाकार के जीवन अनुभवों का सार्वकालिक, सार्वदेहिक और सार्वजनिक पक्ष उद्घाटित होता है। आत्मकथाकार स्व के बहाने से परिवेशगत चरित्रों, सामाजिक रूढ़ियों, राजनीतिक आन्दोलनो, सांस्कृतिक क्रियाओं–प्रतिक्रियाओं, शिथिलताओं का भी अंकन करता है। आत्म–प्रकाशन की अदम्य भावना आत्मकथा के लेखन का सशक्त

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म. प्र.)
** शोध निर्देशक, शा. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

प्रयोजन है। रागात्मकता वृत्ति की अधिकता के कारण भावनाओं का सहज उच्छलन आत्मकथा के प्रणयन का कारण हो सकता है।[1] जीवन के किसी विशिष्ट स्थिर बिन्दु पर पहुँचकर जब कोई अपने विगत जीवन का लेखा–जोखा अपने मन की शान्ति के लिए करना चाहे कि उसका संसार में अस्तित्व क्या है, वह कैसे विकसित हुआ, अपनी वर्तमान स्थिति को कैसे प्राप्त हुआ। इस ऊहापोह से भरे प्रष्नों के समाधान के लिए यह अपने विगत जीवन का सिंहावलोकन करता है।[2]

मानसिक प्रौढ़ावस्था में जब प्रख्यात व्यक्ति अपने अतीत पर दृष्टिपात करते हुए घटनाओं, पात्रों स्थितियों, परिस्थितियों आदि का निष्पक्ष होकर श्रृंखलाबद्ध वर्णन करता है, जो उसके व्यक्तित्व निर्माण में साधक या बाधक रही हो तो यह कृति आत्मकथा कहलाती है। आत्मकथा लेखक की स्थिति विशिष्ट अन्तर्द्वन्द्व से सम्पूरित होती है। साहित्यकारों के जीवन रहस्य को जानने का मानव मन में सहज कौतूहल होता है। आत्मकथाएँ इस कौतूहल के उपशासन में सहायक होती है। आत्मकथा साहित्य यह अपेक्षा रखता है कि लेखक अपने समस्त गुणों और अवगुणों का सम्यक निरूपण करे लेकिन यह कार्य दुधारी तलवार पर चलने के समान कठिन व्यवसाय है।[3]

जीवन और साहित्य का अविच्छिन्न सम्बन्ध है। वैयक्तिक जीवन में साहित्य के गूढ़ तत्त्व निहित रहते हैं। सामान्यतः साहित्य को जीवन की आलोचना कहा जाता है, साहित्य में रचनाकार अपने परिदृष्ट अनुभवो अर्जित स्मृतियों को असमर्थ संकेतों के द्वारा यथाशक्य सम्प्रेषित करने को आतुर रहता है। वास्तव में साहित्य एक बच्चा है साहित्यकार उसकी माँ है और परिवेश उसका पिता है। स्पष्ट है कि परिवेश ही साहित्यकार को साहित्य लिखने के लिए प्रेरित करता है। साहित्यकारों की आत्मकथाएं अनुभव जगत के वसीयतनामे है जिनमे वैविध्य एवं एकांतिकता, सांसारिकता और फक्कड़पन जैसी परस्पर विरोधी धाराएँ सम्पूर्ण संवेदनशीलता से मिलती है। विश्वसनीयता व यथार्थ–बोध साहित्यकारों की आत्मकथा की विशिष्ट उपलब्धियाँ हैं।

भुक्त यथार्थ की अभिव्यंजना में आत्मकथा लेखक स्वयं अपने कार्यों का कार्य–कारण सहित ब्यौरा प्रदत्त करता है। साहित्यकारों ने अपने जीवन के रहस्यमय व प्रच्छन्न अनुभव अपनी आत्मकथा में लिखकर पाठकों के सम्मुख विश्लेषणार्थ प्रस्तुत किए हैं।[4] साहित्यकार स्त्री या देश मानवीय सम्बन्धों की पृष्ठभूमि में अपना जीवन यापित करते हैं। विश्वसनीयता व आधुनिकता के समावेश ने साहित्यकारों की आत्मकथाओं में जीवन मूल्यों को किस हद तक प्रभावित किया है। दाम्पत्येत्तर सम्बन्धों से जुड़ने की प्यास बहुआयामी होती है। दाम्पत्य सम्बन्धों में असन्तुष्टि को साहित्यकारों ने आत्मकथाओं में कितना बेबाकी से स्वीकार किया है। साहित्यकारों ने आत्मकथाओं में उन जमीनी सच्चाइयों का विश्लेषण किया है जिससे जीवन में ठहराव व गहराई संस्पर्शित होती है। आत्मकथाकारों ने नारी को अपने जीवन की आवश्यकता, अनिवार्यता के रूप में रूपायित किया है।[5] साहित्यकारों ने आत्मकथाओं में 'स्व' को उद्घाटित करने की आन्तरिक विवशता से आत्मकथा लेखन सम्पन्न किया है। आत्मकथाओं में साहित्यकारों के व्यक्तिगत जीवन के पहलू स्वतः खुलते चले जाते है।

राजेन्द्र यादव जी ने दूसरों की दी हुई स्मृतियों को छीलकर अपने वास्तविक की तलाश का दूसरा नाम 'आत्मकथा' स्वीकारा है। अपने आत्मकथ्यांश 'मुड़–मुड़ के देखता हूँ' के अन्तर्गत स्मृति खंडों के अंशों को विवेचित किया है। तस्वीरों के माध्यम से अपने अक्स को पहचानने का उपक्रम राजेन्द्र यादव जी ने इस आत्मकथा के माध्यम से किया है। स्त्री देश का आकर्षण सहज व स्वाभाविक होता है। यादव जी ने अपने अनुभव खण्ड़ो का क्रम संधान करके आत्मनिरीक्षण किया है। स्त्री के प्रति देश का मानसिक आकर्षण सार्वजनीन व सार्वकालिक सत्य है। देश की जीवन साधना में स्त्री सबसे अधि

ाक सहायक है। दाम्पत्य पूर्व सम्बन्धों के परिप्रेक्ष्य में राजेन्द्र यादव जी ने मीता के संग अपने सम्बन्धों का विश्लेषण बेबाकी से किया है। मीता के सम्बन्ध में यादव जी की अनुभूति प्रवणता का चित्र इस प्रकार है– 'वह थी भी दबंग और दुस्साहसी–घर भर से उसकी की ही इच्छा आगरा के बाहर भी माँ को बताकर आती कि मेरे साथ जा रही है........... मैंने बोतल खोलने से पहले धीरे से पूछा, ''सामने ये लोग हैं इनके सामने। उनका प्रतिप्रश्न था–तुम्हारे रिश्तेदार है क्या? नहीं, फिर भी उसने बात काट दी, ''मेरे भी नहीं हैं।''.. ......... हंसकर हमने घूँट भरे।''[6]

प्रेमी–प्रेमिका का प्रेम सम्बन्ध शाश्वत व सनातन माना जाता है। प्रेम पात्र के प्रति निष्ठा का भाव राजेन्द्र जी के मन में विद्यमान था। लेकिन मीता ने जब वैवाहिक सम्बन्ध का प्रस्ताव रखा तो राजेन्द्र यादव जी ने अपनी भाव धारा को इस प्रकार सम्प्रेशित किया–''चौदह पन्द्रह साल की उम्र से मैं ही उसका एकमात्र भावनात्मक आधार रहा हूँ। क्या यह काफी नहीं। पति पत्नी बनने का आग्रह क्यों ? ''मैं तुम्हारी परिणिता बनकर रहूँ यह मेरा सपना कभी नहीं था........ इसके बाद भी अनेक बार हमने षादी की तारीखें तय कर ली। और उसने एक घर होने के सारे सपने संजो लिए....... अपने इस विश्वासघात ने शायद मुझे ही बार–बार तोड़ा है।''[7]

मीता से न मिल पाने की विडम्बना का सशक्त प्रतिपादन राजेन्द्र जी ने किया है–''हम दोनो ही दो ऐसे स्वतन्त्र ध्रुव थे कि बीच का सेतु नहीं मिल रहा था.......... मजबूरी यही थी कि अपनी कच्ची उम्र से ही हम एक दूसरे की चते ना का हिस्सा हो गये थे और किसी दूसरे की बात भी नहीं सोच पाते थे।''[8]

राजेन्द्र यादव जी ने आस्था और अविश्वास की आंख मिचौनी, सामाजिक व्यक्तित्व को लेकर विरक्ति, सम्बन्धों मे स्थायित्वहीनता, एक दूसरे की खोज, प्रेमिका में अपनत्व का भ्रम, आदि विचारों के संगुम्फन में मीता के सम्बन्धों का पर्दाफाष किया है–''हमारे बीच वह क्या है हम एक छत के नीचे नहीं आ सके और आज भी एकान्त भोग रहे हैं हफ्तों साथ भी रहे है और बरसों असंवादी भी।''[9]

देश व्यक्तित्व के अनुद्घाटित आयामों को खोलते हुए रचनात्मक ऊर्जा का नवीनीकरण करके महिलाओं की संगति के सन्दर्भ में राजेन्द्र जी ने अपनी विचारधारा का सम्यक निरुपण किया है– ''मगर प्रारम्भिक देह जिज्ञासा की उम्र गुजरने के बाद वास्तविक सैक्स मेरी दिलचस्पी का केन्द्र कभी नहीं रहा। इसीलिए बीसियों सालों से मित्रताएँ आज भी मेरा सहारा है। इसी भावात्मक अकुंठ मैत्री की चाह हमेषा बनी रहती है, वे देश की अपेक्षा ज्यादा निर्भरणीय होती है।''[10]

महिला मित्रो के प्रति परिभावना स्पष्ट करते हुए राजेन्द्र जी ने स्वीकार किया है कि दीदी मेरे हर सम्बन्ध को भी संचालित कर रही थी और मीता से सम्मिलन की स्थिति में भी सहयोगी रही तथा कमल कश्यप की मित्रता पर भी उन्होंने तूफान खड़ा किया। यादव जी ने कमल के साथ अपने सम्बन्धों को सूत्रबद्ध करते हुए स्पष्ट किया है–''जब कमल कश्यप मेरे साथ आकर रहने लगी. ....... अकसर वह मेरे कमरे में चक्कर लगाती........ ... मैं उन्हें अन्दर के अंधेरों से बाहर निकालना चाहता था........ अब सहसा ही मेरा कमरा साफ और सलीके से रहने लगा।''[11] इस कमल प्रसंग पर दीदी से लेकर और मित्रों तक ने ऐसा हंगामा खड़ा कर दिया–सुशीला जी और भाभी जी ने तो घोषित कर दिया कि 'राजेन्द्र जी का दिमाग खराब हो गया है।''[12]

राजेन्द्र जी का महिला मित्रों के साथ पत्र–व्यवहार का क्रम निरन्तर चलता रहा। पत्रों के माध्यम से कीर्ति के प्रति राजेन्द जी की सहानुभूति, आष्वासन, आस्था, आत्मीयता सहज उद्भासित होती है–''कीर्ति वहीं भुवाली में थी डेढ वर्ष के बाद भी मै कीर्ति को नहीं देखा था....हम लोगों में आत्मीयता पनप आई थी।''[13] ''चलते

समय कहा भी, ''कीर्ति, तुम जरूर ठीक हो जाओगी। बीमारी को भी षायद तुम इसी तरह बहकाकर अपने पड़ोसियों पर डाल दोगी...... उसकी हंसी दरे तक...... शायद आज तक गूंजती रही..... ।''[14]

इस आत्मकथा के अन्तर्गत जीवन की भौतिकता व भावनात्मकता के समष्द्ध होने के इतिहास को राजेन्द्र यादव जी ने रेखांकित किया है एवम् अविश्वास व विश्वास को द्वन्द्वात्मकता को भी उकेरा है। अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण क्षणों को पाठकों के साथ आबंटित करते हुए अपने को जिम्मेदारियों से भागने वाला इन्सान बताया है। राजेन्द्र जी ने मन्नू जी के साहस को स्वीकारने का परिचय इस आत्मकथा में विस्तारित किया गया है–''इस दृष्टि से कलकता मेरा सबसे बड़ा उपचार केन्द्र रहा। इसे मैं मन्नू का असाधारण साहस ही कहूँगा कि उसने कलकते के बन्द समाज में खुलेआम भी आजकल कोई नहीं जानता, मगर मन्नू बाई साब ने क्या सोचकर लंगड़े आदमी को चुना।''[15]

स्मषति का अवलम्बन लके र गुजरे हुए अतीत को राजेन्द्र यादव जी ने तरतीबबद्ध किया है। अतीत के उन अंषों को चयनित किया है जो उनके जीवन को गतिशील बनाए हुए हैं। राजेन्द्र जी ने अपने प्रति दूसरों के अविश्वास व स्वयं के विश्वास केन्द्र में 60 वर्षों का जीवन बिताया है। उनकी आत्मकेन्द्रिकता न उत्तरदायित्वहीनता के प्रकट करत॒ हुए प्रतिकूल परिस्थितियों में पत्नी के उपेक्षा भाव को उजागर किया है–''लेकिन मन्नू अपना सारा ध्यान घर में ही लगाती है और मेरा सारा ध्यान घर व अपने में ही केन्द्रित चाहती है अगर ऐसा नही तो उसकी उपेक्षा है....... ।''[16]

भारतीय संस्कृति में परिवार को व्यापक फलक पर चित्रित किया गया है जिनमें गार्हस्थ्य भावना की पारिवारिक व्यापकता प्रकट होती है। पाश्चात्य संस्कृति के परिणामस्वरूप समाज में पति–पत्नी के मध्य स्थान निर्धारण का संघर्ष बना हुआ है। पत्नी पति की सहभागी के रूप में सम्बन्ध निर्वाह करना चाहती है किन्तु समाज में देश का दुहरा दृष्टिकोण सम्बन्धों में निरीहता उत्पन्न कर देता है। इस अवस्थिति को राजेन्द्र जी ने स्पष्ट अभिव्यंजित किया है–''मन्नू कहती है इसमें अहं तृप्त होता है. ... ये ये बातें न हो तो बहुत ही अच्छे हैं मैं....... मान लेता हूँ कि उसके भाग्य में अच्छा पति पाना नहीं–एक बार अच्छा पति पाने की सलाह देकर सो जाता हूँ।''[17] राजेन्द्र जी ने पारिवारिक नियन्त्रण हेतु बच्चों के पालन पोशण व सरक्षण, भोजन–वस्त्र व्यवस्था आदि कार्यों से विच्छिन्नता का प्रारूपगत निरूपण किया है– ''टिंकू की देखभाल से लेकर घर की जिम्मेदारी, उसने ही निभाई। कॉलेज, ट्यूशन टिंकू फिर अपना लिखना, मेहमानों मित्रों का आना जाना.........सभी कुछ तो उसी का जिम्मा था। मन्नू का विद्रोह तब युग पुरुष हुआ। जब उसने पाया......... मैं घरेलू जिम्मेदारी से हाथ झाड़ कर अलग हो जाता हूँ।''[18]

पति पत्नी के सम्बन्धों की दृढ़ता का आधार एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना है। राजेन्द्र जी ने मन्नू जी के व्यक्तित्व का विश्लेषण करते हुए स्वभावगत परिचय दिया है–मन्नू बहुत खुले दिल से हंसती है और मुझे उसकी हंसी पसन्द है। उससे भी सहज कहानियाँ लिखती है एक के बाद दूसरी। पत्नी के स्वभाव में परिवर्तन की जिम्मेदारी राजेन्द्र जी ने स्वयं पर आरोपित की है। पत्नी से अलगाव के उपरान्त स्वयं से पत्नी को प्रतिदान न दे पाने की असमर्थता का उल्लेख किया है–''मन्नू ने पहले मेरी इन हरकतों को प्यार, सहानभूति सहिष्णुता से सुधारने या समझने की कोशिश की फिर विरोध या विद्रोह शुरू हुआ. ....उसका प्रतिदान शायद मेरे लिए असंभव है।''[19]

पत्नी से विलग होने पर राजेन्द्र जी ने भाव–धारा को विचारधारा में परिणित करना चाहा। राजेन्द्र जी ने मन्नू के स्वभाव की विराटता का प्रत्यकं न करते हुए जमीनी सच्चाइयों से जीवन में ठहराव व गहराई का भी चिन्तन मनन भी किया है। पत्नी के प्रति राजेन्द्र जी द्वारा किये गये अन्याय को अपराध बोध के रूप में रूपायित किया गया है।

राजेन्द्र यादव जी ने अपनी जीवन शैली में दोस्ती की अनिवार्यता पर बल दिया है तथा अपनी जिन्दगी को अन्य के प्रति दस्तावेजित भी किया है– ''आत्मकेन्द्रिकता ने न मुझे अच्छा पति रहने दिया, न पिता, न प्रेमी–सिर्फ में दोस्त ही अच्छा हूँ। क्योंकि दोस्ती किष्तों में निभाई जाने वाले जिम्मेदारी है....... 24 घंटों या पूरी जिन्दगी तो मैंने कहीं और दे रखी है वहाँ पता नहीं उसका कुछ बना है या नहीं।''[20]

महानगरों में वासित पति–पत्नी के आपसी सम्बन्धों में बदलाव दृष्टिगत हो रहा है, जो बदलते हुए परिवेश का प्रतिरूप है। राजेन्द्र जी ने पारिवारिक तनाव को कम करने हेतु 42 साल की वैवाहिक जिन्दगी में अलग होने के स्वतन्त्र प्रयोगों पर भी कार्यान्वयन किया तथा पत्नी के जीवन में यन्त्रणा की पुनरावृत्ति का भी अवलोकन किया है–''आज तो बेटी भी कहती है कि आप लोगों को बहुत पहले अलग हो जाना चाहिए था। यह दो पीढ़ियों की मानसिक बनावट का अन्तर है।''[21]

**निष्कर्ष**–मानवीय सम्बन्धों के समक्ष राजेन्द्र जी ने अपने बौनेपन का इजहार करके स्व को प्रक्षेपित करते हुए अपरिहार्य व अनिवार्य मानने के मुगालते का भी वर्णन किया है।[22] अपने जीवन में रचना प्रक्रिया की अनिवार्य आवश्यकता पर बल देकर रातों की नींद, आँखों की रोषनी, दिमागी शान्ति का अमूर्तन किया है। राजेन्द्र यादव जी की पत्नी ने प्यार, सहानुभूति, सहिष्णुता से उन्हें सुधारने की कोशिश की तथा उनके विचार में राजेन्द्र जी की क्रान्तिकारी मौलिकता लम्पटता का विस्तारण करके वैचारिक भ्रश्टाचार में परिणित हो गई। देश व्यक्तित्व के अनुद्‌घाटित आयामों को खोलते हुए घर की लालसा, निर्वन्ध उत्तर–दायित्वहीनता, रचनात्मक ऊर्जा का नवीनीकरण, विरोधी सैक्स या महिलाओं की संगति के सन्दर्भ परिभावना स्पष्ट करते हुए अपनी विचारधारा का सम्यक निरुपण किया है। राजेन्द्र जी ने दूसरो के अविश्वास व स्वयं के विश्वास के द्वन्द्व में 60 वर्शों का जीवन बिताया एवम् जीवन की भौतिकता व भावनात्मकता के समृद्ध होने के इतिहास को रेखांकित करते हुए अविश्वास व विश्वास की द्वन्द्वात्मकता को भी उकेरा है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ


1. कमलेश सिहः हिन्दी आत्मकथाः स्वरूप एवं साहित्य, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, 1989
2. बैजनाथ सिंहलः हिन्दी विधाएं स्वरूपात्मक अध्ययन, हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्डीगढ़, 1988
3. विनीता अग्रवालः हिन्दी आत्मकथाएँ। सिद्धान्त एवं स्वरूप विश्लेषण, सचिन प्रकाशन, नई दिल्ली 1989
4. शान्ति खन्नाः आधुनिक हिन्दी का जीवनीपरक साहित्य, सन्मार्ग प्रकाशन, दिल्ली, 1943
5. विश्वबन्धु व्यथितः हिन्दी का आत्मकथा साहित्य, राधा प्रकाशन, दिल्ली, 1989
6. राजेन्द्र यादवः 'मुड़–मुड़ के देखता हूँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली. 2001 पृ. 115
7. वही, पृ. 116
8. वही, पृ. 121
9. वही, पृ. 122
10. वहीं, पृ. 123
11. वही, पृ. 104
12. वही, पृ. 105
13. वही, पृ. 108
14. वही, पृ. 44
15. वही, पृ. 48
16. वही, पृ. 127
17. वही, पृ. 44
18. वही पृ. 129
19. वही पृ. 99
20. वही, पृ. 18
21. वही, पृ. 130
22. राजेन्द्र यादवः एक दुनिया समानान्तर, अक्षर प्रकाशन, दिल्ली, 1961

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 10th Sept. 2023** **Paper Accepted : 14th Sept. 2023**

# आचार्य रजनीश 'ओशो' की आधुनिक शिक्षा में प्रासंगिकता

रवीश वर्मा*
डॉ. शिखा वर्मा**

**शोध-सारांश**

*आचार्य रजनीश 'ओशो' ने अपने शिक्षा दर्शन के माध्यम से यह निर्देशित किया है कि सर्वसाधारण को अपने व्यक्तित्व के समुत्थान के लिए सिर्फ औपचारिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बलिक उसे अनौपचारिक रूप से भी निरन्तर आत्मविकास के विभिन्न सन्दर्भों को पूरित करते रहना चाहिए। जब तक व्यक्ति आत्म विकास के विविध मानकों का सांगोपांग अनुकरण नहीं करेगा तब तक उसकी उन्नति के विविध आयाम अपने पूरे अस्तित्व में नहीं आ सकते। इस क्षणभंगुर जीवन को भलीभाँति जी लेने में ही भलाई है। जब तक मनुष्य अपने वर्तमान को कल की योजनाओं पर टालता रहेगा तब तक उसे जीवन के मूलभूत सुखों की प्राप्ति नहीं हो सकेगी। यद्यपि भारतीय स्त्रियों की ये उपलब्धियाँ जितनी सच हैं, उससे बड़ा सच उनका आकारमय पक्ष है और शहरों में भारत की जनसंख्या का मात्र तीस प्रतिशत ही निवास करता है। आँकड़े बोलते हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएँ यदि उन्नति के पथ पर अग्रसर हुई हैं, तो दूसरी ओर एक भयावह तस्वीर भी है। भारत की स्त्रियाँ चाँद पर जा सकती हैं, हिमालय पर चढ़ सकती हैं फिर भी अन्याय, शोषण, अत्याचार, यौनाचार, उत्पीड़न एवं भेदभाव की शिकार हैं। एक तरफ महिलाओं के उच्च स्थान प्राप्त कर लेने पर भी क्या ग्रामीण एवं मलिन बस्तियों में रहने वाली एवं निम्न व मध्यम वर्ग की महिलाओं के जीवन में परिवर्तन हुआ है? मध्यम वर्ग की महिलाओं के चेहरों पर असमानता, शोषण, दमन, अत्याचार की ज्वाला साफ नजर आती है। महिला चाहे ग्रामीण अंचल की हों या शहरी, कहीं न कहीं शोषण से पीड़ित हैं। इसका मूल कारण पुरुष प्रधान समान है। भारत में पुरुष प्रधान समाज होने के कारण महिला वर्ग माँ के गर्भ से मृत्यु की गोद तक शोषण, दमन, अत्याचार एवं उत्पीड़न का शिकार है। इस पुरुष प्रधान समाज होने के कारण पुरुष शासक एवं महिला शोषित बनकर रह गयी हैं।*

* शोधार्थी, शिक्षक शिक्षा संकाय डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.)
** प्रोफेसर शिक्षक शिक्षा विभाग, का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.)

आचार्य रजनीश 'ओशो' ने अपने शिक्षा दर्शन के माध्यम से विश्व मानव समाज को निर्देशित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए नारी शिक्षा की नितान्त आवश्यकता है। जब तक औपचारिक रूप से नारी शिक्षित नहीं होगी, तब तक सवसमाज के उत्थान का सपना साकार नहीं किया जा सकता। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नारी शिक्षा विषयक समुचित प्राविधान करते हुए उसे समाज के सभी सम्मानित महत्त्वपूर्ण पदों पर रहकर सेवा का अवसर दिया जाना चाहिए। यद्यपि वर्तमान में नारी सशक्तीकरण बहुआयामी धारणा है। इसका सम्बन्ध लोगों की सामाजिक उपलब्धियों, आर्थिक और राजनीतिक सहभागिता से जुड़ा होता है। इसके साथ ही, सशक्तीकरण एक सतत् प्रक्रिया भी है और इसकी कोई अन्तिम सीमा नहीं है। कोई भी व्यक्ति अपने आप में पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो सकता। जटिल और गतिशील प्रकृति के कारण किसी भी वैकासिक अध्ययन में सशक्तीकरण को परिभाषित करना और उसको मापना एक चुनौती है। महिलाओं के मामले में तो यह और भी चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि महिलाओं के साथ दीर्घकाल से भेदभाव होता रहा है, जिसकापरिणाम यह हुआ है कि समाज में लैंगिक असमानता अर्थात् स्त्री-पुरुषों के बीच असमानता बढ़ती गई है।

महिला सशक्तीकरण की परिभाषाएँ संसाधनों पर नियन्त्रण अथवा शक्ति हासिल करने और महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करने वाले निर्णय लेने की क्षमताओं पर बल देती हैं। महिला सशक्तीकरण की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है। विभिन्न अध्ययनों में लक्ष्यों और क्षेत्र आधार पर महिला सशक्तीकरण को परिभाषित किया गया है। परिणामस्वरूप, अर्थशास्त्र, जनसंख्या सर्वेक्षण और नारीवादी हस्तक्षेपों जैसे वैकासिक सर्वेक्षणों/अध्ययनों में महिला सशक्तीकरण को अलग-अलग तरीके से परिभाषित किया जाता रहा है। महिला सशक्तीकरण की व्याख्या करने के लिए आमतौर पर जो शब्दावली उपयोग की जाती है, उसमें शिक्षा, संसाधनों पर नियन्त्रण और उनकी सुलभता, आत्मनिर्भरता, सम्मान, अधिकारों के लिए संघर्ष, शक्ति, स्वतन्त्रता, स्वायत्तता, अपनी पसन्द अथवा निर्णय लेने की क्षमता के सन्दर्भ में महिला की शक्ति जैसे शब्द सम्मिलित किये जा सकते हैं। यह परिभाषित करना एक बड़ी चुनौती है कि सशक्तीकरण का स्वयं अपने सन्दर्भ में क्या अर्थ हो सकता है। इसका आंकलन करना भी एक चुनौती है कि महिलाएँ किस सीमा तक सशक्त हो चुकी हैं। कुछ अध्ययनों में सीधा-सीधा कारण-प्रभाव प्रतिदर्श सुझाया गया है, जबकि कुछ अन्य में प्रक्रिया आधारित दृष्टिकोण अपनाने की बात कही गयी है। सशक्तीकरण की व्यापक समझ के लिए गतिशील प्रक्रिया को कुछ महत्त्वपूर्ण भागों में बाँटा जा सकता है। प्रक्रिया को हिस्सों में विभाजित करना जैसे सहायक कारक प्रतिमान एजेंसी और निष्कर्ष आदि सशक्तीकरण के समर्थन हेतु नीतिगत हस्तक्षेप की पहचान और उसके प्रभाव के मूल्यांकन में उपयोगी हो सकता है। वैकासिक हस्तक्षेप में सफलता या असफलता का आंशिक कारण, महिला सशक्तीकरण हेतु उत्तरदायी कारको  प्रतिमानों को स्वीकार करने वाले नजरिये का भी हो सकता है। इसलिए सशक्तीकरण के निर्णायक प्रतिमान की पहचान करने में बहुत सावधानी की आवश्यकता है। यह सहज रूप में तभी सम्भव है, जब आधुनिक शिक्षा में आचार्य रजनीश 'ओशो' के नारी विषयक दार्शनिक अवधारणाओं का समुचित समावेश सम्भव हो सकेगा।

भारतीय नारियों के सम्बन्ध में समाज में प्रचलित अवधारणाओं के कारण भी इनकी स्थिति कमजोर हुई है। भूमि के स्वामित्व, उत्पादन के साधनों पर नियन्त्रण तथा निर्णय लेने की शक्ति पुरुषों के हाथों में होने के कारण महिलाएँ आर्थिक रूप से पुरुष को देवता, अन्नदाता एवं स्वामी मानती हैं। आर्थिक विषमता के परिणामस्वरूप स्त्री-पुरुष के मध्य अन्तर उत्पन्न हुआ और महिलाओं की स्थिति अधीनस्थ की हो गई। महिलाओं की इस स्थिति का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं मौलिक कारण है-पुत्र प्राप्ति की लालसा। पुत्र को परिवार का उत्तराधिकारी,

वंशबेल, सम्पत्ति का रखवाला एवं कुलदीपक माना जाता है। इसी मानसिकता के कारण स्त्रियाँ युगों–युगों से शोषित होती चली आ रही हैं। पुरुष महिला विरोधी मानसिकता, सामाजिक व्यवस्था, अर्थतन्त्र, धार्मिक व्यवस्था, सांस्कृतिक तन्त्र, प्रशासन एवं राजनीतिक व्यवस्था पर वर्चस्व स्थापित किये हुए हैं तथा महिलाएँ पुरुषों पर निर्भर हैं। पुत्र की लालसा ने पुत्रियों को सम्पत्ति, जमीन, जायदाद, शिक्षा, पोषण, चिकित्सा सुविधाओं इत्यादि से वंचित किया है। यही कारण है कि हमारे देश में कन्या भ्रूण हत्या का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

रजनीश के अनुसार यौन को अन्य चीजों की भाँति स्वाभाविक मानकर व्यवहार करना चाहिए। जीवन में अन्य पक्षों की भाँति इसकी सहज, सरल स्वीकृति होनी चाहिए क्योंकि यौन इस प्रकृति तथा प्राणिमात्र की स्वाभाविक एवं जैविक आवश्यता है, यह सृजन का मूलाधार है तथा जीवन का परम अनिवार्य तथ्य है। अतः विद्यार्थियों को इसकी समुचित रूप से शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। पाठ्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा, शारीरिक शिक्षा के साथ यौन शिक्षा को सम्मिलित किया जाना चाहिए। ''मेरा मानना है कि बच्चों को सेक्स के सम्बन्ध न बताने से जितना अहित हुआ है, भयंकर अहित हुआ है क्योंकि इससे हम सब बच्चों के मन को सेक्सुअल कर दे रहे हैं। यानी धीरे–धीरे उनकी सारी जिज्ञासा ही सेक्स से बँध जाने वाली है, क्योंकि उसे सम्बन्धित उत्तर नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि हम उसे गोपनीय रखते हैं। जिसका उत्तर हम देते हैं, उससे बालक मुक्त हो जाता है, जिसका उत्तर हम नहीं देते उसका प्रश्न उसमें अनवरत घूमता रहता है।

इन विभिन्न अमानवीय समस्याओं के समुचित समाधान के लिए वर्तमान परिवेश में आचार्य रजनीश 'ओशो' के शिक्षा दर्शन को पूरी तरह से व्यवहार में लाने की जरूरत है। वैयक्तिक स्वतन्त्रता एं जीवन जीने की मौलिक प्रणाली ही नारी जाति के सर्वांगीण विकास का उद्यम कर सकता है, जो कि आचार्य रजनीश 'ओशो' के नारी विषयक दृष्टिकोणों के अनुसरण से ही सम्भव है। ''सामान्य अवस्था में सौन्दर्य भी सामान्य होता है और असामान्य अवस्था में यह असामान्य होता है। जब जैसी स्थिति सामने आती है, तब वह ठीक उसी अवस्था को प्राप्त हो जाता है। उसकी स्थिति निष्क्रिय है। वह ब्रह्मत्व है। उसका सर्वत्र सार्वकालिकता का प्रभाव कभी कम नहीं होता। वह अतीत में भी वैसे ही था जैसे कि आज है। भविष्य में भी ठीक उसी प्रकार से रहेगा। उसमें कभी कोई क्षरण–मरण–परिवर्तन नहीं होता। वह सदैव समान अवस्था का पोषी रहा है। यदि उसमें किसी प्रकार से कोई फेर–बदल करना चाहे तो वह सम्भव नहीं है।

इस प्रकार से वर्तमान में आचार्य रजनीश 'ओशो' की नारी शिक्षा की प्रासंगिकता को व्यापक रूप में देखाजा सकता है। जहाँ एक ओर औपचारिक शिक्षा में उनकी नारी शिक्षा विषयक दृष्टिकोण के दर्शन होते हैं वहीं दूसरी ओर अनौपचारिक शिक्षा के विकास में भी आचार्य रजनीश 'ओशो' के नारी विषयक दृष्टि की सर्वसार्थकता दृश्यमान होती है। अतीत काल से ही नारी जीवन का सर्वांगीण शोषण पुरुष समाज द्वारा किया जाता रहा है। कालक्रमानुसार विविध आन्दोलनों के माध्यम से लोगों ने उन्हें जागरूक कर सशक्त करने की कोशिशें भी की हैं, किन्तु आज तक उसे उसके जीवन का वह सम्मान प्राप्त नहीं हो सकता है, जिसके लिए उसने निरन्तर सपने देखे हैं। वर्तमान में देश की विविध समस्याओं के उचित समाधान के लिए नारी शिक्षा को पूर्णतया औचित्यपूर्ण और प्रासंगिक बनाना होगा।

**सन्दर्भ-ग्रन्थ**

1. ओशो : शिक्षा में क्रान्ति–द रेवल पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि., पूना, 1989, पृ. 260, पैरा 4
2. ओशो : शिक्षा में क्रान्ति–द रेवल पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि., पूना, 1989, पृ. 268, पैरा 2
3. ओशो रजनीश–रोम-रोम रस पीजिए, प्रवचन से संकलित, प्रकाशित ओशो टाइम्स अंक–1 फरवरी, 2001, पृ०. 62

4. वर्मा डॉ. मनीराम–सौन्दर्य ही शिव, शिव ही सत्य और सत्य ही ब्रह्म है, मीमांसा प्रकाशन, अम्बेडकर नगर, प्रथम संकरण 2014, पृ. 47
5. सिंह अरुण कुमार–मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली, 2009, पृ. 39
6. वर्मा मनीराम–मुमुक्षु, मुमुक्षु चैरिटेबल ट्रस्ट, अम्बेडकर नगर, पृ. 18
7. वर्मा मनीराम–शोध-साहित्य निकष, मीमांसा प्रकाशन, अम्बेडकर नगर, पृ. 49
8. भारतीय आधुनिक शिक्षा (शैक्षिक संवाद पत्रिका), एनसीईआरटी, नई दिल्ली, पृ. 28
9. वर्मा मनीराम–मीमांसा, मीमांसा प्रकाशन, अम्बेडकर नगर, पृ. 17
10. शिक्षा विमर्श (शैक्षिक चिन्तन एवं संवाद की पत्रिका), जयपुर, पृ. 35
11. योजना, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली, जनवरी 2002, पृ. 27
12. कुरुक्षेत्र, ग्रामीण विकास मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, मई 2010, पृ. 18

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 10th Sept. 2023

Paper Accepted : 14th Sept. 2023

# सामाजिक सन्दर्भ में हरिराम मीणा का लेखन

पूजा चौधरी*
डॉ. अमित शुक्ला**

## शोध-सारांश

*"एक सर्वे में भारत दुनियाँ का सबसे खतरनाक देश घोषित हुआ है स्त्रियों के लिए इसमें सांस्कृतिक परंपराओं से उन पर पड़ने वाले प्रभाव, मजदूरी, ट्रैफिकिंग, बलात्कार, एसिड हमले, यौन उत्पीड़न इत्यादि शामिल है"[1]। हैरानी की बात यह है कि युद्ध की मार झेल रहे अफगानिस्तान, सीरिया, सोमालिया, पाकिस्तान और सउदी अरब का नाम भी भारत के बाद हैं एकमात्र पश्चिम देश अमेरिका 10 में नंबर पर है। अपनी महान् संस्कृत और धार्मिक मूल्यों पर गर्व करने वाले देश स्त्रियों के लिए सबसे खतरनाक है हमारे देश के नेता यह कहकर जरूर छुट्टी पा सकते है कि देश की हर लड़की को सुरक्षा नहीं दी जा सकती, कानून ये कहकर फायरिंग हो सकता है कि अपराध को रोकने के लिए संसाधन चाहिए उनकी कमी हैं, न्यायालय के पास तो पेंडिग केसों का जकीरा पड़ा है। उक्त बिन्दुओं को शोध पत्र में समाहित करने का अभिनव प्रयास है।*

***मुख्य शब्द*—*समाजिक, संदर्भ, हरिराम, मीणा, लेखन, अपराध, धार्मिक, मूल्य, न्यायालय, संसाधन ।*

## प्रस्तावना

भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा वर्ण व्यवस्था से उत्पन्न जाति प्रणाली पर आधारित है। इनका मौलिक स्वरूप हमें वैदिक सम्यता व संस्कृति में मिलता है जो कालान्तर में ब्राह्यणवादी व्यवस्था में रूपांतरित हो जाती है। इस समग्र व्यवस्था की उप प्रणालियां यथा सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक आदि का संचालन एवं नियंत्रण में हिन्दू धर्म का वर्चस्व रहा है। इस सामाजिक ढाँचे में धर्म, राज एवं अर्थ की सत्ताओं पर अपना अधिकार किये बैठे क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य जैसे तीनों उच्च वर्णो की दशा में विषय में—जनता भली—भाँति जानती है। जिस वर्ण को प्राचीन शूद्र अथवा आज का दलित बनाकर दोयम दर्जा पर रखने का घोर सड़यंत्र रचा गया। वह

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** प्राध्यापक (हिन्दी), शास. ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

वर्ग वर्ण व्यवस्था का हिस्सा होते हुए भी अस्पृश्य होने का दर्द झेलता रहा सामाजिक महादेशों ने समय–समय पर अपना प्रतिरोध भी किया और प्रतिरोध की उस परंपरा को महात्मो, बुद्ध से लेकर नाथ–सिद्धों, संत–सूफियों, सावित्री बाई, ज्योतिबा फूले, रामास्वामी नायकर से लेकर बाबा साहब अम्बेडकर तक ने आगे बढ़ाया लेकिन वर्चस्ववादी उस परंपराओं की जड़े इतनी मजबूत रही है कि दलित वर्ग आज भी काफी हद तक उस सड़यंत्र का शिकार बना हुआ है। वह वर्ग इस आधुनिक हाइटैक जमाने में भी अपनी अस्मिता के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत राष्ट्र के भीतर एक और ''मैला ढ़ोता'' भारत हमारे लिए शर्म का कारण बना हुआ है उस दलित वर्ग की स्त्री ने शताब्दियों से कितना उत्पीड़न झेला उसकी केवल कल्पना की जा सकती हैं।

सभ्यता और संस्कृति की उस तथाकथित महान् परंपरा को नारी के विशेष संदर्भ में गौरवान्वित करते हुए कहा जाता रहा है कि **'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवा'**। इस श्लोक का अर्थ है कि जहाँ–जहाँ और जब–जब नारी को सोलह श्रृंगारिता किया जाकर सजाया सवाँरा जाता रहा है वहाँ–वहाँ देवताओं ने रमण किया है चाहे वह स्त्री ब्राह्मण हो या क्षत्रिय अथवा वैश्य। दलित की बैयर तो सबकी लुगाई के रूप में उपयोग की सार्वजनिक वस्तु बनाकर रखी ही जाती रही है। सारा गड़बड़ तब होता है। जब प्रकृति तत्वों को देवता बना दिया जाता है।

भारतीय हिन्दू धर्म को मान्यताओं के अनुसार काल यात्रा को चार युगों में विभक्त किया गया है सतयुग, त्रेता, द्वापर ओर कलियुग। कलियुगी कमेंद्री को तो साक्षात देख ही रहे है। इन्द्रपुरी की अप्सराओं का सतीत्व प्रथम तीनों युगों में मिलता है। सतयुग में ययाति पुत्री माधवी का चरित्र हमें बताता है कि उस बेचारी कुंवारी कन्या का दैहिक शोषण तीन–तीन सम्राटों के साथ–साथ महान् ऋषि विश्वामित्र द्वारा तक किया जाता है। स्वयं इन्द्र ऋषि पत्नी अहल्या को नहीं छोड़ता इस यौन उत्पीड़न के बाद भी तत्कालीन व्यवस्था माधवी को वनगमन के लिए विवश कर देती है और अहल्या को श्राप दे दिया जाता है पत्थर प्रतिमा बन जाने का। वे दाग है तत्कालीन नरेश, ऋषि और सुरधिपति इन्द्र त्रेता युग की सबसे बड़े त्रासदी है सीता। कैसे–कैसे अनर्गल आरोप, कितने वनवास और कितनी अग्नि परीक्षाएं फिर भी पौरूशेय समाज और देशोत्तम को चैन नहीं आया। वह भली–भाँति जीवन को किसी तरह से जीना चाहती है। ऋषिमुनियों के आश्रम की भीड़ में उसके लिए एकमात्र स्थान रहा शूद्रवर्णी बाल्मीक का आश्रम। अपनी ममता को न्यौछावर कर अपने दोनों बालकों को उनके पिता के पास लौटाकर वह स्त्री उसी बाल्मीक के आश्रम में जीवन व्यतीत करना चाहती थी। लेकिन दुर्भाग्य उसे विवश कर दी जाती है। आत्मघात के लिए। सब कुछ हो जाने के पश्चात भी उस आत्मघात के यथार्थ को स्वीकार नहीं किया जाकर बड़ी बेशर्मी से कहा जाता रहा है कि वह अपनी पृथ्वी माँ के गोद में समा गई। द्वापर में प्रविश्ट होते ही हमारा वास्ता पड़ता है भगवान श्री कृश्ण के प्रेम में पागल हुई राधा से जिसे हजारों–हजारों रानियों के बीच में भी कोई स्थान नहीं दिया जाता है। आप पूजते रहिऐ श्रीकृश्ण के इस वरदान को कि 'कलयुग में मेरे नाम से पहले तुम्हारा (राधा का नाम लिया जाता रहेगा')। इस तरह के वरदान भ्रांतियाँ होते है जीवन के यथार्थ नहीं। दूसरा त्रासद है द्रोपती का पाँच–पाँच पतियों के साथ संभालने की क्षमता रखने वाली उस महान् नारी की लज्जा की रक्षा कर सकने में असफल ही नहीं प्रत्युत मूकदर्शन बने रहते है शूरवीर कहलाने वाले उसके पाँचों पतिदेव और कुरू कुल के महान् भीम पितामह भरे दरबार में गर्दन नींची किये अपने कर्तव्य की इति श्री मान लेते है। कलियुग में स्त्री की दशा के दृश्य देखते है तो गणिकाओं, देशवासियों, वैश्याओं

मठ–गढ़ व हवेलियों से लेकर बनारस व वृंदावन जैंसे धार्मिक शहरों में बौधव्य काटती स्त्रियों, खांप पंचायतों के फैसलों, शिक्षित व समृद्ध प्रांतों के लिंगानुपात के आंकड़े पर नजर डालने पर सारा माजरा समझ में आ जायेगा कि समाज के किस वर्गो के देश इस दयनीय दशा के लिए जिम्मेदार है। यह माना जाता है कि भारतीय समाज से उस वर्ग से है जो संयोग से रस बड़े समाज का हिस्सा नहीं रहा। वह वर्ग है भारत का आदिवासी समाज उस समाज में स्त्री की दशा का जब विश्लेशण लिया जाता है तो हमें एक प्रकार के संतोष की अनुभूति होने लगती है।

आदिवासी समुदाय में जो सामाजिक विकासक्रम में आदिम अवस्था के अधिक निकट है, उनमें अभी भी मातृसतात्मक परिवार पाये जाते है जो समूह मातृवंशय है वे प्रायः मातृस्थानीय भी है, जहाँ पति परिवार का स्थायी या अस्थायी सदस्य होता है। पूर्वोत्तर के गारों समूह में तो वह आंगतुक मात्र है, जो रात भर का मेहमान होता है। जिन मातृवंशय समूहों में मुखिया देश है, फिर भी नारी के अधिकारों तथा प्रतिष्ठा की दृष्टि से पितष्वंशय और पितष्स्थानीय कवीलों की अपेक्षा इनकी स्थिति प्रायः अच्छी है। कई पितृवंशय समूहों में भी नर और नारी का दर्जा लगभग समान है। बहुत सारे आदमी समूहों में विवाह विच्छेद और पुनर्विवाह का नियम है और इस संबंध में स्त्री और देश को प्रायः समान अधिकार है। मातष्स्थानीय समूह में परिवार अधिक स्थायी दिखायी पड़ता है। यह रक्त संबंधियों का नैसर्गिक समूह मालूम पड़ता है। पूर्वोन्तर के अनेक आदिवासी समूहों के विवाहोपरान्त युवक को पाँच वर्ष की अवधि तक ससुराल में रहकर यह सिद्ध करना पड़ता है कि वह गृहस्थी चलाने में सक्षम है। इस अनौपचारिक परीक्षा में सफल हो जाने के बाद ही पत्नी को वह अपने घर ले जा सकता है। इन समाजों में पत्नी कोई कान पकड़ी बकरी नहीं होती जिसे जब चाहे तब कहीं भी ले जाया जा सके और कैसा भी व्यवहार उसके साथ किया जा सके। आदिवासी समाज में लड़की को अपना पति चुन सकने की उतनी ही स्वतंत्रता होती है जितनी कि लड़के को। सामूहिक जीवन एवं यौन शिक्षा के लिए घोटुल जैसी प्रथांए मध्य भारत के आदिवासियों में प्रचलित हैं जहाँ युवक–युवती सामूहिक स्तर पर समान रूप से कुछ समय के लिए साथ–साथ जीवन गुजारते है। किसी कारण वश होने वाले पुनर्विवाह की दशा में भी स्त्री व देश की इच्छा समान रखती है जब हम दहेज जैसी कुप्रथा की बात करते है तो इस प्रथा का संबंध केवल सवर्ण समाज से जुड़ता है।

परम्परा के स्तर पर आदिवासी समाज में यह प्रथा नहीं रही। यहाँ तो वर पक्ष के द्वारा वधू पक्ष को कुछ न कुछ देना होता हैं। वर एवं वधू के मध्य यहाँ विवाह पद्धति है, कोई कन्यादान वगैरह नहीं होता। लेकिन कन्यादान कहा जाये तो साथ में वरदान भी होता है। लड़की वालों के माथे पर लड़के पक्ष वालों का कोई बोझ नही होता है।

हरिराम मीणा ने लिखा है कि मेरे एक मित्र ने राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिता डूँगरपुर में शादी का एक दृश्य देखा। वर पक्ष के बारातियों को कुल संख्या थी चौदह। लड़की वालों ने बाराती बुलाये थे ग्यारह, जिनके भोजन की व्यवस्था भी वधूपक्ष की बस्ती के लोंगों द्वारा सामूहिक रूप से की जानी थी। आदिवासी समुदायों में प्रायः ऐसी परंपरा पाई जाती है। बाराती एक कनस्तर में रसद सामग्री लिए जा रहे थे में उस मित्र ने पूँछा, भाई आप लोग बारात में जा रहे हो फिर यह सामग्री क्यों? बारात में शामिल वरिश्ठ सदस्य ने जबाव दिया कि लड़की वालों ने निमंत्रण ग्यारह लोंगों को दिया लेकिन हम बाराती ग्यारह की संख्या को पार कर चौदह लोग है। निर्धारित संख्या से तीन लोग अधिक हो गए हैं इन बढ़े हुए तीन साथियों के लिए सामग्री साथ लिए जा रहे है जिसे वह सौंप देंगे।[2] क्या हम कल्पना कर सकते

है कि शूद्र, सवर्ण अथवा तथाकथित विकसित लोंगों के बीच ऐसा संभव है।

आदिवासी समाज में जब स्त्री के दर्जा की चर्चा चलती है तो स्वाभाविक है कि स्त्री के पति की बात की जाये। आदिवासी समाज में दामाद लड़की के पक्ष का एक सामान्य सदस्य के दौर पर माना जाता है न कि जवांई जी अथवा कोई राजकुमार। उसे सिद्ध करने के लिए एक किस्सा दे रहा हूं। एक आदिवासी चार दामाद थे। एक दामाद से वह आदिवासी किसी बात को लेकर नाराज हो गया। उसकी पाँचवी बेटी की शादी में वो सब दामाद आये हुए थे ससुर ने नाराजगी के चलते उस दामाद को कोई काम नहीं दिया वह दामाद रूआसा होकर घर के आँगन में गुमसुम बैठा था। किसी ने पूछलिया कि भाई क्या बात हैं जो यहाँ मौजूद है सब लोग उल्लास के साथ विवाह के इस अवसर पर काम में जुटे हुए है और आप हो कि चुपचाप बैठे हो? दामाद ने दुखी होकर उत्तर दिया कि ससुर जी मुझसे नाराज है मुझे कोई काम नहीं करने दें रहे है। उधर गैर आदिवासी समाज में दामाद काम करने की बजाय सज धजकर सोंफे कुर्सिया तोड़ता देगा। उधर देखियेगा किसी भी परिवार में होने वाले खुशी अवसर पर वहां आने वाली कोई भी औरत ऐसी नहीं होती जो काम में हाथ नहीं बटाती हो।

आदिवासी समाज के पूर्वोत्तर भारत का भ्रमण कीजिये जहां कोई फर्क नहीं मर्दो एवं औरतों के बीच में एक किस्सा वहाँ का भी है कि दोपहर बाद एक अविवाहित लड़की अपने घर के बाहर उदास बैठी हुई थी। उसके पिता ने पूँछा मेरी प्यारी बेटी तुम इस तरह अकेली और उदास क्यों बैठी हो। यह समय तो तुम्हारे घूमने का है। क्या कोई बायफ्रेंड नहीं है अथवा वह किसी बात पर रूष्ट हो गया।

लड़की के पिता चाहता है कि उसकी पुत्री किसी युवक से प्रेम करे और प्रसन्न रहे। पुत्री के प्रति पिता के ऐसे व्यवहार की हम अन्यत्र किसी गैर आदिवासी अंचल में कल्पना भी नहीं कर सकते है। इसके उलट यदि आप चले गये हरियाणा अथवा पूर्वी उत्तरप्रदेश जैंसे समृद्ध इलाकों की तरफ तो वहाँ मोहब्बत की सजा कत्ल के रूप में मिलेगी।

आदिवासी समाज में स्त्री एवं देशों के बीच के संबंधों की पड़ताल करते वक्त उनके कार्य तत्व को समझना होगा। आदिवासी समुदायों में स्त्री व देश दोनों समान रूप से श्रम करते है स्त्री घर व बाहर के कामों में बराबर से भागादारी करती है। आदिवासी अंचलों के हाट–बाजारों में हम स्त्रियों की भूमिका अधिक दिखाई देती है। मणिपुर में बाजार की एक अनूठी परंपरा है। इस परंपरा का उद्ववव मणिपुरी राज प्रणाली से जुड़ा रहा है। प्राचीन काल में जब देशों को युद्ध के लिए जाना पड़ता था तब घर–बार व खेत–खलिहान के सारे कामों की जिम्मेदारी स्त्रियों के कंधों पर आ पड़ती थी। फसलें, सब्जियाँ, हथकरघे से निर्मित वस्तुओं को बेचने के लिए स्त्रियों द्वारा बाजार का संचालन किया जाता था। इस प्रथा को नुपी कैघेल के नाम से जाना जाता है। नुपी कैघेल अर्थात स्त्री कैबोल यानी कि बाजार मणिपुरी समाज में दूसरी प्रथा है मरूप।

यह एक सहकारी प्रणाली है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक सदस्य को निश्चित रकम जमा करनी होती है। उस सामूहिक राशि में से स्त्रियों अपनी आवश्यकतानुसार धनराशि मिल जाती है जिससे वे वस्तुओं का क्रय करने में सक्षम हो जाती है जिन्हें प्रायः अपने बलबूते पर नहीं खरीद सकती। यह कहा जाता है कि मणिपुरी स्त्रियाँ आर्थिक दृष्टि से किसी भी तरह से देशों पर निर्भर नहीं रहती यह आत्मनिर्भरता उन्हें समाज में सम्मानपूर्ण स्थान दिलाता रहा है। मणिपुर में स्त्रियाँ अन्यत्र की तुलना में स्वावलम्बी है। भारत के अधिकांश पूर्ण आदिवासी समुदायों में इस तरह के अनेक

उपक्रम मिलते हैं जो स्त्रियों को देशों के बराबर आर्थिक स्तर पर सक्षम बनाते है। यह एक बड़ा कारण है जो समाज में स्त्रियों को देशों के समाज दर्जा दिलाने में सफल रहा है। परिवार एवं कलीबाई पंचायत के स्तर पर लिए जाने वाले फैसलों में स्त्रियों के स्तर का सम्मान किया जाता है। आदिवासी देश अगर स्त्री पर हाथ उठाने का दुस्साहस करता है तो स्त्री भी मुंह तोड़ जबाव देने की हिम्मत रखती है। देश के पक्ष में जो बदलाव हमें दिखाई देते है वे सब तथाकथित मुख्य धारा समाज के प्रभाव के कारण है, अन्यथा आदिवासी परंपरा में ऐसा नहीं होता रहा है।

भारत देश में देश वर्चस्ववादी गैर–आदिवासी समाज के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती है लिंगानुपात के गड़बड़ा जाने की है भारत के जो प्रदेश भौतिक समषद्धि एवं शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान रखते है उनमें प्रति 1000 देशों के मध्य में स्त्रियों का अनुपात क्रमशः दिल्ली 866, पंजाब, 893, हरियाणा, 877 एवं चंड़ीगढ़ 818 है। चारों राज्यों का औसत 863.5 होता है। देश का कुल औसत 1000 मर्दो के बीच 940 स्त्रियाँ है। आदिवासी बाहुल्य प्रांतों में यह अनुपात क्रमशः छत्तीसगढ़ 991, झारखंड 964, उत्तराखंड़ 963 एवं पूर्वोत्तर के आठों राज्यों का 950 है। सामाजिक घटकों की दृष्टि से देखा जाये तो पता चलता हे कि दलितों में यह अनुपात 945 का है और सवर्णों में प्रति 1000 देशों के बीच मात्र 937 स्त्रियाँ अस्तित्व में है। इसमें भिन्न आदिवासी जनसंख्या में यह अनुपात 1000–990 का है। स्पष्ट है कि लिंगानुपात की दृष्टि में भारत के विकसित–विकसित इलाकों एवं तबकों की तुलना में आदिवासी समाज बहुत बेहतर दशा में है।

यहाँ स्वाभाविक रूप से संदेह व प्रश्न उठता है कि भौतिक उन्नति और शिक्षा जैसे विकास के प्रतिमानों का मनुष्य की समझदारी के साथ क्या सांमजस्य है। इसी क्रम में हम महिलाओं पर किये गयें अत्याचार का विश्लेशण कर सकते है। उदाहरण सन् 2016 से 2018 की अवधि में सर्वाधिक वृद्धि दिल्ली जैसें महानगरों में हुई है जहाँ देश के सबसे अधिक पढ़े लिखें विकसित लोग निवास करते है। सबसे कम अपराध उन राज्यों में दर्ज हुए जहाँ आदिवासी जनसंख्या की बहुलता है यथा, पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, झारखंड़ एवं अण्मान व निकोबार द्वीप समूह। सभ्यताएं ओर संस्कृतियाँ ढोल पीटने से महान् नहीं बना करती बल्कि उनमें महानता के गुण होने आवश्यक है।

संसार में कुल पंरपरा आदि देशों के नाम पर चलती है। ब्राह्मणों के सभी आठ प्रमुख वंश देश ऋषियों के नाम पर पहचाने जाते है यथा अत्रि, भारद्वाज, भषगु, गौतम, कश्यप, वशिष्ठ, विश्वामित्र और अगस्त्य क्षत्रियों के मुख्य वंशों में माहेश्वरी को भगवान महेश, खण्डेलवाल को ऋषि खांडल एवं अग्रवाल समुदाय को महाराजा अग्रसेन के नाम से जाना जाता है। यह देशवादी मानसिकता का घोतक है। इस बात को सिद्ध करने के लिए केवल यह तर्क पर्याप्त है कि ब्राह्मण वंशों के सभी ऋषि किसी न किसी स्त्री की संतान थे। दोनों महान् कहे जाने वाले सूर्य एवं चंद्र नामक क्षत्रिय कुलों की आद्यजननियाँ क्रमशः मेनका पुत्री और शकुंतला और उर्वशी थी। आदि स्त्रियों के संदर्भ में यही बात वैश्य वर्ण पर लागू हो सकती है। देशवादी दृष्टिकोण के चलते नारी पात्रों के नाम पर सवर्ण समाज का कोई वंश नहीं चलता।

आदिवासी समाज की परंपराएं सामान्यतः स्त्रीबोधक है। हम समाज में किन्हीं अमूर्त ईश्वरों अथवा मानवोवरि ऋशियों के लिए कोई स्थान नहीं है। यहाँ प्रकृति प्रमुख है पृथ्वी को आद्यजननी माना माना गया है। साथ ही आकाश को पिता, जल को भाई और हवा को बहन के रूप में माना जाता है। प्रकृति तत्वों के प्रति यह भावना संपूर्ण विश्व के आदिम समुदायों में देखी जा सकती है।

भारत में अण्डमान के आदिवासी भी ठेठ

आदिम दशा का जीवन जी रहे है वे नीले रंग की स्टार फिश को अपनी आदि माँ अर्थात आदिपरी के रूप में देखते है। जिसे भारत की मुख्यधारा का साहित्य कहा जाता है उसके प्रगतिशील आंदोलन से पहले स्त्री को प्रायः चंद्रमुखी नायिका अथवा अबला के रूप में चित्रित किया जाता रहा। उसके जीवन के विभिन्न पक्षों को अभिव्यक्ति नही दी गई। एक विशेश प्रकार का रोमांटिक नजरिया भी हमें देखने को मिलता है। सोलह श्रृंगार की अवधारणा प्रायः स्त्री के लिए ही क्यों है यह मानसिकता देशों पर लागू नहीं की जाती रही प्राचीन नाटकों से लेकर आधुनिक सिनेमा व टी.वी. सीरियलों पर में यही नजरिया झलकता दिखाई देता है। शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का अंतर देश द्वारा गढ़ी एक भ्रांति है।

महिला अत्याचारों के आंकड़ों पर आदिवासी समाज को तुलना में सवर्ण अथवा भद्र समाज के यहाँ ये अत्याचार अधिक है जैसे स्त्रियों से संबंधित हृदय विदारक व सनसनीखेज घटनाएं महानगरों में घटित होती रही है वैसे अपराध आदिवासी अंचलों में नहीं होते। हमें सुखद आश्चर्य होता है जब हम देखते है या सुनते है कि अंडमानी आदिम समूह के शब्दकोश में दुश्कर्म का अर्थ देने वाला कोई शब्द अस्तित्व में ही नहीं है।

स्त्रियां नहीं बालिकायें हुआ करती हैं उनके कंधों पर पंख होते हैं। उन्हें उड़ने दो, उनके चेहरे पर हँसी होती है। उन्हें चमकने दो स्त्रियाँ युवतियां हुआ करती है उनकी गति में नष्त्य और वाणी में गति हुआ करती है उन्हें नाचने और गाने दो स्त्रियाँ देश की हम सफर हुआ करती है। उन्हें साथी होने का सम्मान दो, स्त्रियां मानव प्रजाति के वंशो को जन्म देती हैं इसलिए वे माताएं हुआ करती है। उन्हें गरिमा के साथ जीने दो स्त्रियों को अप्सरा, गणिका, देवदासी, वेश्या, सती, कुलक्षणा, वैधत्य कलंकिनी वगैरह–वगैरह देशों ने बनाया।

## संदर्भ स्रोत


1. आदिवासी दर्शन और समाज, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 2020, पृष्ठ 180
2. आदिवासी समाज और दर्शन–हरिराम मीणा, प्रथम संस्करण 2020, पृष्ठ 183
3. मीणा रमेशचंद्र : 'आदिवासी दस्तक : विचार परंपरा और साहित्य', अलख प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण 2013
4. सं. मीणा, हरिराम, 'समकालीन आदिवासी' कविता, अलख प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण 2013
5. सं. मीणा केदार प्रसाद, 'आदिवासी कहानियाँ, अलख प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण 2013
6. लिंबाले डॉ. शरणकुमार, 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र', वाणी प्रकाशन, 21–ए, दरियागंज, नयी दिल्ली, 110002, द्वितीय संस्करण 2001

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 10th Sept. 2023

Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# "The Modernizing Electronic Library Mangement Information System

Dr. Rautmale Anand S*

**ABSTRACT**

*The e-Library Management information for the electronic modernise system into a much more effective management device. The management can be identified i.e. operational, planned,and strategic and each of these has its own unique electronic library management information requirements. Previous work on the use of management information in libraries and the development of organization information systems demonstrates that progress in these areas has been slow. Management information systems comprise three components: services for handling ad hoc investigations; facilities for standard report generation; and management information modules, or report generators that support the production of user defined information. A list of special reports covering acquisitions, cataloguing, circulation control, serials and inter library loans-servicesare provided at library managements. The functions of report generators are explored and the nature of enquiry facilities reviewed. Management information tools available in library management systems form a valuable aid in decision making. These should be further exploited and further developed.*

**Key words: -***e-Library managements, electronic modernise system, functions, traditional, future research, and global library information network.*

* *Librarian,* Central Sanskrit University, Guruvayoor Campus, Thrissur, (Kerala), rautmale.anand@gmail.com

**Introduction**

Libraries, & Institutional libraries maybe most of all, are suffering rapid change as they come to terms with, and seek out to exploit for their users, the networked library & information environments system. In less than to decades they have moved from the use of computers for what as housekeeping through mediated exploitation of commercial online/offline services to the present position where digitised information is an integral part of their stock-in-trade. As so far there are few clear models available on which the strategic vision of the electronic library can be made. The term electronic library management &their services' is itself controversial, and some prefer to call it and a virtual library or networked library. Others regards the whole debate as sterile, since from the whole concept of a library needs to be revisited in an environment of readily available, globally networked electronic information services. Such issues will continue to engender heated debate for many years to come.

Some of the issues are, however, becoming clearer. If we assume that the principal role of the institutional library is to enable its users to identify, locate, gain access to & use the information services they require. Then the library, whether traditional & electronic, may be identified & characterised by a series of five functions.

**Functions of the Library management & electronic services.**

**Resource Discovery**–This is a resource location & resource discovery process. It may be seen as a two-state process of resource identification and location identification i.e., the user may identify a resource and then identify a location, which holds it. The second location process may be left to the library to perform (as when a user completes an inter library loan from but does not specify a holding location)

**Resource Delivery**–This is resource provision or resource delivery process. In some cases, resources Delevery may be a three-stage process, whereby the use; having discovered an item, first request it, the library management electronic services and then acquires it, and the library then Deleveryit to the users. This is the classic traditional library process expressed, for example , in a reservation or inter library loan service. In electronic context these processes are usually concentrated.

**Resource utilisation**–This is resource utilisation process, in a library management electronic context the tools will include word processing , spreadsheet and database software together with filters and specialities display software such as adobe Acrobat.

**Infrastructure provision**–This is resource infrastructure provision process. One of the function s of the library management electronic services will be to provide network infrastructure , PCs, printing facilities and so on. It will also provide support the form of helpdesk and advisory services.

**Resource Management**–As part of the electronic library management services and

with functions, decisions will be taken on which resource discovery tools to provide, on how specific resources should be delivered and on which tools should be provided to enable users to exploit the library information. In addition, electronic library management service will be providing procedures to handle the economics and legal aspects of information provision. Together, these may be described as library resource management service.

**Traditional Library**

Although these functions can be found in the traditional library. In the electronic library management & environment they introduce new level of complexity , not leave because so many of the information resource are not owned by the library in any real sense: issues such as cataloguing of the networked resources are therefore far more complex than their traditional library equivalents.

None of the functions described above assumes that the library acts as an intermediary increasingly it must be expected that academic information resources will be discovered by and delivered to the end user. It follows that, once networking becomes pervasive, the concept of the library as place becomes essentially meaningless, expect in so far as the library operates as a hybrid of library electronic monument and traditional services, and one of the tools provides is a PC-Laptop and place to sit. In the academic environment there are likely to be preserves to delivers more and more courses of the study off-campuses : the electronic library is ideally place to support this once the conceptual focus is shifted away from the geographic locations.

However, once of the effect of changed approaches to learning of the globalisation of research, and of the networked information environment is that intra-institutional boundaries become blurred. It is already difficult to define the boundaries between the university library and the 'computing services' , and many institutions have converged their academic support services in recognition of this. It may be that an equal loosening of boundaries between academic departments and support services will be experienced in the future, especially as sophisticated multimedia packages and communication and conferencing software become common place in teaching.

**Library Data Source's**

The sources of the data for management information & performance measurements will be various. We suggest that it is useful to consider three categories of the data in library management sources:

1. Data generated locally , as for example by monitoring use of the locally mounted CD-ROM.
2. Data generated by local use of a remote data source, as for example in the use of a dataset mounted elsewhere and accessed across a network.
3. Data generated by other users and their libraries, which is to be used for comparative purpose.

**Library performance & electronic management tools.**

The textbook , which has been created, provides guidelines on the implementation and analysis of a variety of measures & indicators useful in the evaluation of the library services. It considers the theoretical development of performance measurement techniques and decision support in library management. Following widespread consultation with librarians and expert in the subjects , it also reflects the experience and practices of a variety of libraries in the data collections and analyses they undertakes.

No specific library management models have been developed for the toolbox because. The most fort contends in their final report, to a large extent, this is precluded by the differences in size of objectives of the individuals' libraries within each category. Local circumstances discrete a local management style. The authors also maintain that their performance measurements techniques can be applied in any library, regardless of the management model. The study provides a list of performance measures and concomitant indicators based on measurable and quantifiable aspects of a library services. That is target population , provision cost and use. The study points that infighting to library performance can be gained by combining this measurable aspect to from ratios for example, cost: provision, use: provision, cost: use, cost: target population and so on. In addition, timelines, needs fillsand users' satisfaction is includes as measurable aspects of library service, but as indicators.

**User Satisfaction**

Although the overall issues of user's satisfaction are the same in traditional or electronic management library services, there will be significant difference in the detailed library data collection and indeed in the in the questions which need to be asked. It is noted in that the assessment of user satisfaction needs to includes both formative and summative aspects and again this is true of library electronic management services.The following use of five user satisfaction performance indicators, but does not define them further.

1. Overall user satisfaction
2. Document delivery system
3. Information services
4. Library study facilities
5. Library information skill programme.

**The impact of Electronic library Management system**

The consensus among expert consulted during this study was that there needs to be a new focus on the impact of electronic library management service on their users. We know remarkable little about this subject. The institutional staff and students with other users make extensive use of electronic information resources, but we do not know which services are of the greatest values, nor how one service which gives it values. For these reasons we recommended that a strand of work on the impact of the electronic library should be encouraged.

**Electronic Documents**

The difficulties in defining what we mean by an “library electronic documents” encapsulate the problem of achieving a satisfactory definition of the numbers delivered. The library electronic management documents will include.

(i) Web pages
(ii) Journals papers published in electronic form
(iii) Scanned texts of many kinds, derived from paper documents
(iv) Electronic books
(v) CDs – ROMs
(vi) Short electronic texts
(vii) Digitised maps
(viii) Digital videos
(ix) Digitised images
(x) Numeric data streams

**Future Research electronic managements system**

In the future itsstrength be a chance there should may be online lecture video added by educators as well as task and assignment activity, structures of assemblyconversation where scholars can discuss all the issues, all E-Library facilities would be free and allow to download all the e-books in the form of pdf/ as well as reading e-library materials.

**Conclusion**

The e-library services in organizations, universities Colleges & school. E-Library Management system is a great success through which we can easily read books without carrying multiple books CSs, DVDs etc. It makes all the processes online, users can search for books, and transfer books, and librarians can upload records, delete books, and bring about user particulars are :

(i) To allow catalogue to new user to all.
(ii) To allow being able to books and user details by self.
(iii) Allow customers to take books in the form of pdf/e-materials from internet.

The development of robust of the electronic library management information and performance measurement system for electronic libraries is likely to require concerted efforts over a considerable period. This article details provides a framework on which further developments can be built and identifies a series of issues, which need to be addressed.

The need for a clearer definition and understanding of what to mean by the term “electronic management library” was set up, our understanding has developed in several direction. i.e., convergences have continued apace& it now an accepted feature of a significance proportion of institutions. Leading to questioning of what the term library the hybrid library concept has emerged, reinforcing the need to consider electronic library services alongside, traditional services, the term clumping has entered the vocabulary, with its emphasis on library users’ access to multi-agency services, the concepts of resources discovery and resources delivery in the context of a global library information network have become

widespread and so on. What then is the electronic library management system and their activities we are seeking to measure.

**References**


1. Akkamahadevi, P.H. Decision system: A tools for information managers, ISRO workshop on information, 1999, January 6-8.
2. Laudon C., Management Information Systems practices Hall of Indiapct.ltd., 1998, New Delhi p.1-15.
3. Murthy, CSV Management information system, Himalayas Publishing 2007.
4. रोड्रिगेज, एच.एफ. (1996)। दूरस्थ शिक्षा में पुस्तकालय की भूमिका। सूचना प्रबन्धन के लिए माइक्रो कम्प्यूटर, 13(1), 21-30.
5. https://www.sciencedirect.com/topics/computer-science/library-management-system\
6. Mageto, Thomas. "Design and development of E-Library system: COVID-19 pandemic challenges." Journal
7. of Computer Sciences and Applications 9, no. 1 (2021): 1-15.
8. Vasupongayya, Sanjushree, Kittisak Keawneam, Kittipong Spenglerian, and Patt Emmawat. "Open source
9. Library management system software: a review." International Journal of Computer and Systems.

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR SJIF - 6

Paper Received : 10th July 23

Paper Accepted : 20th July 23

# जौनपुर नगर की जनांकिकीय विशेषताएँ

प्रणव ओझा *

**शोध-सारांश**

*जनसंख्या एक आधारभूत संसाधन है तथा किसी क्षेत्र के समग्र विकास पर इसका प्रभाव स्थानीय स्तर के नियोजन में महत्वपूर्ण होता है। जनांकिकी के अन्तर्गत जनसंख्या से सम्बन्धित विभिन्न तथ्यों का अध्ययन किया जाता है। जनांकिकीय विशेषताओं के आधार पर ही संसाधनों का वर्तमान उपयोग, संरक्षण व समुचित नियोजन किया जाता है तथा जनसंख्या से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यक्रमों का निर्माण एवं क्रियान्वयन भी किया जाता है। नगरीय विकास की दिशा व स्वरूप मुख्यतः जनांकिकीय विशेषताओं तथा सामाजिक–आर्थिक कारकों के द्वारा निर्धारित होता है। नगर की सामाजिक–आर्थिक दशाएं जनसंख्या के वितरण, घनत्व प्रतिरूप, लिंगानुपात, साक्षरता तथा व्यावसायिक संरचना आदि जैसी विभिन्न जनांकिकीय विशेषताओं से अत्यधिक प्रभावित और नियंत्रित होती हैं। साथ ही जनांकिकीय विशेषताएं भी नगर की भौतिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व सेवाओं के स्तर आदि कारकों से प्रभावित होती हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में जौनपुर नगर की जनांकिकीय विशेषताओं के अध्ययन के क्रम में स्थानिक स्तर पर इनमें पायी जाने वाली असमानता का विश्लेषण किया गया है।*

***मुख्य शब्द*–**_जनांकिकी, जनसंख्या घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात।_

## प्रस्तावना

किसी नगर क्षेत्र का विकास वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के साथ–साथ मानवीय संसाधनों पर भी विशेष रूप से निर्भर होता है। मानव एक ऐसा आधारभूत संसाधन है, जो अपने बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम तथा तकनीक द्वारा नियोजन एवं संगठन के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करता है।[1] आर्थिक विकास तथा सामाजिक कल्याण दोनों के ही दृष्टिकोण से मानव के जनांकिकीय गुणों की नगरीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नगर की जनांकिकीय विशेषताएं नगर के भौतिक पर्यावरण के तत्वों तथा संसाधनों की पारस्परिक अन्तर्क्रिया का परिणाम होती हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा

* *असिस्टेन्ट प्रोफेसर,*, भूगोल विभाग, प्रताप बहादुर पी0जी0 कालेज, प्रतापगढ़ सिटी (उ0प्र0)।

नगर की औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रगति वहां पर निवास करने वाली जनसंख्या के वितरण घनत्व तथा निवासियों के स्वभाव व कार्यक्षमता आदि पर निर्भर करती है। नगर में क्रियान्वित की जाने वाली विकासगत योजनाएं उस क्षेत्र की जनसंख्या के कल्याण के लिए होती हैं। अतः नगर में विकास की प्रक्रिया तीव्र होने से जनसंख्या के जीवन स्तर में भी वृद्धि होती है। इस रूप में किसी नगर की जनसंख्या उसके सामाजिक–आर्थिक तथा राजनीतिक परिवेश की सूचक है।

किसी नगर की भौतिक, सामाजिक तथा आर्थिक विकास की संतुलित योजना के निर्माण हेतु उस नगर की जनसंख्या का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक होता है। जनांकिकी के अन्तर्गत जनसंख्या के वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात, आयु संरचना, साक्षरता, व्यावसायिक संरचना आदि गुणों को सम्मिलित किया जाता है। नगर के नियोजन के सन्दर्भ में भविष्य में जनसंख्या के आकार, विशेषताओं तथा आवश्यकताओं आदि के सही अनुमान के लिए वर्तमान जनसंख्या का अध्ययन मुख्य आधार होता है, जिसके द्वारा नगर क्षेत्र के भावी आकार तथा विभिन्न उपयोगों के लिए भूमि व अन्य सुविधाओं आदि से सम्बन्धित आवश्यकताओं का भी सही अनुमान लगाया जा सकता है।

**अध्ययन क्षेत्र**

जौनपुर नगर उत्तर प्रदेश के दक्षिण–पूर्व में स्थित जौनपुर जनपद का मुख्यालय है। जौनपुर नगर का भौगोलिक विस्तार $25^{0}$43'30" उत्तरी अक्षांश से $25^{0}$46'30"उत्तरी अक्षांश तथा $82^{0}$40' पूर्वी देशान्तर से $82^{0}$42'30" पूर्वी देशान्तर के मध्य है। यह नगर वाराणसी (मण्डल मुख्यालय) से 58 किमी0 उत्तर–पश्चिम तथा प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 225 किमी0 दक्षिण–पूर्व में स्थित है। गोमती नदी नगर को दो भागों में विभाजित करती है 2011 ई0 की जनगणना के अनुसार जौनपुर नगर का कुल क्षेत्रफल 25.30 वर्ग किमी. है, जो नगर पालिका प्रशासन के अन्तर्गत 31 वार्डों में विभाजित है (चित्र–1)।

वर्ष 2011 की जनगणना में नगर की कुल जनसंख्या 180362 है, जिसमें 93718 पुरुष (51.96 प्रतिशत) तथा 86644 महिलाएं (48.04 प्रतिशत) हैं। नगर का जनसंख्या घनत्व 71 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर है। नगर में स्त्री–पुरुष अनुपात 925 स्त्रियां प्रति हजार पुरुष है। नगर की औसत साक्षरता 81. 22 प्रतिशत है, जिसमें 86.10 प्रतिशत पुरुष तथा 75.96 प्रतिशत महिलाएं साक्षर हैं। नगर में 27.62 प्रतिशत जनसंख्या कार्यशील है।




चित्र–1

**अध्ययन उद्देश्य**

प्रस्तुत शोध पत्र में जौनपुर नगर की जनांकिकीय विशेषताओं का अध्ययन निम्न उद्देश्यों के दृष्टिगत किया गया है–

(1) जनसंख्या वितरण तथा उसमें पायी जाने वाली क्षेत्रीय विषमता का अध्ययन करना।

(2) स्त्री–पुरुष अनुपात के क्षेत्रीय वितरण तथा इसके प्रभाव का आकलन करना।

(3) नगर में साक्षरता प्रतिरूप और उसके प्रभाव का आकलन करना।

**आंकड़ा स्रोत व विधि तंत्र**

प्रस्तुत शोध अध्ययन मुख्यतः द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। जौनपुर जिला जनगणना हस्तपुस्तिका–2011 से संग्रहित आंकड़ों का श्रेणीकरण तथा सांख्यिकीय विधि द्वारा विश्लेषण किया गया है। आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण तालिका व मानचित्रों द्वारा किया गया है। अध्ययन में वर्णनात्मक व विश्लेषणात्मक दोनों विधियों का प्रयोग किया गया है। नगर की जनांकिकीय प्रतिरूप का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न शोध पत्रिकाओं, सन्दर्भ ग्रंथ, जनसंख्या सम्बन्धित पत्रिकाएं तथा रिपोर्ट आदि से प्राप्त सूचनाओं के साथ–साथ क्षेत्र सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त अनुभवों को भी सम्मिलित किया गया है।

तालिका– 1

**जौनपुर नगर की जनांकिकीय विशेषताएं–2011**

| क्रम सं0 | वार्ड | कुल जनसंख्या | जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति प्रति हेक्टेयर में) | लिंगानुपात (स्त्रियां प्रति 1000 पुरुष) | साक्षरता (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नक्खास | 4904 | 89 | 919 | 74.17 |
| 2 | मतापुर | 5744 | 72 | 922 | 85.18 |
| 3 | रामनगर | 4034 | 62 | 897 | 80.38 |
| 4 | मियाँपुर | 7770 | 52 | 896 | 81.54 |
| 5 | नईगंज | 5385 | 63 | 895 | 85.01 |
| 6 | वाजिदपुर दक्षिणी | 6814 | 37 | 896 | 88.84 |
| 7 | मछरहट्टा | 3661 | 183 | 960 | 89.72 |
| 8 | हुसैनाबाद | 6884 | 38 | 908 | 89.43 |
| 9 | रासमण्डल | 3248 | 54 | 939 | 86.23 |
| 10 | ईशापुर | 8420 | 99 | 916 | 79.48 |
| 11 | उमरपुर | 6656 | 37 | 880 | 84.91 |
| 12 | ढालगर टोला | 5524 | 368 | 933 | 88.08 |
| 13 | ओलंदगंज | 2957 | 211 | 918 | 75.07 |
| 14 | ख्वाजगी टोला | 5445 | 272 | 904 | 81.51 |
| 15 | प्यार अली | 6472 | 129 | 896 | 77.35 |
| 16 | उर्दू बाजार | 6467 | 323 | 917 | 72.23 |
| 17 | बेगमगंज | 2587 | 14 | 936 | 71.22 |
| 18 | हरखपुर | 5085 | 68 | 904 | 75.89 |
| 19 | मण्डी नसीब खाँ | 6070 | 304 | 920 | 79.82 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | अबीरगढ़ टोला | 6947 | 107 | 917 | 79.12 |
| 21 | भण्डारी | 6764 | 45 | 913 | 78.99 |
| 22 | ताड़तला | 4778 | 191 | 936 | 83.63 |
| 23 | पान दरीबा | 6889 | 35 | 935 | 83.83 |
| 24 | मीरमस्त | 6126 | 245 | 1011 | 81.12 |
| 25 | जहाँगीराबाद | 5223 | 105 | 912 | 81.59 |
| 26 | मुफ्ती मोहल्ला | 7696 | 128 | 947 | 74.87 |
| 27 | अहियापुर | 7042 | 83 | 910 | 84.22 |
| 28 | मखदूम शाह अढ़हन | 3621 | 241 | 1005 | 85.11 |
| 29 | कटघरा | 6182 | 39 | 990 | 76.75 |
| 30 | चाचकपुर | 7032 | 88 | 942 | 77.77 |
| 31 | रौजा अर्जन | 7935 | 106 | 947 | 82.13 |
| | **जौनपुर नगर** | **180362** | **71** | **925** | **81.22** |

**स्रोत– जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जौनपुर–2011**

**जनसंख्या वितरण एवं घनत्व–**

जनसंख्या वितरण का तात्पर्य भूतल पर मानवों की स्थानिक उपलब्धता से है। जौनपुर नगर में जनसंख्या वितरण प्रतिरूप के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि नगर के सम्पूर्ण क्षेत्र में जनसंख्या का वितरण असमान है, जो नगर की प्राकृतिक तथा सामाजिक–आर्थिक दशाओं से प्रभावित है। नगर में सर्वाधिक जनसंख्या ईशापुर वार्ड (8420) तथा न्यूनतम जनसंख्या बेगमगंज वार्ड (2587) में मिलती है।

किसी क्षेत्र में जनसंख्या वितरण की सही और स्पष्ट जानकारी जनसंख्या की कुल मात्रा से नहीं हो पाती है। अतः भूमि तथा जनसंख्या में सम्बन्ध के सार्थक ज्ञान हेतु सामान्यतः जनसंख्या वितरण को जनसंख्या घनत्व के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। जनसंख्या घनत्व प्रति इकाई क्षेत्रफल पर निवास करने वाली जनसंख्या का द्योतक है, जिससे भूमि पर जनसंख्या के दबाव का ज्ञान होता है।[2]

तालिका–1 से स्पष्ट है कि जौनपुर नगर का औसत जनसंख्या घनत्व 71 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व ढालगर टोला (368 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर) तथा न्यूनतम जनसंख्या घनत्व बेगमगंज वार्ड (14 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर) में है। सामान्यतः नगर में जनसंख्या घनत्व केन्द्र से दूरी बढ़ने के साथ–साथ घटता जाता है। जौनपुर नगर के विभिन्न वार्डों में जनसंख्या घनत्व के क्षेत्रीय प्रतिरूप में अत्यधिक असमानता पायी जाती है। नगर के सभी वार्डों में जनसंख्या घनत्व का अध्ययन तीन वर्गों में विभाजित कर किया गया है (तालिका–2 व चित्र–2) :–

**तालिका–2 जौनपुर नगर में जनसंख्या घनत्व का वितरण प्रतिरूप–2011**

| क्रम सं0 | संवर्ग | जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति प्रति हेक्टेयर) | कुल वार्ड | वार्ड संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च | > 200 | 07 | 12, 13, 14, 16, 19, 24, 28 |
| 2 | मध्यम | 100 – 200 | 07 | 7, 15, 20, 22, 25, 26, 31 |
| 3 | निम्न | < 100 | 17 | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 11, 17, 18, 21, 23, 27, 29, 30 |

स्रोत–शोधार्थी द्वारा परिगणित




चित्र–2

**उच्च संवर्ग (200 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर से अधिक)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के 7 वार्ड आते हैं, जिनमें ढालगर टोला (368), उर्दू बाजार (323), मण्डी नसीब खां (304), ख्वाजगी टोला (272), मीरमस्त (245), मखदूम शाह अढ़हन (241) तथा ओलंदगंज (211) वार्ड सम्मिलित हैं। ये सभी वार्ड नगर के केन्द्रीय भाग में स्थित सबसे प्राचीन बसे क्षेत्र हैं। जनसंख्या की तुलना में इन वार्डों का क्षेत्रफल बहुत कम होने के कारण इन क्षेत्रों में जनसंख्या का उच्चतम घनत्व मिलता है।

**मध्यम संवर्ग (100 से 200व्यक्ति प्रति हेक्टेयर)–**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के 7 वार्ड आते हैं, जिसमें ताड़तला (191), मछरहट्टा (183), प्यार अली (129), मुफ्ती मोहल्ला (128), अबीरगढ़ टोला (191), रौजा अर्जन (106) तथा जहांगीराबाद (105) वार्ड सम्मिलित हैं। नगर की मध्यवर्ती मेखला में स्थित ये वार्ड नगरीय विकास की संक्रमण अवस्था में हैं, जिससे यहां जनसंख्या अपेक्षाकृत कम मिलती है।

**निम्न संवर्ग (100 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर से कम)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के शेष सभी 17 वार्ड सम्मिलित हैं। इसके अन्तर्गत नगर में मध्यवर्ती तथा वाह्य मेखला के अधिकांश वार्ड आते हैं, जिनका क्षेत्रफल जनसंख्या के सापेक्ष अधिक होने के कारण यहां कम जनसंख्या घनत्व मिलता है।

## लिंगानुपात

किसी निश्चित जनसंख्या में स्त्रियों तथा पुरुषों के अनुपात को लिंगानुपात या यौनानुपात कहते हैं। विभिन्न देशों में इसका आंकलन अलग–अलग प्रकार से किया जाता है। भारत में लिंगानुपात को प्रति हजार पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। लिंगानुपात किसी क्षेत्र की वर्तमान सामाजिक–आर्थिक दशाओं का एक सूचक होता है, जिसका अन्य जनांकिकीय तत्वों जैसे–जनसंख्या वृद्धि, विवाह–दर तथा व्यावसायिक संरचना आदि पर गहरा प्रभाव पड़ता है।[3] किसी क्षेत्र में लिंगानुपात में परिवर्तन से विभिन्न आयु स्तरों पर पुरुषों व स्त्रियों की जन्म दर व मृत्यु दर में परिवर्तन तथा प्रवास के स्वरूप का ज्ञान होता है।

तालिका–1 से स्पष्ट है कि जौनपुर नगर में लिंगानुपात का औसत वितरण 925 स्त्रियां प्रति हजार पुरुष है, जिसमें सबसे अधिक लिंगानुपात मीरमस्त (1011) तथा न्यूनतम लिंगानुपात उमरपुर वार्ड (880) में है। जौनपुर नगर में लिंगानुपात के क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप का अध्ययन तीन वर्गों में विभाजित कर किया गया है।

तालिका–3

**जौनपुर नगर में लिंगानुपात का वितरण प्रतिरूप–2011**

| क्रम सं0 | संवर्ग | लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या) | कुल वार्ड | वार्ड संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च | > 940 | 07 | 7, 24, 26, 28, 29, 30, 31 |
| 2 | मध्यम | 900-940 | 18 | 1, 2, 8, 9, 10, 12, 13, 14, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25, 27 |
| 3 | निम्न | < 900 | 6 | 3, 4, 5, 6, 11, 15 |

स्रोत–शोधार्थी द्वारा परिगणित




चित्र–3

**उच्च संवर्ग (940 से अधिक)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के 7 वार्ड सम्मिलित हैं, जिनमें 940 स्त्रियां प्रति हजार पुरुष से अधिक का लिंगानुपात मिलता है। इनमें मीरमस्त (1011), मखदूम शाह अढ़हन (1005), कटघरा (990), मछरहट्टा (960), रौजा अर्जन (947) मुफ्ती मोहल्ला (947) तथा चाचकपुर (942) वार्ड आते हैं।

**मध्यम संवर्ग (900–940)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के कुल 18 वार्ड सम्मिलित हैं,जिनमें 900 से 940 के मध्य का लिंगानुपात पाया जाता है।

**निम्न संवर्ग (900 से कम)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत 900 से कम लिंगानुपात वाले नगर के 6 वार्ड आते हैं, जिनमें उमरपुर (880), नईगंज (895), प्यार अली (896) वाजिदपुर दक्षिणी (896), मियांपुर (896) तथा रामनगर वार्ड (897) वार्ड सम्मिलित हैं।

जौनपुर नगर में तुलनात्मक रूप से वार्ड स्तर पर लिंगानुपात में विषमता का मुख्य कारण नगर की कार्यात्मक विशेषताएं हैं। इसके अतिरिक्त निवासियों के सामाजिक–आर्थिक व शैक्षिक स्तर एवं तज्जनित लिंग चयनित (पुरुष) प्रवास ने भी इसके क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप को प्रभावित किया है। व्यक्तिगत सर्वेक्षण में पाया गया है कि सामान्यतः नगर के मुस्लिम समुदाय तथा अनुसूचित जातियों में लिंगानुपात अधिक मिलता है, जिसके कारण कुल जनसंख्या में प्रतिशत के आधार पर सम्बन्धित क्षेत्र का सम्पूर्ण लिंगानुपात प्रभावित होता है।

**साक्षरता**

सामान्य अर्थ में साक्षर व्यक्ति वह है, जो किसी भाषा में पढ़ना और लिखना जानता है। कुल

जनसंख्या में साक्षर व्यक्तियों के अनुपात (प्रतिशत) को साक्षरता दर की संज्ञा दी जाती है।[4] भारतीय जनगणना के अन्तर्गत साक्षरता की गणना में 7 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के साक्षर व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है। साक्षरता जनसंख्या का ऐसा सामाजिक पक्ष है, जो किसी देश या प्रदेश की उन्नति का सूचक है। एक गुणात्मक तथ्य के रूप में साक्षरता प्रत्येक स्तर पर परिवर्तनशील सामाजिक व आर्थिक प्रवृत्तियों का अप्रत्यक्ष संकेत करता है। भारत में साक्षरता की मुख्य विशेषता यह है कि यहां एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश, स्त्री–पुरुष, ग्रामीण–नगरीय और विभिन्न जाति पर आधारित उपवर्गों की साक्षरता दर में भारी भिन्नता है, जो भिन्न–भिन्न क्षेत्रों तथा लोगों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि की भिन्नता का प्रतिफल है।[5]

तालिका–1 से स्पष्ट है कि जौनपुर नगर की कुल साक्षरता 81.22 प्रतिशत है, जिसमें पुरुषों की साक्षरता 86.10 प्रतिशत तथा स्त्रियों की साक्षरता 75.96 प्रतिशत है। इस प्रकार स्पष्ट है कि नगर में स्त्री–पुरुष साक्षरता में 10.14 प्रतिशत का अंतर है, जिसका मुख्य कारण नगर के सामाजिक परिवेश में व्याप्त शैक्षणिक लैंगिक असमानता है। नगर में सर्वाधिक साक्षरता मछरहट्टा वार्ड (89.72 प्रतिशत) तथा न्यूनतम साक्षरता बेगमगंज वार्ड (71.22 प्रतिशत) में मिलती है। जौनपुर नगर में साक्षरता के क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप का अध्ययन तीन वर्गों में विभाजित कर किया गया है (तालिका–4 व चित्र–4) :–

तालिका–4

**जौनपुर नगर में साक्षरता का वितरण प्रतिरूप–2011**

| क्रम सं0 | संवर्ग | साक्षरता (प्रतिशत में) | कुल वार्ड | वार्ड संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च | > 85 | 08 | 2, 5, 6, 7, 8, 9, 12, 28 |
| 2 | मध्यम | 80 – 85 | 10 | 3, 4, 11, 14, 22, 23, 24 25, 27, 31 |
| 3 | निम्न | < 80 | 13 | 1, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 26, 29, 30 |

स्रोत–शोधार्थी द्वारा परिगणित




चित्र–4

### उच्च संवर्ग (85 प्रतिशत से अधिक)

इस संवर्ग के अन्तर्गत कुल 8 वार्डों को रखा गया है, जिनमें मछरहट्टा (89.72), हुसैनाबाद (89.43), वाजिदपुर दक्षिणी (88.84), ढालगर टोला (88.08), रासमण्डल (86.23), मतापुर (85.18), मखदूम शाह अढ़हन (85.11) तथा नईगंज (85.01) वार्ड सम्मिलित हैं। इन क्षेत्रों में नगर के अधिकांश शैक्षणिक संस्थान स्थित होने तथा उच्च सामाजिक–आर्थिक स्तर के कारण यहां के वार्डों में साक्षरता अधिक है।

### मध्यम संवर्ग (80 से 85 प्रतिशत)

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के 10 वार्ड सम्मिलित हैं, जिनमें से उमरपुर (84.91), अहियापुर

(84.22), पान दरीबा (83.83), ताड़तला (83.63), रौजा अर्जन (82.13), जहांगीराबाद (81.59), मियांपुर (81.54) तथा ख्वाजगी टोला (81.51) वार्डों की साक्षरता का स्तर जौनपुर नगर की औसत साक्षरता से अधिक पाया जाता है।

**निम्न संवर्ग (80 प्रतिशत से कम)**

इस संवर्ग के अन्तर्गत नगर के कुल 13 वार्ड सम्मिलित हैं। इन सभी वार्डों में नगर का निम्न सामाजिक–आर्थिक स्तर मिलता है, जो यहां के निम्न साक्षरता प्रतिरूप को निर्धारित करता है। यहां साक्षरता दर के कम होने का मुख्य कारण समाज में जन जागरूकता की कमी, स्त्री शिक्षा को अपेक्षाकृत कम महत्व देना तथा सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं का अभाव है।

**निष्कर्ष**

प्रस्तुत शोध पत्र के अन्तर्गत वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जौनपुर नगर की जनांकिकीय विशेषताओं के क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप का अध्ययन किया गया है। नगर की कुल जनसंख्या 180362 है। नगर की सर्वाधिक जनसंख्या ईशापुर वार्ड (8420) तथा सबसे कम जनसंख्या बेगमगंज वार्ड (2587) में है। नगर का औसत जनसंख्या घनत्व 71 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर है, जिसके अन्तर्गत सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व ढालगर टोला वार्ड (368 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर) तथा न्यूनतम जनसंख्या घनत्व बेगमगंज वार्ड (14 व्यक्ति प्रति हेक्टयर) में है। सामान्यतः नगर में जनसंख्या घनत्व केन्द्र से बाहर की ओर क्रमशः घटता जाता है। अत्यधिक जनसंख्या घनत्व के कारण नगर के आंतरिक भाग में उपलब्ध सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का दबाव भी अत्यधिक है, जिससे यहां विभिन्न प्रकार की नगरीय समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। अतः नगर के सतत विकास हेतु नगर के वाह्य क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि के द्वारा जनसंख्या घनत्व के असमान वितरण को नियोजित करने की आवश्यकता है। नगर का लिंगानुपात 925 स्त्रियां प्रति हजार पुरुष है, जिसमें सर्वाधिक लिंगानुपात मीरमस्त (1011) तथा न्यूनतम लिंगानुपात उमरपुर वार्ड (880) में मिलता है। नगर की साक्षरता दर 81.22 प्रतिशत है, जिसके अन्तर्गत सर्वाधिक साक्षरता मछरहट्टा वार्ड (89.72 प्रतिशत) तथा न्यूनतम साक्षरता बेगमगंज वार्ड (71.22 प्रतिशत) में मिलती है। नगर में लिंगानुपात व साक्षरता के क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप में क्षेत्र विशेष की सामाजिक–आर्थिक दशाओं का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। शिक्षा में कमी नगर के सामाजिक–आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है। अतः साक्षरता व लिंगानुपात के निम्न स्तर वाले वार्डों में शिक्षण संस्थाओं के विकास द्वारा शिक्षा के गुणात्मक स्तर में वृद्धि के साथ–साथ जनजागरूकता में भी वृद्धि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

**सन्दर्भ सूची**


1. त्रिपाठी, ए0आर0 एवं त्रिपाठी वी0के0 (2012) : गाजीपुर नगर की जनसंख्या गत्यात्मकता का भौगोलिक विश्लेषण, भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका, अंक 22, संख्या 2, पृ0 63–68
2. Singh, R.B. (1985) : Geography of Rural Development, The India Micro – level Experience, p.42.
3. Shryock, H.S. et al. (1976) : The Methods and Materials of Demography, Academic Press, New York, p.105..xxcaz.
4. मौर्य, एस0डी0 (2016) : जनसंख्या भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, पृ0 325
5. चांदना, आर0सी0 (2014) : जनसंख्या भूगोल, कल्याणी पब्लिशर्स, नई दिल्ली, पृ0 411
6. जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जौनपुर–2011

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 13th Sept. 2023    Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# राघवेन्द्रचरितम् में शृङ्गार का वैशिष्ट्य

श्यामाचरण उपाध्याय *

**शोध-सारांश**

*महाकविराज पं. राजकिशोर मणि प्रणीत राघवेन्द्र चरितम् महाकाव्य में शृङ्गार का उत्कर्ष दृष्ट्व्य है। यद्यपि उत्कृष्ट मर्यादा की शृङ्खला में आबद्द भगवान राघवेन्द्र के आदर्श जीवन पर आधारित अन्य महाकाव्यों में विप्रलम्भ शृङ्गार वर्णन पर्याप्त मिलता है। उनके सापेक्ष राघवेन्द्र चरितम् में शृङ्गार के दोनों पक्षों का विवरण प्रतिस्पर्द्धी प्रतीत हो रहा है। शृङ्गार के सम्पूर्ण रूप का दर्शन राघवेन्द्रचरितम् में ही प्राप्त होता है। ऐसा करना अतिसंयोजिक्ति नहीं होगी।*

पं. राजकिशोर मणि त्रिपाठी द्वारा प्रणीत राघवेन्द्रचरितम् महाकाव्य के महान रचनाकार पं. राज राजकिशोर मणि त्रिपाठी का प्राकट्य उत्तर प्रदेश प्रान्त के गोरखपुर जनपद के जमुई पण्डित नामक ग्राम में एक प्रतिष्ठित राजघराने में पं. श्यामसुन्दर दास के यहाँ हुआ था[1], परम विद्वान पं. राज ने अभिनवास्तुति, मूषकवैदुष्यम्, श्री दुर्गासप्तशती की व्याख्या, साहित्य दर्शन की व्याख्या आदि साहित्य सृजन करने पर भी राघवेन्द्रचरितम् महाकाव्य के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राघवेन्द्र की कीर्तिगान से स्व-जीवन के साथ-साथ लोक कल्याण का महनीय कार्य किया है।[2]

राघवेन्द्रचरितम् महाकाव्य का अङ्गीरस करुण है तथापि पं. राज ने अपनी कृति राघवेन्द्रचरितम् में शृङ्गार रस का यथोचित समावेश किया है।

महाकाव्य में रसराज शृङ्गार का वर्णन देखते ही बनता है। महाकाव्य में शृङ्गार के वैशिष्ट्य की शृङ्खला में साहित्य दर्पण के अनुसार शृङ्गार का स्वरूप देखिये–

**शृङ्ग हि मन्मथोद्भेदस्तदागमन हेतुकः।**[3]
**उत्तम प्रकृति पायो रसः शृङ्गार इष्यते।।**

अर्थात् शृङ्गहीति–कामदेव का उद्रेक शृंग कहलाता है (मन्मथोद्भेद का शृङ्ग दूसरानाम है)। शृङ्ग की व्युत्पत्ति–'**शृणाति दशया हन्ति कामुकान् इति।**' अर्थात् कामदेव के उद्रेक से मृत्यु की दशा को प्राप्त कराने वाले व्यापार शृङ्ग कहालता है। इस काव्य का प्राणतत्त्व है और उसमें भी रसराज शृङ्गार जिसमें प्रेम की प्रधानता होती है और जीवन में भी प्रेम प्रधान है, प्रेम रहित जीवन कठोर पाषाण की भाँति है। क्योंकि महाकाव्य में राघवेन्द्र के समग्र जीवन की घटना घटित होने का वर्णन किया गया है। इसलिये प्रेम प्रधान राघवेन्द्र के जीवन में शृङ्गार का अत्यन्त महत्त्व है। शृङ्गार रस के दो भेद हैं–(1) विप्रलम्भ शृङ्गार, (2) सम्भोग शृभ्गार तथेहि–

* *शोधार्थी–संस्कृत विभाग,* धर्मसमाज महाविद्यालय, अलीगढ़ (उ0प्र0)।

**विप्रलम्भोऽथ सम्भोग इत्येष द्विविधो मतः।**[4]

शृङ्गार रस मर्मज्ञ महाकवि कालिदास प्रणीत मेघदूतम् में रसराज शृङ्गार का साक्षात् दर्शन है उसकी भूमिका में शृङ्गार की परिकल्पना सम्बन्धित कथन दृष्टव्य है–इनमें मानवीय प्रेम उदान्त रूप प्रस्तृत किया जाता है, प्रेमी–प्रेमिका के अलौकिक प्रणय का हृदय स्पर्शी एवं मधुर वर्णन ही इन काव्यों का उद्देश्य होता है।[5]

राघवेन्द्र चरितम् में पं. राजकिशोर मणि त्रिपाठी ने शृङ्गार के दोनों भेदों का हृदय स्पर्शी वर्णन किया है, सम्भोग के अन्तर्गत शृङ्गार प्रस्फुटित होकर पल्लवित होता है, तदुपरान्त शृङ्गार की चरमोत्कर्ष अनुभूति विप्रलम्भ में होती है। अतः शृङ्गार के दोनों ही रूप हृदयस्पर्शी हैं। शृङ्गार का विशुद्ध दर्शन जगद् जननी माता सीता एवं अवध कुमारभगवान राघवेन्द्र के संयोग एवं वियोग व्यापक रूप में प्राप्य हैं।

**महाकाव्य में सम्भोग शृङ्गार**

महाकाव्य में शृभ्गार रस का सम्यक् प्रस्फुटन तब हुआहै जब महाकाव्य के षष्ठ सर्ग में भगवान राघवेन्द्र अनुज लक्ष्मण सहित गुरु विश्वामित्र की आज्ञासे मिथिला नगरी के भ्रमण के लिए निकले हैं। मार्ग में मिथिला की नारियों का सौन्दर्य दृष्टव्य है–

**एन्द्रीधनूवद्धृतचित्रशाटिकाः**
**सौदामिनी वत्शुभदन्तकान्त्यः।**[6]
**कादम्बिनी वमधुरं स्वनन्त्यो**
**भ्राम्यन्ति रामामिथिलाविहायसि।।**

अर्थात् महाकाव्य में नारी सौन्दर्य का चित्त आकर्षक वर्णन करते हुए महाकवि लिख रहे हैं–इन्द्र धनुष के समान नाना रंगी विचित्र साड़ियों को पहने हुई बिजली जैसे चमकते दाँतों वाली, हंसी जैसी मीठे ठुनकने वाली, यहाँ की रमणियाँ मिथिला रूपी नभो मण्डल में विचरण कर रही हैं।

मिथिला नगरी एवं नव–यौवन की दहलीज दोनों पर ही संयुक्त रूप से प्रविष्ट भगवान राघवेन्द्र को मिथिला की नारियों के द्वारा धारण की गयी विविधरंगों वाली साड़ियाँ इन्द्र धनुष सदृश उनकी चमकती हुई दन्त कान्ति विद्युत के समान, आदि रूपों में मनोहर लग रही हैं।

इनके उपरान्त इसी क्रम में शिव बल्लभा माता गौरी के मन्दिर से उतरती हुई सीता की सखियों में राघवेन्द्र को चलती फिरती लताएँ होने का भ्रम होता है तथेहि–

**सर्वा वयस्याः सुषमाभियुक्ताः**
**कृशाङ्गयष्टयो लतिकानुरूपाः।**[7]
**पुष्याननावीक्ष्य मुदा कुमारः स**
**चिन्तयामास चलल्लतास्ताः।।**

अपार रूप सौन्दर्य की स्वामिनी सीता की प्रथम दृष्ट्या कामासक्त राघवेन्द्र के शीलवान हृदयकी छटपटाहट दृष्टव्य है–

**निरुद्धमद्यावधि हंसहृत्तदा**
**तदीयमैच्छत् प्रतियातुमेनाम्।**[8]
**अशक्तमेवाऽभवदत्र किन्तुतन्नित-**
**बद्धमाराद्दृढ़शील पिञ्जरे।।**

काम व्यापार में प्रथम बार पदार्पण कर रहेदो परस्पर अपरचित शीलवान प्रेमी जनों की मनःस्थिति तथा उनकी शृङ्गारिक शारीरिक चेष्टाएँ कितनी मनोहर हो जाती हैं इसका दर्शन गौरी गृह में राघवेन्द्र एवं माता सीता की प्रथम भेंट में दृष्टिगोचर होता है तथेहि–

**अयुक्त एष व्यवहार एवं स्विद्यत्**
**कपोलो मनसा विचिन्तयन्।**[9]
**अधिक्षणं नम्रमुखो यदाऽभूत**
**धरामिमजा दृष्टि पथं तदागतः।।**
**द्वाभ्यामदृष्टस्य मनोभवस्य**
**वंशगतौ द्वावपि राजपुत्रौ।**
**सापाङ्गमन्योन्यमवेक्षमाणौ पदं**
**न्यधातांञ्च विरोधिदिक्षु।।**

नव–यौवना सीता के मुग्धकारी रूप दर्शन के चिन्तन से अन्तर्मुखी राघवेन्द्र के परिवर्तित शारीरिक भाषा को महाकवि ने कितने मनोहारी रूप में वर्णित किया है, देखते ही बनता है–

**अवेक्ष्य सीतामुखचन्द्रविम्बं**
**रामस्य सन्मानसचन्द्रकान्तः।**[10]
**धार्मात्प्रकृत्याः किमभिद्रुतोऽसौ**
**विभर्त्यर्यं स्वेदपृषन्ति यस्मात्।।**

अर्थात् राघवेन्द्र के शरीर पर पसीने की बूँदें निकल

आयीं, लगता था मानो सीता मुखचन्द्र बिम्ब को देखकर उनके चित्र चन्द्रकान्त सहज धर्म से बहने लगा हो।

शृङ्गारिक मनोभावों को उद्दीप्त करने में प्रकृति की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए प्रकृति का उद्दीपन रूप में आकर्षक वर्णन प्रस्तुत करते हैं–

**चुम्बन प्रियामेष कपोत**
**राजोमनांसियूनां व्यथयन्ति साम्प्रतम्।**[11]

अर्थात् प्रियतमा कपोती का आलिंगन करता हुआ यह कपोतराज इस समय नवयुवकों के चित्त को व्यथित कर रहे हैं।

महाकाव्य में राघवेन्द्र (काम प्रधान पावन ऋतु में) पंचवटी में वास करते हुए प्रकृति के कामोत्तेजक रूप का सुन्दर वर्णन सीता के सम्मुख करते हैं–

**कथमियं चपला विगतत्रपा**
**मम पुरः परिचुम्बति वारिदम्।**[12]
**नियतमेव बहोः समयादियं न**
**मिलिता स्ववधेन किमुत्सुका।।**

अर्थात् देखा न यह चपला विद्युत निर्लज्ज मेरे सामने ही मेघ को चूम रही है निश्चय ही अपने प्रिय से बहुत समय से नहीं मिली है क्या?

**विप्रम्भ शृङ्गार**

शृङ्गार मर्मज्ञ महाकवि कालिदास का अनुसरण करते हुए पं. राज राजकिशोर मणि त्रिपाठी ने नायक–नायिका की विरह वेदना की छटपटाहट का सुन्दर निदर्शन अपने महाकाव्य राघवेन्द्र चरितम् में किया है उससे यह ज्ञात होता है कि पं. राज भी इस उक्ति के पूर्णतः समर्थक हैं कि संयोग की पूर्णता विरह में पल्लवित होती है तथेहि–

**न विना विप्रलम्भेन सम्भोगः पुष्टि मश्नुते**[13]

विप्रलम्भ शृङ्गार के सम्बन्ध में ऐसे ही उद्गारों से प्रेरित पं. राज राजकिशोर मणि त्रिपाठी ने महाकाव्य राघवेन्द्रचरितम् में विप्रलम्भ शृङ्गार का चरमोत्कर्ष निहित है। महाकाव्य में पं. राज के राघवेन्द्र एवं सीता के विप्रलम्भ शृङ्गार वर्णन में ऐसा प्रतीत हो रहा मानो साक्षात् कुल गुरु महाकवि स्वयं वर्णन कर रहे हों, तथेहि–

**मेघैश्छन्ने वियति ललना भर्तृभिःशं लभन्ते,**[14]
**प्राणान्प्रायो विजहति निजान्भर्तृहीना रमण्यः।**
**कान्तो दन्तं सुहृदुपनतं प्राप्य सीता कथाञ्चिज्**
**जीवेदित्थं रघुकुलपतिश्चेतसा सोऽचिचिन्तयत्।।**

रावण के द्वारा सीता हरण कर लेने पर प्रियतम (राघवेन्द्र) के वियोग में विरह दग्ध सीता की असह्य विरह वेदना को भोग रहे राघवेन्द्र अपने वायुदूत से कह रहे हैं कि वर्षाऋतु के आगमन पर आकाश में बादलों के आच्छादित होने पर युवतियों को पति साहचर्य से सुख प्राप्त होता है, किन्तु पति–विहीन स्त्रियाँ अपने प्राण त्याग देती हैं, किन्तु मित्र (तुम्हारे) के द्वारा प्रियतम की कुशलता का समचार प्राप्त कर सीता जीवन धारण करेगी राघवेन्द्र इस प्रकार सोचते हुए, विरह सन्तप्त सीता की पहचान अपने संदेश वाहक पवन को बता रहे हैं–

**श्वासोच्छवासैर्विरहजनितैर्क्लापयन्ती मुखेन्दुं**[15]
**शोकाश्रूणां सततपतनादार्द्रगण्डं वहन्तीम्।**
**स्नेहाभावाद् विततचिकुरां पाण्डुरां सौम्यमूर्ति,**
**जानीयात्तां परिणतधियं जानकीं बल्भां मे।।**

अर्थात् विरह से पैदा होने वाले श्वासोच्छवास से मुखचन्द्र को मलिन करती हुई शोक जनित आँसुओं के निरन्तर गिरते रहने से गीले कपोलों को धारण करती हुई तैलादि के अभाव में बिखरे केश वाली, जो पीली सौम्य मूर्ति हैं, मेरे में मन लगायी हुई उसने मेरी प्रियतमा को पहचाना।

कई मासों से प्रियतमा की शारीरिक विरह वेदना को भोग रहे राघवेन्द्र आत्मिक रूप से प्रियतमा (सीता) से क्षण भर के लिये वियुक्त नहीं हैं कहाँ तो भगवान राघवेन्द्र प्रस्रवण पर्वत पर वास कर रहे हैं और कहाँ रावण द्वारा अपहृत जानकी सैकड़ों योजन दूर के उस पार लंका में अशोक वाटिका में रह रही हैं। लेकिन राघवेन्द्र सीता का परस्पर आत्मिक संयोग शाश्वत है, निर्बाध और विलक्षण है, इस सम्बन्ध में राघवेन्द्र विरह संतप्त सीता की पहचान संदेश वाहन पवन को बता रहे हैं।

इतना ही नहीं राघवेन्द्र एवं सीता अनन्य प्रेमी हैं वे सीताकेपतिव्रत धर्मपरायणता से पूर्णतः आवश्वस्त हैं, वे जानते हैं कि सीता एकमात्र उन्हीं के ध्यान में निरन्तर

संलग्न रहती हैं इसलिए हे मित्र पवन! तुमउचित समय पर मेरी प्रियतमा से वार्ता करना ताकि वह पर पुरुष के विचार से लज्जित न हो और मेरा ध्यान कर रही उस सीता को व्यवधान न हो, तथेहि–

**तामन्वेष्य प्रियवर मरुत् प्राणतोऽपि प्रियां मे,**[16]
**मन्दं मन्दं सरतु सविधे शङ्कितायाश्च तस्याः।**
**दृष्ट्वा किंस्वित्परनरधियां लज्जिताया भवन्तं,**
**ध्यायन्त्या मां कथमपि भवेन्नावरोधः कदाचित्।।**

राघवेन्द्र सीता के वियोग में राघवेन्द्र की छटपटाहट की अगाध वेदना को पशु पक्षियों को अनुभूत हो रही है। राघवेन्द्र को प्रत्यक्ष आभास हो रहा है। छुद्र कोयल भी राघवेन्द्र की मूर्खता का उपहास उड़ाते हुए कह रही है– हे मूर्ख सीता को छोड़कर हरिण का पीछा करते हुए तुमने परिणाम को नहीं सोचा तो अब क्यों रो रहे हो?

**हित्वा सीतां मृगमनुसरन् नाचिचिन्तो विकारं,**[17]
**वैधेय त्वं विलपसि कथं क्व प्रिया क्व प्रियेति।**

इस प्रकार राघवेन्द्रचरितम् महाकाव्य में शृङ्गार का वैशिष्ट्य पूर्ण हृदय स्पर्शी वर्णन का चरमोत्कर्ष भी विद्यमान है।

**सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची**

1. राघवेन्द्रचरितम्
2. वही
3. साहित्य दर्पण, 3/183
4. साहित्य दर्पण, 3/186
5. डॉ. विजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सम्पादित मेघदूतम् भूमिका, पृ. 33
6. राघवेन्द्रचरितम्, 6/45
7. राघवेन्द्रचरितम्, 6/53
8. राघवेन्द्रचरितम्, 6/55
9. राघवेन्द्रचरितम्, 6/57-58
10. राघवेन्द्रचरितम्, 6/67
11. राघवेन्द्रचरितम्, 7/88
12. राघवेन्द्रचरितम्, 7/88
13. डॉ. बाबूराम त्रिपाठी द्वारा अभिज्ञानशाकुन्तलम्, द्वितीय अंक कथा पूर्णाभास, पृ. 168
14. राघवेन्द्रचरितम्, 11/162
15. राघवेन्द्रचरितम्, 11/169
16. राघवेन्द्रचरितम्, 11/170
17. राघवेन्द्रचरितम्, 11/180

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 13th Sept. 2023
Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# आर्थिक विकास और शिक्षा

डॉ. अरुण पाण्डेय *

**शोध-सारांश**

*यह कहा जाता है कि आर्थिक विकास सम्प्रत्यय है जिससे किसी राष्ट्र व व्यक्ति के भौतिक, सामाजिक व आर्थिक स्तर के वृद्धि का पता चलता है। आधुनिक परिवेश में शिक्षा को आर्थिक विकास का मूलाधार माना जाता है। शिक्षा व्यक्ति की योग्यता कुशलता में वृद्धि करके उसे उत्पादक बनाती है।जब व्यक्ति आर्थिक दृष्टि से सबल बनता है, तभी वह समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने में समर्थ होता है।वस्तुतः शैक्षिक विकास व आर्थिक विकास एक–दूसरे के पूरक है।शिक्षा शिक्षा के ही लिये है। यह नाराअबपुरानापड़ चुकाहै। यह तब जब शिक्षा को एक अनुत्पादक क्रिया माना जाता था।अब शिक्षा एक उत्पादक क्रिया हैंअब शिक्षा मे विकास अर्थात् आर्थिक विकास।*

**प्रस्तावना**

वर्तमान समय में ''सा विद्याया अर्थकारिका'' अर्थात् शिक्षा वह जो आर्थिक दृष्टि से सबल बनाने की धारणा बलवती करती है। शिक्षा ही कार्यकुशल जनषक्ति का निर्माण करती है, उससे आर्थिक विकास को बल मिलता है और राष्ट्र विकास पथ की ओर गतिशील होताहै।

जब राष्ट्र मे निवासित प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर, सामाजिक स्तर, आर्थिक स्तर मे बदलाव आता है तो कहा जाता है कि राष्ट्र का आर्थिक विकास हो रहा है। अतः कहा जा सकता है कि आर्थिक विकास व्यक्ति की निपुणता, योग्यत, क्षमता, दक्षता पर, कार्यकुशलता पर आलम्बित है तो व्यक्ति में इन गुणों का विकास शिक्षा पर आलम्बित है।

**आलेख विस्तार**

शिक्षा उपभोग की वस्तु तथा उत्पादन का कारक दोनों है। उपभोग की वस्तु इसलिये कि उसका मूल्यांकन तथा आवश्यकता उसके सम्भावित व व्यवहारिक प्रयोगों पर ही नही निर्भर करती वरन् यह स्वयं में महत्वपूर्ण है और उसकी स्वय के लिये मांग की जाती है। उत्पादन का कारक इसलिये है कि वह तकनीक तथा संगठन के आधारभूत कौशलों, अभिवृत्तियों, व्यक्तित्व के गुणों तथा परिवेश का निर्माण करती है।

देश के आर्थिक और सामाजिक विकास स्तर के अनुरूप शिक्षा की विभेदी लागत तथा प्राप्ति

* *अतिथि विद्वान (शिक्षाशास्त्र)*, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, **रीवा** (म0 प्र0)

बहुत ऊँची होती है। किसी शैक्षिक योजना को क्रियान्वित करने के पूर्व ही शिक्षक प्रशिक्षण, विद्यालय भवन तथा शिक्षा उपकरण में बड़ा धन पहले ही लगाना पड़ता है जिससे शिक्षा में व्यय अधिक होता है। जो समाज इस प्रशिक्षण आदि का पूरा पूरा उपयोग करने के लिय भलीभांति संगठित नहीं होते उनमें शिक्षा से लाभ बहुत कम हो सकता है। जो संगठित होते हैं वहां लाभ अधिक होता है। आर्थिक विकास मूलतः किसी राष्ट्र या व्यक्ति द्वारा अपनाये गये प्रौद्योगिकी से जुड़ा होता है। एक शिक्षित एवं कार्यकुशल व्यक्ति अशिक्षित एवं अकुशल व्यक्ति की अपेक्षा अधिक उत्पादन एवं कमाई करता है। वही उत्पादकता कुशल व्यक्तियों से आर्थिक विकास को बल मिलता है। इस प्रकार शिक्षा प्रौद्योगिकी से आबद्ध ज्ञान, अनुभव, विचार, कौशल, दक्षता से व्यक्तियों को अलंकृत करके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

प्रत्येक राष्ट्र में विधाता द्वारा प्रदत्त विविध प्राकृतिक संसाधन होते है। ये प्राकृतिक संसाधन राष्ट्र के आर्थिक विकास को नयी दिशा तभी प्रदान कर सकते है ंजब उस राष्ट्र की शिक्षा इन प्राकृतिक संसाधन के समुचित उपयोग एवं उपभोग हेतु इनके परिषोधीकरण आयात–निर्यात की जानकारी तथा उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान से राष्ट्र में निवासित व्यक्ति परिपूरित होते हैं।

किसी देश के मानव संसाधन अर्थात् जनसंख्या का आर्थिक विकास से गहरा सम्बन्ध होता है। यदि राष्ट्र के जनसंख्या अर्थात् मानव संसाधन बेरोजगार नही ंहै, सभी शिक्षित एवं कार्यकुशल है तो वहा ंआर्थिक विकास में शिक्षा की महत्ता एवं भूमिका सर्वोच्च रूप में स्वीकार की जाती है। यह आर्थिक विकास में शिक्षा की भूमिका को इंगित करता है। राष्ट्र की प्रमुख जिम्मेदारी है कि आपने मानवीय संसाधन को कुशल एवं शिक्षित करें।

किसी देश की अर्थव्यवस्था में 'कृषि' प्राणतत्व का कार्य करताहै। सभ्यता के ऊषाकाल में 'कृषि' ही आर्थिक विकास की आधार शिला थी। आज शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों को 'कृषि' का ज्ञान दिया जाता है। आज कृषिविद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा 'कृषि' शोध संस्थान स्थापित किये जा रहे हैं। इन कृषि विकास हेतु स्थापित शैक्षिक संस्थानों में कृषि के वैज्ञानिक तरीकों का ईजाद करके कम भूमि में अधिक कृषि फसल उत्पादन की खोज की जाती है। परिणामतः खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता की प्राप्ति होती है और शिक्षा कृषि के उन्नतिशीलता बढ़ाकर आर्थिक विकास हेतु सुदृढ़ बुनियाद के कार्य को अंजाम देती है।

आर्थिक विकास बहुत हद तक राष्ट्र द्वारा अपनाये गये आर्थिक नियोजन एवं वित्तीय व्यवस्था पर आलम्बित होता है। अत एव राष्ट्र के आर्थिक नियोजन, वित्तीय व्यवस्था एवं नीतियों में दक्ष अर्थशास्त्रियों का निर्माण करके शिक्षा आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आर्थिक विकास उपमुक्त शैक्षिक नियोजन द्वारा ही सम्भव नहीं है। उन्नतिशील शैक्षिक योजना आर्थिक विकास में सहायक होगी। राष्ट्र के वार्शिक बजट से अधिक से अधिक प्रतिशत शिक्षा पर व्यय किया जाय। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में शैक्षिक संसाधनपूर्ण रखा जाय तथा विद्यार्थियों के नामांकन को सुनिश्चित किया जाय।देश के सभी क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान किया जाय तथा देश के आर्थिक विकास को नई दिशा दिया जाय।

वर्तमान समय में वैश्वीकरण को प्रधानता दी जा रही है। विश्व के सम्पूर्ण राष्ट्र एक मंच पर एकत्रित होकर व्यापार वाणिज्य, वैज्ञानिक–प्रौद्योगिकी, शैक्षिक गतिविधियों को एक दूसरे के यहा संचालित करने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे हैं। यदि शिक्षा को समय–सापेक्ष परिवर्तित मान्यताओं के अनुकूल व्यवस्थित रूप दिया जायेगा तो वह निश्चित रूप से परिवर्तित वैश्विक परिदृश्य में भी देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का

निर्वहन करेगी।

## निष्कर्ष

अन्ततः निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि शिक्षा राष्ट्र हेतु कुशल श्रमिकों की पूति करके, प्रौद्योगिकी से सम्पृत्त शिक्षा विधान बनाकर, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के तौर तरीकों को बनाकर, मानव संसाधन के कुशलतम् समायोजन तथा बेरोजगारी का अंत करके, कृषिशिक्षा का उत्तम प्रबंध करके, आर्थिक नियोजन एवं वित्तीय व्यवस्था हेतु उत्कृष्ट अर्थशास्त्री निर्मित करके, उत्कृष्ट शैक्षिक नियोजन एवं प्रबन्धन को मूर्त रूप देकर, शिक्षा को वैश्विक परिवेश में समायोजन लायक बनाकर राष्ट्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। इस प्रकार हम देखते है कि आर्थिक विकास और शैक्षिक विकास एक–दूसरे पर आश्रित एवं पूरक है। साथ ही साथ हमें यह भी समझना होगा कि शिक्षा केवल आर्थिक विकास को ही अंजाम नहीं देती है। शिक्षा मानव के व्यक्तित्व विकास के सभी पहलुओं के शीलगुणों का विकास करतीहै।

## संदर्भ


1. पाण्डेय, रामसकल (2010) ''उदीयमान भारतीय समाज मे शिक्षक'' अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा।
2. शुक्ला, सी.एस. (2005), ''उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक'' धनपतराय पब्लिषिंग कंपनी (प्रा0) मिलिटेड, नईदिल्ली।
3. पाठक, पी.डी. (19वीं संस्करण 2005), भारतीय शिक्षा और उसकी समस्यायें, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
4. मालवीय, राजीव (2012), ''शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय आधार'', शाखा पुस्तक भवन इलाहाबाद।

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 13th Sept. 2023 Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# रीवा जिले का पुरालोकतान्त्रिक राजनैतिक परिदृश्य

रेखा शुक्ला *
डॉ. (श्रीमती) उपमा सिंह **

**शोध-सारांश**

*विन्ध्य की राजनीति में लम्बे अंतराल बाद राजतंत्र से हठकर जनतंत्र की बयार बही, जिसके उन्नायक दरबार महाविद्यालय रीवा के छात्र और स्थानीय युवा वर्ग रहा। जो वाराणसी एवं इलाहाबाद के विभिन्न उच्च शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षा लेकर नई चेतना के साथ गृह जिले में उत्साह और अभिलाषाएं लेकर आये। यह वह दौर था जब भारत छोड़ों आन्दोलन चरम पर था। इस दौर में रीवा स्टेट के राजा–महाराजा मध्यम मार्ग अपनाते हुए केन्द्रीय सत्ता और जनमानस के साथ तादम्य स्थापित करते हुए अपनी सत्ता को बरकरार रखे हुए थे। आम जनता राजा के प्रति आदरभाव रखती थी इसलिए जनविरोध भी नहीं था। पर सत्ता में भागीदारी और वैश्विक संदर्भ में रीवा राज्य को जोड़ने तथा विन्ध्य को नई पहचान देने के लिए केन्द्रीय स्तर पर गठित राजनैतिक इकाईयां विभिन्न वर्ग–उपवर्ग में प्रभावी होने लगी। इसी क्रम में कांग्रेस, समाजवादी, जनसंघ, और अन्य राजनैति दल भी अपनी–अपनी जगह बनाने के लिए युवातुर्कों को कमान सौंपने लगे। जिससे विंध्य के केन्द्र रीवा जो राजधानी भी था में राजनैतिक उथल–पुथल का दौर शुरू हुआ।*

***मुख्य शब्द***–*रीवा, जिले, पुरालोकतान्त्रिक, राजनैतिक, परिदृश्य, समानांतर, युवातुर्कों, जनविरोध, केन्द्रीय, उथल–पुथल, कांग्रेस, समाजवादी, जनसंघ।*

**प्रस्तावना**

देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया। रीवा राज्य के राज्य प्रमुख नरेश मार्ततण्ड सिंह ही थे। कांग्रेस का समानांतर संगठन था। आजादी के बाद आसन्न प्रश्न था रीवा राज्य के भारत संघ में विलय का। तत्कालीन गृह मंत्री बल्लभ भाई पटेल ने इसे अन्जाम देने कैबिनेट सचिव मेनन को भेजा। श्री मेनन राज्य प्रमुख मार्तण्ड सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से बातचीत की। अन्ततः सहमति यह बनी कि बघेलखण्ड और

* *शोधार्थी, राजनीति विज्ञान,* जवाहर लाल नेहरू नीति शोध केन्द्र अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक राजनीति विज्ञान,* शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

बुन्देलखण्ड की रियासतों को बनाकर विन्ध्यप्रदेश का गठन हो।

इसके दो प्रमुख मण्डल हो, एक बुन्देलखण्ड का जिसकी राजधानी नौगांव हो, और दूसरा बघेलखण्ड का रीवा नरेश राज्य प्रमुख बने और पन्ना नरेश को उप राज्य प्रमुख बनाने पर सहमति हुयी। इस तरह 4 अप्रैल 1948 को विन्ध्य प्रदेश का विधिवत गठन हुआ। बुन्देलखण्ड मंत्रिमण्डल के प्रधान मंत्री कामता प्रसाद सक्सेना थे। लालराम बाजपेई, रामसहाय तिवारी और गोपाल शरण सिंह मन्त्री बने। बघेलखण्ड मंत्रिमण्डल के प्रधानमंत्री आर. एन. देशमुख बने और मंत्रीगण यशवन्त सिंह, यादवेन्द्र सिंह, इन्द्रबहादुर सिंह और शंभूनाथ शुक्ल बने।

03 जून 1948 को बघेलखण्ड बुन्देलखण्ड को मिलाकर संयुक्त विन्ध्य प्रदेश बना। 10जुलाई को मंत्रिमण्डल का गठन किया गया। जिसमें कामता प्रसाद सक्सेना, उप प्रधानमंत्री राव शिव बहादुर सिंह, हारौल नर्मदा प्रसाद सिंह, सत्यदवे, गोपाल शरण सिंह चतुर्भुज पाठक मन्त्री बने। यह मन्त्रिमण्डल 14 अप्रैल 1949 तक चला।[1]

इस बीच कांग्रेस में सोशलिस्ट गुट सक्रिय हो गया। रीवा में जगदीश जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस सोशलिस्ट गुट की नीव सन् 1946 में रखी जा चुकी थी। राष्ट्रीय सचिव, मोहन लाल गौतम ने इसे विधिवत मान्यता दे दी। श्री जोशी के नेतृत्व में सोशलिस्ट गुट में यमुना प्रसाद शास्त्री, कृष्णपाल सिंह, श्रीनिवास तिवारी, अच्युतानन्द मिश्र, शिवकुमार शर्मा, सिद्ध विनायक द्विवेदी आदि सक्रिय हो गये। यह सभी नेता किशोर उम्र के थे, फिर भी पूरी शिद्दत के साथ राजनीति में दखल रखते थे।

सोशलिस्ट गुट के जरिये यहाँ की राजनीति में दो समानांतर धारायें खड़ी हो गयीं। एक बुजुर्ग के वर्चस्ववाली कांग्रेस पार्टी जो कि सत्ता में काबिज थी। और दूसरी युवा तुर्कों का सोशलिस्ट गुट। जब तक यह गुट कांग्रेस का एक अंग बना रहा तब भी यह सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ मुखर था। महाराजा गुलाब सिंह, निर्वासन व्यतीत कर रहे थे। समाजवादी युवाओं की सहानुभूति गुलाब सिंह के साथ थी और वे उनके पक्ष में यहाँ वातावरण तैयार करने में लगे थे। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े कांग्रेस के बुजुर्ग नेता राज प्रमुख मार्तण्ड सिंह का साथ थे। आशय यह कि समकालीन राजनीति में राजपरिवार की केन्द्रीय भूमिका थी।[2]

स्टूडेन्ट कांगेस पूरी तरह सोशलिस्ट गुट के प्रभाव में थी। जगदीश जोशी जैसे तत्कालीन युवा नेताओं के पीछे छात्रों युवकों का हुजूम मर मिटने को तत्पर रहता था। जय प्रकाशनारायण यहाँ के युवकों के लिए आदर्श थे और जगदीश जोशी उनके हीरो। समाजवादी गुट तत्कानीन मंत्रिमण्डल के खिलाफ था, क्योंकि इनका मानना था कि विन्ध्यप्रदेश का मंत्रिमण्डल भूतपूर्व सामन्तों से भरा पड़ा था। ''

सन् 1948 में नासिक सम्मेलन में सोशलिस्ट गुट कांग्रेस से अलग हो गया, समाजवादी दल का विधिवत गठन हो गया। इसी दरम्यान शासन की शह पर किसानों की बेदखली शुरू हुई। नव गठित सोशलिस्ट पार्टी को ज्वलन्त मुद्दा किसानों व मजदूरों से जुड़ा हुआ मिल गया। इन मुद्दों को लेकर वे अपने आन्दोलन को समूचे विन्ध्य में फैलाया और उसे धारदार बनाया।

रीवा में समाजवादियों के आन्दोलन ने डॉ. राममनोहर लोहिया को काफी प्रभावित किया आजादी की पहली साल गिरह 15अगस्त 1948 को डॉ. राममनोहर लोहिया यहाँ आये तो युवकों को सैलाब उमड़ पड़ा। किसानों का अन्दोलन समाजवादियों के नेतृत्व में तेजी से फैला। उसी समय डॉ. लोहिया जिनका रीवा से निरन्तर सम्पर्क बना रहा **''एक पांव रेल में एक पाव जेल में का नारा दिया''।** 1949 के सोशलिस्ट पार्टी के पटना सम्मेलन में रीवा से जगदीश जोशी यमुना प्रसाद शास्त्री, श्रीनिवास तिवारी के नेतृत्व में समाजवादी युवकों

का जत्था पटना भाग लेने गया। इस अधिवेशन में ही जोशी जी सोपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में आ गये जबकि उनकी उम्र चुनाव लड़ने तक की नही थी। वहॉ आचार्य नरेन्द्र देव, डॉ. लोहिया, जयप्रकाश, अच्युतवर्धन का मार्गदर्शन मिला व नये जोश के साथ समाजवादी रीवा लौटे।

इसी दरम्यान विन्ध्यप्रदेश के कप्तान अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व वाला मन्त्रिमण्डल 9 माह की अल्प अवधि में बर्खाश्त कर दिया गया। राज्य में प्रशासनिक अस्थिरता और अराजकता थी। गृहमंत्री सरदार पटेल यह धारणा बना चुके थे कि विन्ध्य प्रदेश को मध्य प्रान्त के साथ विलय कर दिया जाये।[4] किसानों की बेदखली के खिलाफ आन्दोलन के बाद समाजवादियों को यह बड़ा मुद्दा मिल गया। डॉ. लोहिया ने आन्दोलन छेड़ने का निर्देश दिया। 2 जनवरी 1950 से आन्दोलन की विधिवत शुरूआत हुयी। आन्दोलनकारी चकाजाम करने बस स्टैण्ड पहुँचे वहाँ पुलिस से झड़प हुई। आन्दोलन के पहले दिन ही पुलिस ने गोली चलायी। अजीत, गंगा और चिन्ताली विन्ध्य प्रदेश के विलीनीकरण आन्दोलन के खिलाफ शहीद हो गये।

जगदीश जोशी, यमुना प्रसाद शास्त्री, श्रीनिवास तिवारी, सिद्ध विनायक द्विवेदी, शिवकुमार शर्मा, अच्युतानन्द मिश्र आदि नेता गिरफ्तार कर केन्द्रीय कारागार में डाल दिये गये यहाँ आन्दोलनकारियों और अधिकारियों के बीच कहा सुनी हुयी तो उन्हें मैहर जेल भेज दिया गया। फरवरी 1950 को सोशलिस्ट पार्टी की ओर से हिन्द किसान पंचायत का सम्मेलन आयोजित किया गया। यह ऐतिहासिक सम्मेलन शहर के बाहर पुष्पराजनगर में आजोजित किया गया था। दो महीने तक आन्दोलन कारी नेताओं को मैहर जेल में रखा गया। सम्मेलन के ही दिन मैहर से इन्हें रिहाकर दिया गया।[5] सम्मेलन प्रारंभ होने के कुछ समय पश्चात ये नेता जब पहुचे तो खुद डॉ. राममनोहर लोहिया ने ''जोशी यमुना श्रीनिवास जिन्दाबाद जिन्दाबाद'' का नारा लगाकर अभिवादन किया ।

समाजवादियों ने आन्दोलन को इस मुकाम तक पहुचा दिया कि सरकार को हार कर विन्ध्यप्रदेश का विलय रोकना पड़ा। पर विन्ध्य प्रदेश को सी क्लास प्रदेश घोषित कर दिया जो कि सीधे केन्द्र शासनाधीन था, केन्द्र ने यहाँ चीफ कमिश्नर की जगह लेफ्निेन्ट गर्वनर की पदस्थापना कर दी। श्री के. सन्थानम को गर्वनर बना कर भेजा। इसी बीच समाजवादियों ने नये नारे के साथ नया आन्दोलन शुरू कर दिया। विन्ध्यप्रदेश बचायेंगे धरा सभा बनायेंगे। अन्ततः विन्ध्यप्रदेश की विधान सभा के लिए विधिवत चुनाव की घोषणा कर दी गयी।

तत्कालीन विन्ध्यप्रदेश में विधान सभा की 60 सीटें थी। युवा तुर्क समाजवादियों ने नये जोश के साथ चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। तब तक कांग्रेस के मुकाबले समाजवादी दल स्थापित हो चुका था। सन् 1951 में आचार्य जे.बी. कृपलानी ने किसान मजदूर प्रजा पार्टी का गठन कर दिया। अवधेश प्रताप सिंह मन्त्रिमण्डल में पदस्थ रहे बैकुन्ठपुर के इलाकेदार हारौल नर्बदा सिंह को पार्टी की विन्ध्य प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बना दिया गया। विधान समा के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गयी। चुनाव मैदान में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी, किसान मजदूर प्रजा पार्टी, राजराज्य परिषद् प्रमुख राजनीति दल के रूप में उभरे।[6]

1952 के प्रथम लोकसभा व विधान सभा के चुनावों में कशमकस मुख्य रूप से कांग्रेस व समाजवादी दल के ही बीच रही। लोकसभा में कांग्रेस व समाजवादी दल के ही बीच रही। लोकसभा में कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी हुए, जबकि विधानसभा, चुनावों में समाजवादियों को कुछ सफलता जरूर मिली। विन्ध्य प्रदेश के समय रीवा जिले में 11 विधानसभा क्षेत्र थे मऊगंज विधानसभा क्षेत्र से दो सदस्य निर्वाचित होते थे। अन्य विधानसभा क्षेत्र थे, हनुमना, त्योंथर, गढ़ी, सेमरिया,

सिरमौर, मनगवॉ, गढ़, रीवा, रायपुर।इस चुनाव में कांग्रेस को छः सीटों पर त्योंथर, गढ़ी, सेमरिया, गुढ, रायपुर तथा मुकुन्दपुर से विजय मिली।

सोशलिस्ट पार्टी ने ग्यारह विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किये,[7] सोपा, ने रीवा, मनगवां व मऊगंज की आरक्षित सीट जीत ली। जगदीश जोशी रीवा से श्रीनिवास तिवारी मनगवां से निर्वाचित हो गये, जबकि तीसरे प्रमुख नेता यमुना प्रसाद शास्त्री सिरमौर क्षेत्र से हारौल नर्बदा प्रसाद सिंह से चुनाव हार गये। हारौल की किसान मजदूर प्रजा पार्टी को एक सीट सिरमौर की मिली शेष चुनाव हार गये।

रीवा के प्रथम अजा विधायक मऊगंज से सोपा के सहदेई निर्वाचित हुए। मऊगंज सामान्य से निर्दलीय सोमेश्वर सिंह जीते जबकि हनुमना की सीट रामराज परिषद् ने ईश्वराचार्य ने जीती। विन्ध्य प्रदेश की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ उभरी। कांगेस की राजनीति में पण्डित शंभूनाथ शुक्ल सर्वमान्य नेता के रूप में उभरे वहीं कप्तान अवधेश प्रताप सिंह, राजभान सिंह तिवारी व यादवेन्द्र सिंह का अवसान प्रारंभ हो गया। अवधेश प्रताप सिंह यद्यपि राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए।

दूसरी ओर समाजवादी नेता धूमकेतु की तरह राजनीति में छा गये। सन् 52 में चुनाव जीत कर आये। जगदीश जोशी व श्रीनिवास तिवारी दोनों के चुनाव की वैधता के उम्र को लेकर चुनौती दी गयी। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है, कि समाजवादी युवातुर्को का यहाँ की जनता ने सिर माथे पर बिठाया।

विन्ध्य प्रदेश की साथ सदस्यीय विधान सभा में कांग्रेस को 44 सीटें सोशलिस्ट पार्टी को 11 सीटें, किसान मजदूर प्रजा पार्टी को तीन सीटें व रामराज परिषद को दो सीटें मिली। विधायिका के इतिहास में जगदीश जोशी को सबसे कम उम्र नेता प्रतिपक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ।[8] यद्यपि बाद में उनका चुनाव अदालत ने उम्र के सवाल पर रद्द कर दिया। पण्डित शंभूनाथ शुक्ल, विन्ध्यप्रदेश के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बने जबकि प्रजा मण्डल के अध्यक्ष रहे शिवानन्द सतना प्रथम विधानसभा अध्यक्ष बने। पण्डित शंभूनाथ शुक्ल मन्त्रिमण्डल के सदस्यों में थे लाला राम बाजपेई, गोपाल शरण सिंह महेन्द्र कुमार मानव दानबहादुर सिंह विस्तारोपरान्त दशरथ जैन शामिल किये गये। इस विस्तार में बाजपेई व मानव हटा दिये गये।

इस चुनाव में समाजवादी राजनीति को उस वक्त गहरा धक्का लगा, जब इनके शीर्ष नेता, आचार्य नरेन्द्र देव व जे.बी. कृपलानी चुनाव हार गये। डॉ. लोहिया व जयप्रकाश नारायण चुनाव लड़े ही नहीं। इसी निराशा के बीच सन् 53 में पचमढ़ी में सोपा का सम्मेलन हुआ। यहाँ यह तय हुआ कि समान विचारधारा वाली पार्टियों का विलय होना चाहिए। सोपा की बम्बई में कार्य समिति की बैठक हुए उसमें किसान मजदूर प्रजा पार्टी का विलय स्वीकार कर लिया गया।

नये राजनीतिक दल का नाम प्रजा सोशलिस्ट पार्टी रखा गया। हरौल व नर्बदा प्रसाद सिंह को विन्ध्य की इकाई का अध्यक्ष बना दिया गया। सन् 55 में हैदराबाद सम्मेलन में प्रसोपा का पुनः विघटन हुआ। दो दल अस्तित्व में आये, प्रसोपा व सोपा। प्रसोपा के नेता आचार्य नरेन्द्र देव थे व सोपा के डॉ. राममनोहर लोहिया। रीवा में यमुना प्रसाद शास्त्री ने प्रसोपा की कमान सम्हाली जबकि सोपा जगदीश जोशी श्री निवास तिवारी के नेतृत्व में संगठित हुआ। इसी बीच राज्यों के पुनर्गठन आयोग ने विन्ध्य प्रदेश मध्यप्रान्त और महाकौशल को मिलाकर मध्यप्रदेश के गठन का प्रारूप बना। विलीनीकरण की तलवार विन्ध्य प्रदेश पर लटकी हुयी थी। सरदार पटेल ने इस पर दखल दिया। समाजवादी दल के नेताओं ने विलीनीकरण के खिलाफ आन्दोलन छेड़ दिया।

डॉ. लोहिया का मार्गदर्शन इस आन्दोलन को

भी मिला। यहाँ कांग्रेस का पूर्ण बहुमत था। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के प्रायः सभी जन प्रतिनिधि विलय के पक्ष में थे। कांगेस के स्थानीय प्रमुख नेता विलय के मसौदे पर दबाव वश या स्वेच्छा से दस्तखत कर आये। आन्दोलन और उग्र हुआ जिसकी परिणति विधानसभा के भवन के भीतर प्रदर्शनकारियों ने बलात प्रवेश किया व सत्ताधारी दल के प्रतिनिधियों के साथ मारपीट वा छीना–छपटी हुयी। प्रदर्शन आन्दोलन विन्ध्य प्रदेश के अस्तित्व को नहीं बचा सका। नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश के गठन की विधिवत घोषणा कर दी गयी। विन्ध्यप्रदेश का अस्तित्व विलीन हो गया।[9]

सन् 1946 से 56 तक का दशक इस तरह विन्ध्य की राजनीति में समाजवादी दलों का उत्कर्षकाल था। आन्दोलनों के जरिये रीवा के समाजवादी नेताओं की धाक राष्ट्रीय स्तर पर जमी। जनसंघर्षो को नया आयाम मिला। समाजवादी दल व उसके नेता यहाँ की जनता की आवाज के प्रतीक बन गये। यद्यपि उस दल में विरोधाभास अपनी जगह थे। आचार्य नरेन्द्र देव व डॉ. लोहिया की धाराये थी। पर जनसंघर्षों के मुद्दे पर सभी एक थे। कांग्रेस के नेताओं में पण्डित शंभूनाथ शुक्ल स्थापित हो चुके थे।

गोविन्दनारायण सिंह का राजनीतिक दायरा बढ़ रहा था। गान्धीवादी बृजराज सिंह तिवारी, कांग्रेस के अग्रणी नेताओं में थे जबकि शत्रुध्न सिंह तिवारी, राधवेन्द्र सिंह तिवारी और रूक्मणी रमण प्रताप सिंह कांग्रेस की स्थानीय राजनीति में तेजी से उभर रहे थे। विन्ध्यप्रदेश का कालखण्ड में साम्यवादी दलों की कोई उपस्थिति नहीं थी। जबकि जनसंघ यहाँ अपना संगठनात्मक काम शुरू किया था, यद्यपि उसे पहले चुनाव कोई खास जन समर्थन नहीं मिला जबकि लोकसभा व विधानसभा में अपने उम्मीदवार उतारे थे।

पहले चुनाव में जनसंघ के मुकाबले रामराज्य परिषद् का जोर ज्यादा था । हनुमना से परिषद् के ईश्वरचार्य चुने गये थे। कुल मिलाकर इस काल खण्ड में राजनीति के दो घ्रुव थे। एक कांग्रेस जिसके पास स्वाधीनता संग्राम की विरासत थी, व दूसरे समाजवादी दल जिन्होंने आन्दोलनों व संघर्षों के जरिये अपनी राजनीतिक पूँजी जोड़ी। विन्ध्य प्रदेश के बाद (1957 से 1977) मध्यप्रदेश के गठन के पश्चात सन् 1957 में आम चुनावों की घोषणा हुयी।

1956 में राज्यों का पुनर्गठन होने पर संसदीय तथा विधान सभा निर्वाचित क्षेत्र परिसीमन आदेश 1956 द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया। रीवा जिले को छः विधान सभा क्षेत्रों में मऊगंज, त्योंथर, सिरमौर, मनगवां, गुढ़ व रीवा में किया गया। मऊगंज विधानसभा क्षेत्र से दो सदस्य चुना जाना पूर्वरत रहा। सतना जिले के कुछ हिस्से को जोड़कर रीवा संसदीय क्षेत्र का गठन किया गया। इस तरह रीवा संसदीय क्षेत्र का विस्तार संपूर्ण रीवा जिला तथा सतना जिले के एक विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान को लेकर पूरा किया गया। दो जिलों में विस्तारित रीवा संसदीय क्षेत्र के राजनैतिक परिदृश्य और मतदान व्यवहार में अदभुत साम्य है विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की राजनैतिक परिस्थितियॉ, राजनैतिक चिंतन राष्ट्रीय क्षेत्री समस्याओं के प्रति जागरूकता लगभग एक जैसी है वर्गीय संघर्ख रूढिवादी चिंतन संकीर्ण मनोवृति जैसी नकारात्मक दृष्टि भी एक जैसी है।

रीवा जिले में चली राजनैतिक बदलाव की बयार में हुए नव प्रयोगों से संसदीय क्षेत्र की अन्य विधानसभा सीटों की तरह रामपुर बघेलान भी रहा। जहॉ बहुजन समाजपार्टी के प्रत्याशी अप्रत्याशित मतों को हासिल करते रहे और राजनैतिक परिदृश्य में प्रतिष्ठापूर्ण स्थान बनाने में कामयाब रहे। इधर भाजपा और सपा द्वारा तलाशी जा रही जमीन में भी संसदीय क्षेत्र के अन्य विधान सभाओं जैसी स्थिति रामपुर बघेलान की रही है। स्पष्ट है कि सम्पूर्ण रीवा संसदीय क्षेत्र राजस्वीय

सीमा से अलग हटते हुए एक सामान्य सोच सामान्य चिंतन में एक रूपता स्थापित कर एक अलग पहचान राजनैतिक परिदृश्य में बनाने के पथ पर अग्रसर है। निश्चित ही यह राजनैतिक चिंतन बघेल खण्ड के महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र रीवा को एक अलग पहचान, अलग मुकाम देने में सक्षम होगा।

## संदर्भ स्रोत


1. राजनीति (1948–1956) आलेख संकलित विन्ध्य प्रदेश पुनरोदय संघर्ष सं. जयराम शुक्ल पृ. 31
2. प्रो. ब्रजगोपाल शुक्ल एवं एस अखिलेश की पुस्तक समाजवादी आंदोलन से प्राप्त तथ्यों पर आधारित।
3. प्रो. ब्रजगोपाल शुक्ल एवं एस अखिलेश की पुस्तक समाजवादी आंदोलन से प्राप्त तथ्यों पर आधारित।
4. संभावनाओं की भ्रूण हत्या (आलेख) जगदीश जोशी संकलित पुनरोदय का संघर्ष पृ. 07
5. समाजवादी आंदोलन : प्रो. ब्रजगोपाल शुक्ल एवं एस अखिलेश पृ. 167
6. राजनीति (1948–1950) आलेख संकलित पुनरोदय का संघर्ष, पृ. 33
7. विन्ध्य प्रदेश के विधायक आलेख, संकलित पुनरोदय का संघर्ष पृ. (47 से 73) से प्राप्त तथ्य पर आधारित।
8. विन्ध्य प्रदेश के विधायक आलेख, संकलित पुनरोदय का संघर्ष पृ. (47 से 73) से प्राप्त तथ्य पर आधारित।
9. विन्ध्य प्रदेश के विधायक आलेख, संकलित पुनरोदय का संघर्ष पृ. (47 से 73) से प्राप्त तथ्य पर आधारित।

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal

ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 6

Paper Received : 13th Sept. 2023

Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# कृषि एवं आर्थिक विकास

❑ संजीव कुमार चतुर्वेदी *
❑ डॉ. मनीष कुमार शुक्ला **

## शोध-सारांश

*आज विश्व का प्रत्येक राष्ट्र आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिये सतत् प्रयत्नशील है। पूँजीवादी तथा समाजवादी समस्त अर्थव्यवस्थाओं का प्रमुख उद्देश्य अर्थव्यवस्था को समृद्धशाली बनाना है। अल्प–विकसित तथा विकासशील देश जहाँ अपनी सामान्य गरीबी बेरोजगारी, आर्थिक विशमता और पिछड़ेपन से छुटकारा प्राप्त करना चाहते हैं और अपने उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम विदोहन कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु प्रयासरत हैं वहीं विकासशील देश अपने विकास को निरंतर गतिशील बनाये रखना चाहते हैं। आर्थिक विकास वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत मानवीय प्रयत्नों द्वारा कोई देश अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करते हुए देश में गरीबी और आर्थिक विषमता को समाप्त कर नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। इस शोध पत्र में कृषि एवं आर्थिक विकास की संभावनाओं को प्रस्तुत करने का प्रयास है।*

***मुख्य शब्द*–*कृषि, आर्थिक, विकास, बेरोजगारी, आर्थिक, विषमता, और पिछड़ेपन आदि।*

**प्रस्तावना**

भारत वर्ष एक कृषि प्रधान देश है; अतः यहाँ की अर्थव्यवस्था अधिकांषतया कृषि पर आधारित है तथा कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध कराता है। अतः हमारे राष्ट्र का उन्नति प्रमुखतः कृषि विकास पर निर्भर हैं सामाजिक क्षेत्र तथा निर्धन वर्ग के जीवन–यापन के स्तर को आंकलन हेतु कृषि विकास एक उचित सूचकांक माना गया है। सामाजिक, आर्थिक परिप्रेक्ष्य में कृषि के महत्व के संबंध में राष्ट्रीय आर्थिक विकास के प्रमुख तीन मूल उद्देश्य यथा उत्पादन में वृद्धि मूल्य स्थिरता एवं गरीबी उन्मूलन कृषि क्षेत्र के विकास के माध्यम से ही संभव है।

* *शोधार्थी, वाणिज्य विभाग,* शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग),* शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

रीवा जिला में विभिन्न कृषि उत्पादों का एक बड़ा उत्पादक है। उत्पादक की मात्रा की दृष्टि से गेहूँ का सर्वोच्च स्थान है। द्वितीय स्थान पर धान का उत्पादन होता है एवं तृतीय पर 'चना' सर्वाधिक उत्पादन वाला जिला है। अतः उत्पादन की दृष्टि से हमारी स्थिति को बनाये रखने के लिए गुणवत्ता में सुधार के प्रति गंभीर होना होगा। कृषि क्षेत्र में प्रगति की ओर अग्रसर होने के लिए उत्पादन, उत्पादकता, भण्डारण, प्रसंस्करण उद्योगों एवं बाजार में एक सशक्त प्रणाली का कार्यान्वयन आवश्यक है।

किसी देश के आर्थिक विकास में व्यवस्थित कृषि विपणन महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो निम्नलिखित द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है–कृषि उत्पाद में वृद्धि नई तकनीकी के अधिकाधिक प्रयोग से की जा सकती है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि अधिक उत्पादन से कृषक की आय भी अधिक हो। कृषकों को उत्पादन वृद्धि से अनुकूलतम आय तभी प्राप्त हो सकती है जब पैदा की गई कृषि वस्तुओं के विक्रय के लिए क्षेत्र में सुव्यवस्थित विपणन–प्रणाली विद्यमान हों। किसानों को अधिक मेहनत करके उत्पादन वृद्धि करने की प्ररेणा तब मिलती हैं, जब उसके द्वारा उत्पादित माल की उसे उचित कीमत प्राप्त हो, उसे कम विपणन लागत देनी पड़े, ताकि उसकी आय में वृद्धि हो। कृषकों की आय में वृद्धि होने से राष्ट्र के बहुसंख्यक वर्ग (खेती से जुड़े लोगों) की आय में वृद्धि होती हैं, अतः राष्ट्रीय आय में बढ़ोत्तरी होती है। राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने पर सरकार विकास कार्यक्रमों पर अधिक धनराशि खर्च करेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

देश के प्रत्येक क्षेत्र में नागरिकों की आवश्यकताओं की सभी वस्तुएँ पैदा नहीं होती ऐसी स्थिति में कृषि–विपणन व्यवस्था द्वारा देश के प्रत्येक क्षेत्र में उत्पादित खाद्यान्न व अन्य कृषि वस्तुएँ असंख्य उपभोक्ताओं की पूर्ति हेतु पहुँचाई जाती है। यदि विपणन व्यवस्था सुव्यवस्थित नहीं है तो देश में आवश्यक मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हुए, भी उपभोक्ताओं को सही समय एवं सही कीमत पर पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न नहीं मिल पाते, फलस्वरूप देश के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अतः देश अथवा क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए सुदृढ़ विपणन–व्यवस्था का होना अति आवश्यक है। देश में आर्थिक विकास की पंचवर्षीय योजनाओं की सफलता भी कृषि–विपणन व्यवस्था पर निर्भर करती है। कृषि कीमतों में उतार–चढ़ाव कम करने, निर्यात द्वारा विदेशी मुद्रा कमाने तथा नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए देश में कृषि–वस्तुओं की कुशल विपणन–व्यवस्था का होना आवश्यक है। किसी देश के आर्थिक विकास के लिए देश में कच्चे माल के उत्पादन के साथ–साथ देश में निर्मित औद्योगिक माल भी पैदा होना आवश्यक है, अन्यथा कच्चे माल से विदेशों में निर्मित वस्तुएँ नागरिकों को ऊँची कीमतों पर मिलेगी तथा कच्चा माल सस्ती दरों पर बेचना होगा।

अतः उद्योगों का विकास देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। प्रमुख उद्योगों के लिए कच्चा माल जैसे–कपास, तिलहन, जूट, गन्ना आदि कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त होता है। कृषि विपणन से विपणन–मध्यस्थों, परिष्करण–कर्त्ताओं को आय प्राप्त होती है। यदि विपणन–व्यवस्था उचित हैं तो इन्हें अपने कार्य के बदले पर्याप्त आय प्राप्त होगी, जिससे इनका जीवन–स्तर ऊँचा होगा। विपणन–व्यवस्था सुचारु होने से कृषि उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले संसाधन जैसे–बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक दवाईयाँ, कृषि यंत्र आदि उचित समय एवं उचित कीमत पर प्राप्त किए जा सकते हैं। विपणन के ज्ञान से विदेशी मुद्रा कमाने में सहायता मिलती है। विपणन का ज्ञान कई प्रकार के उत्पादन

में प्रयुक्त होने वाले संसाधन जैसे– बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक दवाइयाँ, कृषि यंत्र आदि उचित समय एवं उचित कीमत पर प्राप्त किए जा सकते हैं। विपणन के ज्ञान से विदेशी मुद्रा कमाने में सहायता मिलती है। विपणन का ज्ञान कई प्रकार के उत्पादन निर्णय लेने में सहायता करता है तथा उत्पादन में परिवर्तन करने से अधिक लाभ एवं आय अर्जित की जा सकती है। व्यवस्थित विपणन–व्यवस्था देश के आर्थिक विकास एवं राष्ट्र की खुशहाली में सहायक है तथा अव्यवस्थित विपणन–व्यवस्था आर्थिक विकास की बाधक है। कृषि विपणन देश के कृषि उत्पादन नियोजन का केन्द्र बिन्दु है। यदि कृषि वस्तुओं का बाजार सुव्यवस्थित और सुसंगठित है तो किसान को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो जाएगा, उसकी आर्थिक दशा ठीक हो जाएगी, जीवन–स्तर में वृद्धि होगी तथा उसकी कार्यक्षमता भी बढ़ जाएगी और सामाजिक दृष्टि से उसे न्याय प्राप्त होगा। परिणाम यह होगा कि वह कृषि में सुधार कर सकेगा।

रीवा जिले में संरचनात्मक परिवर्तन के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र सफल घरेलू उत्पाद में वर्ष 1990–91 के 30 प्रतिशत से वर्ष 2010–11 में 14.04 प्रतिशत तक की कमी आई है। यद्यपि मध्यप्रदेश में वर्ष 2008–09 के 09.02 प्रतिशत से वर्ष 2013–14 से सकारात्मक एवं बढ़ती हुई विकास दर के साथ 22.43 प्रतिशत की वृद्धि रही है। अतः रीवा जिला ग्रामीण अर्थव्यवस्था के परिचालन में कृषि क्षेत्र एक महत्वपूर्ण घटक है। प्रमुख फसलें यथा अनाज, गेहूँ, चना, जौ, मटर, मसूर, धान, सोयाबीन, उत्पादन में अधिक वृद्धि राज्य में कृषि हेतु अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों को दर्शाता है।

जिले के खाद्य पोषण और अजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं कृषि को स्थायी और जीवन–यापन का साधन बनाने के लिए कृषि क्षेत्र के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य एवं संकल्प तैयार किए गए हैं।

**संकल्प**

- उच्च वृद्धि दर के स्तर को बनाये रखने के लिए उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना।
- सभी कृषकों द्वारा गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग एवं उपलब्धता में वृद्धि।
- कृषकों को आधुनिक तकनीक के प्रयोग की जानकारी देना।
- कृषकों को यांत्रिक कृषि से परिचित कराना।
- वर्तमान नीति के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन का संचालन करना।
- बंजर भूमि को विकसित कर कृषि योग्य बनाना।
- कृषकों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराना एवं सिंचाई का विस्तार कराना।

**उद्देश्य**

- किसानों के आर्थिक स्तर में सुधार एवं खाद्य स्तर की सुनिश्चितता के लिए फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि।
- जिले के सक्षमता प्रोत्साहन के लिए कृषि पूँजी निर्माण में स्थिरता को बनाये रखने के लिए कृषि के क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि।
- उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- मौसम की अनिश्चितता में नुकसान के बचाव के विकल्प।
- स्थायी कृषि के लिए मिट्टी के गुणवत्ता एवं संसाधन संवर्धन व संरक्षण तकनीक में सुधार।
- सामाजिक कृषि कार्यों के लिए आधुनिक यंत्रों के प्रयोग में वृद्धि।
- ऋण प्रवाह बाजार संरचना एवं जोखिम के न्यूनीकरण में सुधार।
- आपदा प्रबंधन की तैयारी।
- सिंचाई के अधिकतम उपयोग हेतु।

- सिंचाई के अधिकतम उपयोग हेतु वे नवीनतम तकनीक के माध्यम से प्रयोग करना।
- अधिकतम आय एवं नियोजन सृजित करने के उद्देश्य से जैविक खेती और संरक्षित कृषि अपनाने के लिए कृषकों को प्रेरित करना।

**भारत की कृषि विकास स्तर**

वर्ष 2016–17 में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ी। वर्ष 2015 में भारत की अर्थव्यवस्था 07.02 फीसदी (स्थिर मूल्य पर) की दर से बढ़ी जो जी.डी.पी. के संदर्भ में दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति के हिसाब से यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में विकास से अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार आ रहा है। भारत की भूमि नाजुक दौर से गुजर रही है। इस कृषि क्षेत्र में जिले के आधा से अधिक जनता मानव श्रम में लगा हुआ है लेकिन 2014–15 में इसमें केवल 01.01 फीसदी विकास हुआ वर्ष 2014–15 सूखा साल हुआ, क्योंकि 12 फीसदी कम बारिश हुई, 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) के दौरान कृषि क्षेत्र में विकास दर 03.06 फीसदी थी, जो कि अपने लक्ष्य 04 फीसदी से कम है। लेकिन 9वीं एवं 10वीं पंचवर्षीय योजना से 02.05 फीसदी विकास दर से 11वीं पंचवर्षीय योजना काफी अधिक रही, 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के पहले तीन वर्शों में कृषि विकास दर 4 फीसदी के लक्ष्य की तुलना में केवल 02 फीसदी रही।

वर्ष 2016–17 में देश के सकल मूल्य संवर्धन में कृषि का योगदान 17.04 फीसदी है। इसी के साथ–साथ कृषि क्षेत्र के विकास को देखते हुए भारत सरकार ने कृषि विकास हेतु कई कदम उठाये हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचाई अभिगम्यता प्रदान की ओर परंपरागत कृषि विकास योजना के माध्यम से जैविक कृषि की सहायता करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाजार के सृजनार्थ सहायता देने हेतु मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम के द्वारा मृदा उर्वरकता में सुधार लाने के प्रयोजनार्थ कई प्रयास किये गये हैं। इसके अलावा नई स्कीम ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की षुरुआत की गई।

विगत पाँच वर्शों के दौरान चालू मूल्यों पर कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का सकल मूल्य संवर्धन और देश के कुल जीवीए में इसकी भागीदारी निम्नानुसार है–

सारणी क्रमांक 1 से यह स्पष्ट होता है कि

**सारणी क्रमांक–1**
**सकल मूल संवर्धन**

| क्षेत्र | 2014–15 | 2015–16 | 2016–17 | 2017–18 | 2018–19 |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का जीविए | 2093612 | 2227533 | 2496358 | 2670147 | 2755992 |
| कुल जीविए की प्रतिशतता | 18.02 | 17.07 | 17.09 | 17.02 | 16.00 |

**स्रोत**–वार्षिक रिपोर्ट 2019

सकल मूल्यवर्द्धन के परिप्रेक्ष्य में कृषि और संबद्ध क्षेत्र में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014–15 में 18.02 प्रतिशत था जो 2015–16 में 17.07 प्रतिशत रह गया तथा 2016–17 में 17.09 प्रतिशत, 0.2 प्रतिशत से कमी आई इसी तरह 2017–18 में मौजूदा मूल्यों के हिसाब से घटकर 17.02 प्रतिशत

एवं 2018–19 में मात्र 16 प्रतिशत रह गया। तेजी के साथ बदलती हुई अर्थव्यवस्था में सकल मूल्य संवर्द्धन के परिप्रेक्ष्य में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की भागीदारी में कमी आना एक प्रत्याशित परिणाम है।

रीवा जिले की अर्थव्यवस्था के विकास क्रम में उपलब्ध संसाधनों निविष्टियों के प्रबंधन को प्रयुक्त करते हुए कृषि क्षेत्र के यथा फसलें गेहूँ, चना, धान शामिल किया गया है। जिले में उपलब्ध मानव संसाधन एवं ग्यारह कृषि जलवायु क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन अर्थव्यवस्था नामतः भूमि जल मृदा एवं जैव विविधता की स्थिति को दर्शाया गया है। जिले के घरेलू उत्पाद के अनुमान अर्थव्यवस्था के संपूर्ण विकास साथ ही साथ विभिन्न सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों में विकास के स्तर को मापने के लिए महत्वपूर्ण और विश्वसनीय सूचकांक है। ये अनुमान विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और एक स्वास्थ्य आर्थिक नीति को आगे बढ़ाने के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं प्रति व्यक्ति आय राज्य की अर्थव्यवस्था के पूर्ण और सापेक्ष दोनों प्रदर्शनों को निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाती है। ये अनुमान राज्य सरकार नीति आयोग वित्त आयोग और अन्य संगठनों के लिए महत्वपूर्ण हैं यह आर्थिक गतिविधियों में वित्त प्रवाह को नियंत्रित करने और बेहतर विकास योजना के लिए तुलनात्मक अध्ययन में मदद करता है।

मध्य प्रदेश का एक जिला है रीवा जिला विन्ध्य प्रदेश की राजधानी थी बाद में 1956 में मध्यप्रदेश में मिला लिया गया सफेद शेर रीवा जिला की ही देन है। 2011 की जनगणना के अनुसार रीवा जिला की जनसंख्या 2378458 हैं, जिसकी आधी से अधिक जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कुल तहसील 12 है। हुजूर, रायपुर कर्चुलियान, मऊगंज, गुढ़, त्योंथर, सिरमौर,, मनगवां, सेमरिया, जवा, नईगढ़ी तथा विधानसभा क्षेत्र मऊगंज, सेमरिया, सिरमौर, त्योंथर, गुढ़, रीवा, देवतालाब है। रीवा जिला में मुख्य चार मंडियाँ हैं। कृषि उपज मंडी रीवा, कृषि उपज मण्डी रीवा, कृषि उपज मण्डी बैकुण्ठपुर, कृषि उपज मंडी हनुमना, कृषि उपज मण्डी चाकघाट जिनके प्रमुख उत्पाद गेहूँ, सोयाबीन, मसूर दाल, धान, मटर, तथा अन्य है। रीवा जिला जैसे प्रायः सभी अल्प आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में कृषि ही प्रमुख क्षेत्र हैं ऐसी अर्थव्यवस्था में राष्ट्रीय आय का एक बहुत बड़ा भाग कृषि से प्राप्त होता है। अतः कृषि उत्पादन में परिवर्तन कुल राष्ट्रीय आय को प्रभावित करती है और परिणामस्वरूप बचत तथा निवेष दरे भी प्रभावित होती है। यहाँ के लोग कृषि कार्यों के करने के तरीकों में न तो बहुत पिछड़े हैं और न ही बहुत आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं किन्तु उत्पादन आवश्यकता से अधिक कर लेते हैं और इन उत्पादन को मंडियों में विक्रय करने के लिए ले जाते हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार है तथा भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 26 प्रतिशत का योगदान है। कृषि खाद्यान्न उत्पादन के साथ–साथ उद्योगों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराती है। कृषि के अंतर्गत खेती, पशुपालन, वानिकी आदि भी षामिल है। कृषि की दृष्टि से रीवा में विविधता है। भूमि के प्रकार व संरचना धूप व वर्षा फसलों के बोने एवं पकने विभिन्न रूप है। कृषि कार्य से रोजगार खाद्यान्न और आय प्राप्त होती है। फसलों के विक्रय होने से किसानों की आय बढ़ने से उनका जीवन स्तर ऊँचा होता है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता है।

**सारणी क्रमांक–2**

**रीवा जिले में गेहूँ उत्पादन वाले मुख्य तहसील (2018–19)**

| क्र. | उत्पादन करने वाले अव्वल तहसील | जिले के स्थान (क्षेत्रफल के अनुसार) |
|---|---|---|
| 1. | हुजूर | 04 |
| 2. | रायपुर कर्चुलियान | 11 |
| 3. | मऊगंज | 09 |
| 4. | हनुमना | 01 |
| 5. | गुढ़ | 10 |
| 6. | त्योंथर | 02 |
| 7. | सिरमौर | 07 |
| 8. | मनगवाँ | 05 |
| 9. | सेमरिया | 08 |
| 10. | जवा | 03 |
| 11. | नईगढ़ी | 08 |

स्रोत– सांख्यकीय विभाग, रीवा (म.प्र.)

सारणी क्र. 2 द्वारा यह स्पष्ट होता है कि रीवा जिले में गेहूँ उत्पादन करने वाले अग्रसर तहसील में पहला स्थान हनुमना, दूसरा स्थान त्योंथर, तीसरा स्थान जवा, चौथे स्थान पर हुजूर, पाँचवें स्थान पर मनगवाँ, छठवें स्थान नईगढ़ी, सातवें स्थान पर सिरमौर, आठवें स्थान पर सेमरिया, नौवे स्थान पर मऊगंज, दसवें स्थान पर गुढ़ एवं ग्यारहवें स्थान पर रायपुर कर्चुलियान है।

**सारणी क्रमांक–2**

**रीवा जिले में गेहूँ उत्पादन वाले मुख्य तहसील (2018–19)**

| क्र. | तहसील / ब्लॉक | क्षेत्रफल (किमी.) | जनसंख्या (2011) |
|---|---|---|---|
| 1. | गुढ़ | 332 | 127323 |
| 2. | हनुमना | 978 | 254882 |
| 3. | हुजूर | 673 | 479663 |
| 4. | जवा | 753 | 215071 |
| 5. | मनगवाँ | 591 | 216926 |
| 6. | मऊगंज | 382 | 189711 |
| 7. | नईगढ़ी | 528 | 173014 |
| 8. | रायपुर कर्चुलियान | 316 | 103346 |
| 9. | सेमरिया | 410 | 156554 |
| 10. | सिरमौर | 518 | 196736 |
| 11. | त्योंथर | 822 | 251853 |

**स्रोत**–सांख्यकीय विभाग, रीवा (म.प्र.)

सारणी क्र. 3 से विदित होता है कि तहसीलों में सबसे ज्यादा का क्षेत्रफल (978 किमी.) हनुमना तहसील की है एवं सबसे कम क्षेत्रफल (316 किमी.) रायपुर कर्चुलियान तहसील की है। इसी प्रकार जनगणना 2011 के अनुसार रीवा जिले के तहसीलों में सबसे ज्यादा जनसंख्या (254882) हनुमना तहसील की है तथा सबसे कम जनसंख्या (103346) नईगढ़ी तहसील की है।

**सारणी क्रमांक–3.4**

**रीवा जिले में रबी फसलों का क्षेत्राच्छादन**

इकाई रकबा हजार हेक्टेयर

| क्र. | रबी फसल का नाम | 2015–16 | | 2016–17 | | 2017–18 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1. | गेहूँ | 150.00 | 161.90 | 200.00 | 205.31 | 165.00 | 163.11 |
| 2. | जौ एवं अन्य अनाज | 03.00 | 04.72 | 04.00 | 03.50 | 05.50 | 05.34 |
| 3. | चना | 60.00 | 62.64 | 63.00 | 58.50 | 65.00 | 55.45 |
| 4. | मटर | 02.00 | 0.96 | 01.00 | 01.52 | 01.50 | 01.25 |
| 5. | मसूर | 35.00 | 34.13 | 35.00 | 32.66 | 38.00 | 24.44 |
| 6. | अन्य दलहन | 00.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | सरसो/तोरिया | 15.00 | 13.49 | 14.00 | 14.00 | 15.00 | 08.86 |
| 8. | अलसी | 16.00 | 15.41 | 16.00 | 15.00 | 17.00 | 10.16 |
| | **कुल योग** | **281.00** | **293.24** | **333.00** | **333.25** | **307.00** | **268.60** |

**स्रोत**–जिला सांख्यिकीय विभाग रीवा मध्यप्रदेश 2018

उपरोक्त सारणी क्र. 4 से यह स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की रबी फसलों में से 2016–17 में गेहूँ की लक्ष्य रकवा 200.00 हजार हेक्टेयर सबसे अधिक रखी गई जिसकी पूर्ति हेतु 205.31 हजार हेक्टेयर में फसल का क्षेत्राच्छादन किया गया एवं सबसे कम 2015–16 में 150.00 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 161.90 में किया गया, इसी प्रकार जौ एवं अन्य अनाज हेतु 05.34 में क्षेत्राच्छादन किया गया, चना फसल हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 65.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 55.45 में क्षेत्राच्छादन किया गया, मटर हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2015–16 में 02.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 0.96 में क्षेत्राच्छादन किया गया, मसूर हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 38.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 24.44 में क्षेत्राच्छादन किया गया, अन्य दलहन हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, सरसों/तोरिया सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2015–16 में 15.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 13.49 में क्षेत्राच्छादन किया गया, अलसी हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 17.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 10.16 में क्षेत्राच्छादन किया गया एवं सबसे कम लक्ष्य वर्ष 2016–17 में 16.00 हजार हेक्टेयर रखा गया, जिसकी पूर्ति हेतु 15.76 में क्षेत्राच्छादन किया गया।

## सारणी क्रमांक–5
## रीवा जिले में रबी फसलों का उत्पादन

इकाई हजार टन

| क्र. | रबी फसल का नाम | 2015–16 | | 2016–17 | | 2017–18 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1. | गेहूँ | 390.00 | 303.56 | 580.00 | 494.80 | 445.50 | 397.01 |
| 2. | जौ एवं अन्य अनाज | 03.75 | 05.19 | 06.00 | 05.49 | 08.80 | 07.14 |
| 3. | चना | 60.00 | 55.44 | 88.20 | 80.26 | 94.25 | 82.84 |
| 4. | मटर | 01.40 | 0.62 | 0.70 | 01.06 | 01.13 | 0.98 |
| 5, | मसूर | 24.50 | 24.23 | 28.00 | 34.62 | 41.80 | 26.98 |
| 6. | अन्य दलहन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | सरसो/तोरिया | 07.50 | 07.69 | 09.38 | 08.67 | 10.50 | 08.24 |
| 8. | अलसी | 08.00 | 07.63 | 08.00 | 11.09 | 12.75 | 06.71 |
| **कुल योग** | | **495.15** | **404.36** | **720.28** | **635.99** | **614.73** | **529.90** |

**स्रोत**–जिला सांख्यिकीय विभाग रीवा मध्यप्रदेश 2018

उपरोक्त सारणी क्र. 5 द्वारा स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की रबी फसलों में से 2016–17 में गेहूँ की गेहूँ की लक्ष्य 580.00 हजार टन सबसे अधिक रखी गई जिसकी पूर्ति हेतु 494.80 हजार टन में फसल का उत्पादन किया गया एवं सबसे कम 2015–16 में 390.00 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 303.56 में किया गया, इसी प्रकार जौ एवं अन्य अनाज हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 08. 80 हजार टन रखा गया, जिसकी पूर्ति हेतु 07.44 में उत्पादन किया गया, चना सफल हेतु 82.84 में उत्पादन किया गया मटर हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 41.80 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 26.98 में उत्पादन किया गया, अन्य दलहन हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, सरसों/तोरिया सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 10.50 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 08. 24 में उत्पादन किया गया, अलसी हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 12.75 हजार टन रखा गया, जिसकी पूर्ति हेतु 06.71 में उत्पादन किया गया एवं सबसे कम लक्ष्य वर्ष 2015–16 में 08.00 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 07.63 में उत्पादन किया गया।

## सारणी क्रमांक–6
## रीवा जिले में रबी फसलों का उत्पादकता

इकाई किग्रा. प्रतिहेक्टेयर

| क्र. | रबी फसल का नाम | 2015–16 | | 2016–17 | | 2017–18 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1. | गेहूँ | 2600.00 | 1875.00 | 2900.00 | 2410.00 | 2700.00 | 2434.00 |
| 2. | जौ एवं अन्य अनाज | 1250.00 | 11.00 | 1500.00 | 1569.00 | 1600.00 | 1336.00 |
| 3. | चना | 1000.00 | 885.00 | 1400.00 | 1372.00 | 1450.00 | 1494.00 |
| 4. | मटर | 700.00 | 650.00 | 700.00 | 700.00 | 750.00 | 780.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | मसूर | 700.00 | 710.00 | 800.00 | 1660.00 | 1100.00 | 1104.00 |
| 6. | अन्य दलहन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | सरसो/तोरिया | 500.00 | 05.70 | 670.00 | 619.00 | 700.00 | 931.00 |
| 8. | अलसी | 500.00 | 495.00 | 500.00 | 704.00 | 750.00 | 661.00 |
| | **कुल योग** | **7250.00** | **4631.07** | **8470.00** | **9034.00** | **9050.00** | **8740.00** |

**स्रोत–** जिला सांख्यिकीय विभाग रीवा मध्यप्रदेश 2018

उपरोक्त सारणी क्र. 3.6 से स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की रबी फसलों में से 2016–17 में गेहूँ की लक्ष्य रकवा 2900.00 हजार टन सबसे अधिक रखी गई जिसकी पूर्ति हेतु 2410.00 हजार टन में फसल की उत्पादकता की गई, एवं सबसे कम 2015–16 में 2600.00 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 1875.00 में की गई, इसी प्रकार जौ एवं अन्य अनाज हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 1600.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया, जिसकी पूर्ति हेतु 1336.00 में उत्पादकता की गई, चना सफल हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 1450.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 1494.00 में उत्पादकता की गई, मटर हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 750 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया, जिसकी पूर्ति हेतु 780.00 उत्पादकता की गई, मसूर हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 1100.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 1104.00 उत्पादकता की गई, अन्य दलहन हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित नही किया गया, सरसों/तोरिया सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 700.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 931.00 उत्पादकता की गई अलसी हेतु सबसे अधिक लक्ष्य वर्ष 2017–18 में 750.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 661.00 में उत्पादकता की गई एवं सबसे कम लक्ष्य वर्ष 2015–16 में 500.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 495.00 उत्पादकता की गई।

**सारणी क्रमांक–7**

**रीवा जिले में खरीफ फसलों का क्षेत्राच्छादन**

इकाई रकवा हजार प्रतिहेक्टेयर

| क्र. | खरीफ फसल का नाम | 2015–16 | | 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1. | धान | 130.00 | 117.14 | 125.00 | 116.46 |
| 2. | ज्वार | 14.00 | 13.04 | 14.00 | 08.50 |
| 3. | मक्का | 04.00 | 04.12 | 05.00 | 01.07 |
| 4. | बाजरा | 01.00 | 0.30 | 01.00 | 0.32 |
| 5. | कौदो कुटकी/अन्य | 01.05 | 01.24 | 01.50 | 01.00 |
| 6. | अरहर | 45 | 45.10 | 48.00 | 32.90 |
| 7. | मूंग | 10.00 | 10.08 | 12.00 | 06.41 |
| 8. | उड़द | 20.00 | 90.25 | 20.00 | 16.82 |
| 9. | कुल्थी एवं अन्य | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10. | तिल | 08.00 | 08.20 | 10.00 | 05.38 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | सोयाबीन | 44.00 | 40.92 | 38.00 | 32.18 |
| 12. | रामतिल | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 13. | मूंगफली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 14. | अन्य तिलहन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **कुल योग** | **277.50** | **259.39** | **274.00** | **221.05** |

उपरोक्त सारणी क्र. 7 द्वारा स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की खरीफ फसलों में से 2015–16 में धान की लक्ष्य रकवा 130.00 हजार हेक्टेयर जिसकी पूर्ति हेतु 117.14 हजार हेक्टेयर में फसल का क्षेत्राच्छादन किया गया एवं इसी प्रकार ज्वार का लक्ष्य 14.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 13.04 में क्षेत्राच्छादन किया गया, मक्का फसल हेतु लक्ष्य में 04.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 04.12 में क्षेत्राच्छादन किया गया, बाजरा हेतु 01.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 0.30 में क्षेत्राच्छादन किया गया, कोदौ–कुटकी हेतु 01.05 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 01.24 में क्षेत्राच्छादन किया गया, अरहर हेतु 45 जिसकी पूर्ति 45.01 मूंग में 10.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 10.08 में क्षेत्राच्छान किया गया, उड़द हेतु 20.00 जिसकी पूर्ति हेतु 19.25 में क्षेत्राच्छादन किया गया एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 08.00 जिसकी पूर्ति 08.00 सोयाबीन 44.00 जिसकी पूर्ति 40.92 रामजिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया। 2016–17 में धान का 125.00 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 116. 46 किया गया, ज्वार का लक्ष्य 14 एवं पूर्ति 08.05, मक्का का लक्ष्य 05.00 एवं पूर्ति 01.07, बाजरा 01. 00 एवं पूर्ति 0.32, कोदौ–कुटकी हेतु 01.05 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 01.00 में क्षेत्राच्छादन किया गया, अरहर हेतु 48 जिसकी पूर्ति 32.09 मूंग में 11.00 हजार हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 06.41 में क्षेत्राच्छादन किया गया, उड़द हेतु 19.25 जिसकी पूर्ति हेतु 16.82 में क्षेत्राच्छादन किया गया एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 10.00 जिसकी पूर्ति 05.38, सोयाबीन 38.00 जिसकी पूर्ति 32.18, रामतिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया।

**सारणी क्रमांक–8**

**रीवा जिले में खरीफ फसलों का उत्पादन**

इकाई हजार टन

| **क्र.** | **खरीफ फसल का नाम** | **2015–16** | | **2016–17** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **लक्ष्य** | **पूर्ति** | **लक्ष्य** | **पूर्ति** |
| 1. | धान | 396.50 | 407.30 | 475.00 | 320.13 |
| 2. | ज्वार | 12.60 | 14.02 | 16.10 | 08.15 |
| 3. | मक्का | 04.80 | 03.68 | 07.00 | 0.79 |
| 4. | बाजरा | 01.10 | 0.33 | 01.25 | 0.30 |
| 5. | कौदो कुटकी/अन्य | 0.98 | 01.24 | 01.50 | 0.82 |
| 6. | अरहर | 31.50 | 24.40 | 36.00 | 22.01 |
| 7. | मूंग | 04.50 | 05.02 | 07.20 | 03.55 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | उड़द | 10.00 | 10.76 | 13.00 | 09.56 |
| 9. | कुल्थी एवं अन्य | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10. | तिल | 03.20 | 02.44 | 04.50 | 01.61 |
| 11. | सोयाबीन | 59.40 | 29.99 | 38.00 | 26.20 |
| 12. | रामतिल | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 13. | मूंगफली | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 14. | अन्य तिलहन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **कुल योग** | 524.58 | **499.18** | **599.55** | **393.12** |

उपरोक्त सारणी क्र. 8 से यह स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की खरीफ फसलों में से 2015–16 में धान की लक्ष्य 396.05 हजार टन जिसकी पूर्ति हेतु 407.03, इसी प्रकार ज्वार का लक्ष्य 12.06 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 14.02 में उत्पादन किया गया, मक्का फसल हेतु लक्ष्य में 04.80 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 03.68, में उत्पादन किया गया, बाजरा हेतु 01.10 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 0.33 में उत्पादन किया गया, कोदौ–कुटकी हेतु 0.98 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 01.24 में उत्पादन किया गया, अरहर हेतु 31.05 जिसकी पूर्ति 24.04 मूंग में 04.05 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 05.02 में उत्पादन किया गया, उड़द हेतु 10.00 जिसकी पूर्ति हेतु 10.76 में उत्पादन किया गया एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 03.02 जिसकी पूर्ति 02.44 सोयाबीन 59.04 जिसकी पूर्ति 29.99 रामजिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया। 2016–17 में धान का 475.0 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 322. 03 किया गया, ज्वार का लक्ष्य 16.10 एवं पूर्ति 08.15, मक्का का लक्ष्य 07.00 एवं पूर्ति 0.79, बाजरा 01. 25 एवं पूर्ति 0.30, कोदौ–कुटकी हेतु 01.05 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 0.82 में उत्पादन किया गया, अरहर हेतु 36.00 जिसकी पूर्ति 22.01 मूंग में 07.20 हजार टन रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 03.55 में उत्पादन किया गया, उड़द हेतु 13.00 जिसकी पूर्ति हेतु 09.56 में एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 04.05 जिसकी पूर्ति 01.61, सोयाबीन 38.00 जिसकी पूर्ति 26. 20, रामतिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया।

**सारणी क्रमांक–9**

**रीवा जिले में खरीफ फसलों की उत्पादकता**

इकाई हजार प्रति हेक्टेयर

| क्र. | खरीफ फसल का नाम | 2015–16 | | 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ति | लक्ष्य | पूर्ति |
| 1. | धान | 3050 | 3477 | 3800 | 2766 |
| 2. | ज्वार | 900 | 1075 | 1150 | 958 |
| 3. | मक्का | 1200 | 894 | 1400 | 736 |
| 4. | बाजरा | 1100 | 1100 | 1250 | 950 |
| 5. | कौदो कुटकी/अन्य | 650 | 996 | 1000 | 821 |
| 6. | अरहर | 700 | 541 | 750 | 669 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | मूंग | 750 | 498 | 600 | 554 |
| 8. | उड़द | 500 | 559 | 650 | 568 |
| 9. | कुल्थी एवं अन्य | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10. | तिल | 400 | 1100 | 450 | 299 |
| 11. | सोयाबीन | 1350 | 996 | 1000 | 814 |
| 12. | रामतिल | 0.00 | 541 | 0.00 | 0.00 |
| 13. | मूंगफली | 0.00 | 559 | 0.00 | 0.00 |
| 14. | अन्य तिलहन | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **कुल योग** | | **10600** | **10170** | **12050** | **9135** |

उपरोक्त सारणी क्र. 9 से यह स्पष्ट होता है कि रीवा जिले की खरीफ फसलों में से 2015—16 में धान की लक्ष्य 3050.00 किग्रा. प्रति हेक्टेयर जिसकी पूर्ति हेतु 377.00 इसी प्रकार ज्वार का लक्ष्य 900.00 जिसकी पूर्ति हेतु 1075.00, में उत्पादकता किया गया, मक्का फसल हेतु लक्ष्य में 1200 जिसकी पूर्ति हेतु 894, बाजरा हेतु 1100 जिसकी पूर्ति हेतु 1100 में, कोदौ—कुटकी हेतु 650 जिसकी पूर्ति हेतु 996 में, अरहर हेतु 700 जिसकी पूर्ति 541 मूंग में 450 जिसकी पूर्ति हेतु 498 में, उड़द हेतु 500 जिसकी पूर्ति हेतु 559 में उत्पादकता किया गया एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 400 जिसकी पूर्ति 297, सोयाबीन 1350 जिसकी पूर्ति 733, रामजिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया। 2016—17 में धान का 3800 का लक्ष्य रखा गया जिसकी पूर्ति 2766 किया गया, ज्वार का लक्ष्य 1150 एवं पूर्ति 958, मक्का का लक्ष्य 1400 एवं पूर्ति 736, बाजरा 1250 एवं पूर्ति 950, कोदौ—कुटकी हेतु 1000 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 821 में, अरहर हेतु 750 जिसकी पूर्ति 669 मूंग में 600 रखा गया जिसकी पूर्ति हेतु 554 में, उड़द हेतु 650 जिसकी पूर्ति हेतु 568 में एवं कुलथी एवं अन्य में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया, तिल में 450 जिसकी पूर्ति 299, सोयाबीन 1000 जिसकी पूर्ति 814, रामतिल, मूंगफली एवं अन्य तिलहन में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया।

इस प्रकार से कहा जा सकता है कि देश में भूमि सुधार कार्यक्रमों को प्रभावषाली ढ़ंग से क्रियान्वित नहीं किया गया है, फिर भी समग्र कृषि भूमि में सुधार की जो पहल और प्रभाव दिखाई दिया गया है, वह सराहनीय है। कृषि सहित सभी आर्थिक क्षेत्रों में आर्थिक क्रियाओं के संचालन और विस्तार के लिए वित्त या साख की आवश्यकता होती है। कृषि क्षेत्र की अपनी कुछ खास विशेषताएँ होती हैं, जिनके कारण कृषि वित्त और औद्योगिक वित्त आदि से भिन्न होती है। एक ओर कृषि में स्थायी लागत के लिए जहाँ बड़ी मात्रा में पूँजी की आवश्यकता होती है, वहीं बीज, उर्वरक, कीटनाषक, कृषि यंत्र जैसी अल्पकालीन आवश्यकताओं के लिए ऋण की जरूरत पड़ती है।

## संदर्भ स्रोत


1. गुन्नार मिर्डल, इकोनोमिक थ्योरी एण्ड अन्डर डेवलप्ड रीजन, पृ. 99
2. शुल्ज, द रोल ऑफ गवर्मेंट इन प्रोमोटिंग इकोनोमिक डेवलपमेंट, पृ. 372
3. कॉल, हूबर, पॉपुलेशन ग्रोथ एण्ड इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन लो इनकम कन्ट्रीज, पृ. 127
4. मेयर एवं वाल्डविन, इकोनॉमिक डेवलपमेन्ट, पृ. 25—26

5. एरिक रोल, ए हिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक थॉट, पृ. 27
6. अग्रवाल एवं सिंग, द इकोनॉमिक्स ऑफ अन्डर डेवलपमेंट, पृ. 11–19
7. नाथुरामका लक्ष्मीनारायण, भारतीय अर्थव्यवस्था, लक्ष्मीनारायण प्रकाशन, 1987–88
8. कृषि उपज मण्डी, रीवा, बैकुण्ठपुर, चाकघाट हनुमना 2019

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# बघेली साहित्य : अतीत के अदृश्य प्रतिमान और वर्तमान परिदृश्य

बुद्धसेन पटेल *
डॉ. राघवेन्द्र तिवारी **

**शोध-सारांश**

*मनुष्य और समाज की पारस्परिक अन्योन्याश्रितता उसके विचारों से परिपुश्ट होती है और इस वैचारिक आदान–प्रदान के लिए किसी न किसी भाषा की आवश्यकता होती है। 21वीं सदी के प्रारंभ के साथ अपनी आभा बिखेरने वाली अवधी की अनुजा बघेली मध्य प्रदेश के, जो भारत का हृदय स्थल है, भूभाग बघेलखंड में सृजन के क्षेत्र में पहचान बनाने में सफल हुई। सृजनात्मक के क्षेत्र में लोककाव्य से लेकर खंडकाव्य, गीत, नव गीत, आदि की यात्रा करते हुए छन्दों में निबद्ध बघेली समकालीन परिदृश्य में एक समर्थ जनपदीय भाषा बनने की दिशा में अग्रसर है। मध्य प्रदेश भारत का हृदय स्थल है। यहां भारतवर्ष की आत्मा का निवास होता है। इसी से जीवन होने का अस्तित्व निर्धारित होता है। लोक साहित्य शास्त्रीय मर्यादाओं से विमुक्त होता है। इसमें हमारी भावनाएं और संचित परंपराएं सहजता के साथ बीहड़ों में मार्ग बनाती हुई प्रवाह मान है। यहां की सांस्कृतिक विविधता का अद्‌भुत संगम लोक साहित्य में दृष्टिगोचर होता है। 'प्रकृति के साथ गहराई से जुड़े होने के कारण उसके प्राकृतिक रूप रंग का सौंदर्य सहजता से पल्लवित पुश्पित हुआ है।'*

***मुख्य शब्द***–*बघेली, अतीत, अदृश्य प्रतिमान, वर्तमान, परिदृश्य, सांस्कृतिक, विविधता, लोक काव्य, पारंपरिकता, जनपदीय भाषा अभिव्यक्ति आदि।*

**प्रस्तावना**

किसी भी जनपद का साहित्य वहां की सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहरों को सहेज कर पीढ़ियों तक संरक्षित एवं सुरक्षित रखता है। लोक साहित्य की दृष्टि से इस प्रदेश को तीन भागों में विभक्त किया गया है। यहां पर मुख्य रूप से

* *शोधार्थी, हिन्दी विभाग*, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *सहायक प्राध्यापक एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग*, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, जिला रीवा (म.प्र.)

बघेली, बुंदेली और मालवी बोली जाती है। इन्हीं जनपदीय भाषाओं में जन की अभिव्यक्ति, आशा–निराशा, हर्ष–विपाद, हानि–लाभ, दैनंदिन जीवन के कार्यों का लेखा–जोखा, उत्सव–त्योहारों आदि अनेक रूपों में चित्रित हैं। जो यहां की सहज परंपराओं को सदियों से अपने आप में समेटे हुए हैं। मानव और प्रकृति का अन्योन्याश्रित संबंध इन्हीं जन साहित्य में अविरल अनवरत प्रवाहित हो रहा है। लोक की कलाओं का सांगोपांग समावेश लोक साहित्य में विविध रूपों में बिखरा हुआ है।

वैश्वीकरण के दौर में सामाजिक सांस्कृतिक परंपराएं कराह रही हैं। उनका सहज प्रवाह अवरुद्ध हो गया है। साहित्यिक विकास की यात्रा में एक तरफ जहां अनेक विधाओं का सृजन हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर भाषा की प्रयोजननीयता के चक्कर में आधुनिक युग में भाषा का जो स्वरूप निर्मित हुआ है वह क्षेत्रीय भाषाओं के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं के समक्ष अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। वर्चुअल वर्ल्ड के दौर में लोक भाषाएं विलुप्त होती जा रही हैं। एक आंकड़े के अनुसार दुनिया की लगभग ढाई सौ भाषाएं आस्तित्व विहीन हो गई हैं। भाषाओं के गुण होने का कारण है वहां की सांस्कृतिक विरासत का विलुप्त होना। जन मन की अभिव्यक्ति और परंपराओं का विलुप्त होना का हैं वहां की संस्कृति का अस्ताचल में गाना होता है। परिणाम स्वरूप एक सभ्यता या युग का अंत होना।

साहित्य के विकास की यात्रा में आदिकाल से लेकर रीतिकाल तक इस दिशा में प्रयास हुआ। जहां हम ग्रामीण जनजीवन को उन्हीं की भाषाओं में सहेजने में सफल हो पाए लेकिन आधुनिक युग की चुनौतियों ने जहां हमें जन से जुड़ाव की ओर मोड़ा वहीं दूसरी ओर एकीकरण की भाषिक चुनौती ने हमें हमसे काट दिया। हम भाशिक स्तर पर लोक से कटते चले गए। पांडित्य प्रदर्शन के इस दौर में हम लोक साहित्य से नागर साहित्य की साधना में सन्नद्ध हो गए। परिणामस्वरूप लोक साहित्य के अभाव में लोक जीवन खतरे में आ गया। 'किसी भी प्रदेश की संस्कृति वहां की जीवंत लोक कला से ज्ञात होती है। समस्त लोक कला का उद्‌गम लोक जीवन ही है।'

वैसे लोक साहित्य में लिखित में ज्यादा अनिखित साहित्य विखरा पड़ा है। बघेलखंड की दृष्टि से विचार करें तो बली के इस अलिखित साहित्य को सहेजने का प्रथम प्रयास लखन प्रताप सिंह उरगेश द्वारा किया गया है। जिन्होंने इस जनजातीय अंचल में बिखरे लोक जीवन को यहां की ग्रामीण परंपराओं को सांस्कृतिक विविधताओं को तथा जीवन की सहजता को समेटने का, उन्हें जीवंत बनाने का कठिन कार्य किया है। बघेलखंड के सहज जन जीवन को षैली गत रूप देने का कार्य प्रारंभिक चरण के कवियों ने किया। बघेली के इन आधार कवियों ने ग्रामीण जीवन की विडंबना और अभावों को सरल सहज भाषा में व्यक्त करने के साथ लोकतंत्र की स्थापना के बाद जन हित में बनी योजनाओं के प्रति शिक्षा के अभाव में जागरूकता न होने के कारण उन योजनाओं का महत्व न जानने के कारण उनसे दूर भागते जन मानस को शिक्षित करने का भी कवियों ने किया है–

**सो अब भाई काम बूत सब, देखा अपने घर का।**
**जबर जोजना सुनिकै सब जन, गोरुअन कस ना छरका।।**
**बांधा फेंट करा अब साहुति, समझा बूझा ओका।**
**ढेरि किहे पर मिली मुसकिलेन, एतना निकहा मोका।।**

लोक साहित्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन काल से चली आ रही है। इतिहास अत्यंत प्राचीन है। लोक या जन शब्द को वैदिक कल्पनाएं मिली हैं। ऋग्वेद में लोक के लिए जन का भी प्रयोग उपलब्ध होता है।

यह ठीक है कि मानव सभ्यता के उदय के साथ बोली का इतिहास जुड़ा हुआ है। प्रारंभिक काल से मानव ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए जिस भाषा रूप का प्रयोग किया वही

बोली के रूप में जानी गयी। यही बोली का अलिखित रूप धीरे–धीरे विकास की यात्रा में लिखित रूप लेता गया जो साहित्य के रूप में जाना गया। आगे चलकर धीरे–धीरे जन की समस्याओं, इच्छाओं और अपेक्षाओं को साहित्यिक अभिव्यक्ति मिलती गई। लोकमानस की अभिव्यक्ति का अर्थात विचार व्यक्त करने का माध्यम जो भाषा रही है वही बोली के रूप में जानी गई। बोली का इतिहास अत्यंत समृद्धशाली रहा है। वैदिक साहित्य से लेकर रामचरितमानस तक लोक साहित्य किसी न किसी रूप में प्रवहमान है। लोक साहित्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन काल से लेकर आज तक चली आ रही है। इसका प्रवाह अक्षुण्ण है।

लोक भाषा का क्षेत्र प्रयुक्ति के आधार पर भले ही सीमित हो लेकिन लोक साहित्य की परिधि व्यापक एवं विस्तष्त है। वैसे हिंदी की उत्पत्ति 10 वीं शताब्दी से मानी जाती है। लेकिन उसका स्वरूप 19वीं शताब्दी के प्रारंभिक चरण तक लोक भाषा अर्थात बोलियों का ही रहा है। विद्यापति, चंदबरदाई से लेकर महादेवी वर्मा और जयशंकर प्रसाद तक लोक भाषा किसी न किसी रूप में साहित्य बदली होरकृतिको कार के लिए बोली का सर्जना का माध्यम बनी रही है। इसके दो रूप प्रायः देखने को मिलते हैं एक ठेठ और दूसरा मिश्रित ठेठ विशुद्ध ग्रामीण जीवन पर आधारित था, जबकि शिष्ट रूप वह है जो ग्रामीण जीवन का नागर जीवन में जुड़ाव होने के कारण उस ग्राम्य भाषा का परिष्कृत रूप जायसी एवं तुलसी की साहित्यिक माया की बात करें तो जायसी की भाषा को ठेठ और तुलसी की भाषा को शिष्ट भाषा कहा जा सकता है। शायद यही कारण है कि तुलसी जनमानस में ज्यादा लोकप्रिय हुए।

वैसे बघेली भी अवधी की एक शाखा है लेकिन साहित्य की दृष्टि से उसका अपना स्वतंत्र अस्तित्व है। डॉ धीरेंद्र वर्मा के अनुसार– श्नई खोज के अनुसार बघेली कोई स्वतंत्र बोली नहीं है, बल्कि दक्षिणी का एक रूप है। यदि महाराज रघुराज सिंह कृत 'भक्तमाल' में ब्रज के लालित्य का समावेश मिलता है। क्योंकि सत्रहवीं शताब्दी से लेकर उन्नीसवीं शताब्दी तक के साहित्य में ब्रज भाषा सभी भाषाओं को पटकनी देकर पटल पर प्रतिष्ठित हो गई थी। लेकिन आगे चलकर धीरे–धीरे बघेली ने सृजन के क्षेत्र में अपना स्वतंत्र स्वरूप विकसित किया।

समकालीन बघेली साहित्य काव्य की परिधि से ऊपर उठकर कहानी, नाटकों आदि विधाओं की भी भाषा बन गई है। उसका अपना व्याकरण भी तैयार हो गया है। यही नहीं बघेलखंड का ग्रामीण समाज अपनी दैनंदिन जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बघेली का प्रयोग करता है। राजतंत्र में बघेलखंड के शासकीय कार्यों में भी बघेली का प्रयोग होता था। महाराजा विश्वनाथ सिंह, रघुराज सिंह आदि के शासनकाल में समस्त आदेश बघेली में ही होते थे। महाराजा रघुराज सिंह ने रणमत सिंह को जो पत्र लिखे उनमें वघेली का मानक रूप प्रतिबिंबित होता है। वर्तमान में शासकीय क्षेत्र में लिखित न सही किंतु मौखिक रूप में कामकाज निपटाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि बघेली प्रयोजननीयता की दिशा में भी अग्रसर है। ऐसी स्थिति में इसके षिल्प और कथ्य की पड़ताल करना आवश्यक हो गया है।

बघेली की समृद्ध परंपरा हिंदी भाषा और बोलियों के तमाम संकट से जूझते इस दौर में अपनी प्रगति के कितने सोपान पार कर अपना पुश्ट स्वरूप ग्रहण कर रही है। भारत की संस्कृति विविधता वाली संस्कृति रही है। यहां पर आचार–विचार, रहन–सहन और खान–पान के साथ भाषा में भिन्नता देखने को मिलती रहती है। जिस प्रकार हमारी मुट्ठी में छोटी–छोटी उंगलियों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता, उसी प्रकार इस देश की भाषा के एकात्मक स्वरूप में विविध क्षेत्रों में

बोली जाने वाली बोलियों के अस्तित्व को भी नकारा नहीं जा सकता है। यदि हम समग्र रूप में विचार करें तो भाषा के इतिहास में हमारी राष्ट्रीय अभिव्यक्ति के लिए भाषा का जो स्वरूप वर्तमान में प्रचलित है उसके मूल में बोलियों का इतिहास महत्वपूर्ण है।

एक ही बोली के अलगअलग क्षेत्रों में कुछ परिवर्तनों के साथ अलग अलग रूप देखने को मिलते हैं। यदि हम बघेली की बात करें तो रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया और शहडोल जो मुख्य रूप से बघेलखंड का भाग है, में प्रयुक्ति के आधार पर बघेली का स्वरूप अलग–अलग मिलेगा। यही नहीं क्षेत्रीय स्वरूप के साथ–साथ जातीय स्वरूप भी अलग–अलग है। जैसे ठाकुर साहब की बघेली और उसी गांव में रहने वाले आदिवासी परिवार की बघेली का स्वरूप भिन्न भिन्न होता है। ठाकुर साहब के यहां भोजन बनने पर उनकी बेटी भोजन के लिए बुलाते समय कहती है कि दाऊ साहब! जेउनार बनिगा है जेय लेई। तो वहीं आदिवासी की बेटी अपने पिता को भोजन के लिए बुलाते समय कहती है कि दद्दा रे खांय का बनिगा है खाय ले।

समकालीन बघेली साहित्य की पद्य से गद्य की यात्रा बेजोड़ रही है। वर्तमान समय में जहां एक ओर कविता का स्वर बदला है वहीं दूसरी ओर गद्य साहित्य में भी कथ्य और शिल्प की दिशा में बदलाव दृष्टिगोचर हो रहा है। समय समय पर समाचार पत्रों में बघेली में 'स्तंभ लेखन' का कार्य भी 'प्रणय' जी, बाबूलाल दाहिया द्वारा किया गया है। जिसका कलेवर निबंधात्मक रहा है। इस तरह से कहानियों और निबंधों की तरह बघेली नाटकों का भी बघेली साहित्य के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है। इस दिशा में बघेली नाटकों को मंत्री स्वरूप प्रदान करने में योगेश त्रिपाठी की रंगमंचीय और अभिनेय दृष्टि को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने विजय दान देथा की लोक कथा होइहैं सोई जो राम रचि राखा का बघेली अनुवाद कर सफल मंचन किया। उनके इस प्रकार के प्रयास ने बघेली नाट्य साहित्य को ऊंचाइयां प्रदान की है।

नाटक के क्षेत्र में बघेलखंड का प्राचीन काल से ही योगदान रहा है। महाराजा विश्वनाथ सिंह का आनंद रघुनंदन नाटक के क्षेत्र में पहला प्रयास है, जो इस भूभाग में रचा गया। हीरेंद्र सिंह सेंगर का नाटक कौन भूमि ते भारी बघेली नाट्य परंपरा का अनूठा उदाहरण है। इसका सफलतापूर्वक मंचन भी किया गया है। एक गीत पर आधारित अहीरों की जातीय परंपरा को चित्रित करने वाले नाटक छाहुर का मंचन बघेली नाट्य परंपरा में चार चांद है। छाहुर बघेलखण्ड में वर्षों पुरानी कहानी पर आधारित है। इसमें अकाल के समय जबरन लगान बसूलने का छाहुर विरोध करता है। परिणाम यह हुआ कि उसके मवेशी हड़प लिए जाते हैं। इस घटना में मार्क्सवादी चिंतन की झलक देखने को मिलती है। समकालीन बघेली साहित्य विधाओं की दृष्टि से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। गद्य विधाओं में भी कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब रहा है। बघेली साहित्य में किसान मजदूर, अमीर–गरीब, अन्याय, अत्याचार, शोषण और संघर्ष सभी का चित्रांकन सफलतापूर्वक किया गया है। सामाजिक विषमता और दरिद्रता की कहानी का बखान बघेली साहित्य में अनोखा है। समय के बदलाव के साथ जीवन में आया दोमुंहापन देश को खोखला कर रहा है। जिसके कारण परिवार और समाज का स्वरूप बिखर रहा है।

साहित्य समाज और उसकी परिस्थितियों से प्रभावित होता है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है। उसमें अच्छे बुरे सभी पक्ष अपने–अपने रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। कवि कर्म समाज की बुराइयों के बहाने उसे सुंदर बनाना होता है, जिसके माध्यम से वह सभ्यता और संस्कृति को चित्रित कर समाज को सुसभ्य और सुसंस्कृत बनाता है। कवि सभ्यता और संस्कृति का विकास करने वाला

होता है। वह जीवन का एक आदर्श प्रस्तुत करता है। जीवन की कला कवि की कृतियों द्वारा ही विकास पाती है। कवि अमष्तमय संदेशों द्वारा सत्य और सौंदर्य की सीख देता है।

बघेलखंड की राजसत्ता भी मुगल प्रभाव से प्रभावित रही है। बघेली के प्रारंभिक चरण के साहित्यकारों ने किसान, मजदूर, भूख, लाचारी, बेबसी आदि के दृश्यों की जो सषृश्टि की उसमें इस अपसंस्कृति के दृश्य सहज ही देखे जा सकते हैं। उसी दमनकारी साहित्य को अध्येता साहित्यकारों ने अपनी कल्पनाओं में गढ़कर समाज के सामने प्रस्तुत किया। बघेलखंड में निवास करने वाले वर्गों में एक वर्ग ऐसा था जो सत्ताधारी था। चाहे वह राजा रहा हो या इलाकेदार, परगना या पवाईदार रहा हो जो अभावों से दूर था। एक दूसरा वर्ग पेशेवर वर्ग था जिसमें लोहार, बढ़ई, कुम्हार, केवट, कुर्मी आते हैं जो अपने पारंपरिक कार्यों में संलग्न थे। इसके माध्यम से एक तरफ जहां समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी वहीं दूसरी ओर इनकी आजीविका भी चलती थी। साथ ही जिसमें कुर्मी समाज परंपरा से कृषि कार्यों में संलग्न था जिसे समाज में आज भी बेउहर कहा जाता था। उसी के श्रम से समाज का भरण पोषण होता था। काछी समुदाय सब्जी–भाजी के व्यवसाय में लगा रहता था। समाज जीवन इन्हीं पेशेवर वर्गों पर आश्रित था। हां समाज में पहनने, ओढ़ने के कपड़ों का अभाव जरूर था, क्योंकि तब तक समुचित मात्रा में कल कारखानों का विकास नहीं हो पाया था । व्यवसाय के तरीके अलग–अलग थे। यातायात के साधनों का विकास ना होने से गांव का उत्पादित अनाज शहर तक ना जाकर गांव का गांव में ही व्यापार चलता था। इन अभावों में भी ग्रामीण समाज रामराज ही मानकर चलता था।

**टठिया भर डोभरी खाय, बलभर डकरात फिरी।**
**फटहिन लंगोटी मा राम राज मानेन है।।**

बघेली साहित्य पर नजर दौड़ाई जाए तो एक तरफ बघेली लोक साहित्य में सहज ग्राम्य जीवन, उसके संस्कार, संस्कृति, रहन–सहन का अनपढ़ समाज द्वारा गीतों के माध्यम से चित्रांकन देखने को मिलता है। वहीं दूसरी ओर प्रारंभिक चरण के कवियों में मुगल इतिहास, मार्क्सवादी और समाजवादी चिंतन की झलक दिखाई देती है। समाज के रहनुमा किसान–मजदूर क्रांति के बहाने अपनी कोठी भरने में लगे थे। बघेली साहित्य में अभिव्यक्त समाजवाद या सर्वहारा की चिंता चिंतन प्रधान की जगह कल्पना आश्रित बनी रही। बघेली की वर्तमान दषा एवं दिशा को देखकर सहज ही पता लगाया जा सकता है कि आजादी के इन 75 वर्शों में भी इस जन भाषा में प्रचुर मात्रा में साहित्य होने के बाद भी साहित्य जगत में स्थान न मिलने का कारण सृजन के क्षेत्र में अप्रासंगिक विशयों का समावेश ही माना जा सकता है जिसका सामान्य जनमानस से कोई सरोकार नहीं रहा।

सृजन के क्षेत्र में बघेली का अस्तित्व आरंभिक काल से संपूर्ण बघेलखंड में सामान्य बोलचाल से लेकर सृजनशीलता की दिशा में अलग–अलग स्वरूप देखने को मिलता है, जिसका मुख्य कारण सीमावर्ती क्षेत्रों की भाषा का प्रभाव । वैसे यह सिर्फ बघेली में ही नहीं कमोवेश सभी भाषाओं के साथ है। साथ ही देश काल और वातावरण का प्रभाव भी भाषा पर पड़ता है। जिससे वर्तमानमें बघेली भी अछूती नहीं है। प्रारंभिक चरण की बोली पर दृष्टिपात की तो सतना से लखन प्रताप सिंह 'उरगेश' , सैफुद्दीन सिद्दीकी, सीधी से रामदास परागी, भगवती प्रसाद शुक्ला, षम्भू प्रसाद द्विवेदी, राजीव लोचन 'राजीव' रीवा के वैजनाथ पाण्डेय 'बैजू' के अतिरिक कई नामी अनामी रचनाकार हैं। जिन्होंने सृजन की दिशा में कदम उठाया और आने वाली पीढ़ी के लिए रचनाकर्म का मार्ग प्रषस्त किया। यह उद्देश्य समकालीन बघेली के सृजन पर होने के बाद भी कंगूर की भव्यता को देखकर नींव के पत्थरों को जिस प्रकार

नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता है उसी प्रकार उन आधार रचना शिल्पियों के योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। सृजन के सौंदर्य का मार्ग यही से निकलता है।

वर्तमान परिदृश्य में बघेली के विभिन्न चिन्हित क्षेत्रों से प्रचुर कवियों की श्रृंखला अपने रचना कर्म से जनमानस को प्रभावित कर रही है। देश काल और वातावरण में परिवर्तन के परिणाम स्वरूप क्षितिज पर उभरने वाले विभिन्न विषयों का कवि कर्म के साथ–साथ गद्य लेखन के क्षेत्र में स्तंभों कहानियों और नाटकों तथा रूपकों आदि साहित्यिक विधाओं के सृजन के माध्यम से बवेली क्षेत्रीय परिदृश्य से बाहर निकलने का प्रयास कर रही है। बघेली के विविध विधायी सृजन कर्म को देखते हुए समकालीन बघेली के कथ्य और षिल्प पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। किसी कृति की समीक्षा उसकी बाह्याभ्यंतर पड़ताल है। जो उस रचना की अच्छाइयों और कमियों को झांक कर उसे सही दिशा देने का कार्य करती है। समीक्षा रचना ही नहीं रचनाकर्म में रत रचनाकार को भी सुधार का अवसर देती है। आज हमारे सामने इसी जन साहित्य को, लोक के सहज सरल जीवन को बचाने की चुनौती है। भारत के हृदय प्रदेश बघेलखंड जनपद की बघेली इस भूभाग की परंपराओं की प्रतीक रही है। भौगोलिक दृष्टि से यह भाषा रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, उमरिया, षहडोल और अनूपपुर में बोली जाती है। जो इस प्रदेश का पूर्वोत्तर भाग कहलाता है यह भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी, बुंदेली और अवधी से घिरी हुई है।

भारतीय भाषा परिवार की दृष्टि से विचार करें तो बघेली पूर्वी हिंदी के अंतर्गत आती है और अवधी और छत्तीसगढ़ी का इस बोली से घनिष्ठ संबंध है। कुछ उच्चारणगत विविधताओं को छोड़कर बघेली का व्याप्ति क्षेत्र और बढ़ जाता है । इस जनपद के लोगों की भावनाओं को सहज ही समेटे निरंतर गतिमान है। विशेष रूप से यह क्षेत्र जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है इसलिए इस भाषा को बचाना और आवश्यक हो जाता है। यदि हम एक वंश परंपरा जिसके नाम पर इसका नामकरण हुआ है। उस दायरे से बाहर निकलकर विचार करें तो 12 वीं सदी के पहले का जीवन भी इस भाषा के माध्यम से चित्रित हुआ है। आदिवासी समाज की संस्कृतियों को सहेजना है तो बघेली को, जो साहित्यिक रूप में निरंतर गतिमान है, आज के दौर में बचाना और आवश्यक हो जाता है। बघेलखंड की पारंपरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अपनी एक अलग पहचान है। यहां की संस्कृति में प्राकृतिक छटा का सौंदर्य समावेषित है। जो अनुपम है। राजकीय दृष्टि से अनेक उतार–चढ़ाव के बावजूद लोकजीवन का अक्षुण्ण और अनुपम प्रवाह बघेली में देखने को मिलता है। बघेलखण्ड की प्रमुख बोली बघेली भाषा वन–प्रांत और नदियों पहाड़ों के बीच, पली, बढ़ी तथा विकसित हुई। युगों से एकांतप्रेमी निवासियों के द्वारा बोली जाने के कारण वह उपेक्षित पड़ी रहीं। प्रचार के आधुनिक साधनों से हीन यह क्षेत्र अपनी साधना में रत रहा।

## संदर्भ स्रोत


1. कृष्ण बलदेव, लोक साहित्य की भूमिका ।
2. भगवती प्रसाद शुक्ल : बघेली भाषा एवं साहित्य।
3. भगीरथ मिश्र : काव्यशास्त्र, विश्वविद्यालय प्रकाषन वाराणसी।
4. गोमती प्रसाद विकल : बघेली संस्कृति और साहित्य।
5. प्रतिभा चतुर्वेदी : बघेली भाषा एवं साहित्य।
7. डॉ. टीकम सिंह तोमर : बघेली भाषा एवं साहित्य।
8. डॉ. आर्या प्रसाद त्रिपाठी : बघेली भाषा साहित्य का इतिहास।

SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 6
Paper Received : 13th Sept. 2023 Paper Accepted : 20th Sept. 2023

# समकालीन दलित महिला साहित्य में नारी

▫ सुधा यादव *
▫ डॉ. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी **

**शोध-सारांश**

*यह इषारा करता है कि ''यह नया ढाँचा स्वाधीनता का है और 'साँचा' नये समाज की संरचना का समय का बदलता रूख और निंचतन की दिशा वस्तुतः यही दलित चेतना का उत्स और लक्ष्य है। कहने को कहा जाता है कि दलित स्त्रियाँ मुक्त व्यवस्था में रहती है क्योंकि दलित स्त्रियों में पुनर्विवाह का प्रचलन आम था। किन्तु सामाजिक रूप से दलित स्त्री, हिन्दू स्त्री से भिन्न नहीं है। हिन्दू स्त्रियों की तरह दलित स्त्रियाँ भी शिक्षा से वंचित रखी गयी थी। **'स्त्री शूद्रो नाधिसतामं'** की श्रुति स्त्री मात्र पर ही लागू थी किन्तु आधुनिक नवजागरण के दौर में हिन्दू स्त्रियों के लिये तो शिक्षा के बन्धन टुटे पर यही काम दलित स्त्रियों के पक्ष में नहीं हो सका। लोकतन्त्र ने दलित वर्गों को वे समस्त अधिकार तो दिये, जिनसे वे वंचित थे। उनमें शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। पर, यह कहना कतई गलत न होगा कि दलित स्त्रियों को इस अधिकार के लिए भी दलित देश सत्ता से लड़ना पड़ा जिसके फलस्वरूप दलित स्त्रियों में नवजागरण की गति अत्यन्त धीमी रही। इसका परिणाम आज हम देखते है कि हिन्दी दलित साहित्य में स्त्री लेखन न के बराबर नहीं, तो बहुत ही दयनीय स्थिति में जरूर है। इसलिए, हिन्दी में दलित लेखिकाओं की संख्या उंगुलियों पर गिनी जा सकती है। सुशीला टाकभौरे, शान्ति यादव, रजनी तिलक, अनीता भारती, विमल थोराट और हेमलता महिश्वर ये कुछ नाम ही दलित महिला लेखन में प्रमुख रूप से लिए जा सकते हैं। इनमें भी अभी तक अनीता भारती और विमल थोराट की मौलिक कृतियाँ प्रकाश में नहीं आयी हैं, परन्तु उनकी आलोचनात्मक टिप्पणियाँ, कविताएँ और कहानियाँ पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई*

***मुख्य शब्द*–*समकालीन, सामाजिक, समरसता, दलित, महिला, साहित्य, नारी, नवजागरण, लेखिका आदि।***

* *शोधार्थी, हिन्दी*, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग*, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव, जिला रीवा (म.प्र.)

**प्रस्तावना**

दलित समाज में नारी–पुरुष के कन्धे से कन्धा मिलाकर चलती है, अतः हम कह सकते हैं कि दलित समाज में स्त्री को समानता का अधिकार प्राप्त है। वह भी खेत में अपने पति के साथ काम करती है, सड़क पर गिट्टी डालती है, भवन निर्माण में मजदूरी करती है या इसी तरह के काम–झाड़ू लगाने से लेकर मैला उठाने तक के वह करती है। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि घर और पुरुष दोनों को सँभालती है। ऊपरी तौर पर देखने से पता लगता है कि ''दलित समाज में स्त्री को हैसियत अन्य भारतीय हिन्दू समाज की स्त्रियों से कहीं बेहतर है, क्योंकि हिन्दू समाज में औरत का जितना षोशण हुआ है, उतना दुनिया के किसी समाज में नहीं हुआ।'' दलित कवियों की कविताओं में इस कामगार स्त्री का चित्रण प्रायः देखने को मिलता है, जिसके माध्यम से वे पूरी व्यवस्था पर ही प्रश्नचिह्न लगाते हैं। ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित कविता के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं। उनके काव्य–संग्रह 'सदियों का सन्ताप' में एक कविता है– 'झाडूवाली'। इसमें वे सड़क पर झाडू लगाने वाली, कूड़ा ढोती दलित महिला का चित्रण करते हैं कि सुबह पाँच बजते ही रामेसरी हाथ में झाड़ू थामें, लोहे की गाड़ी को धकेलते हुए, सड़क पर निकल पड़ती है। उसकी झाडू से उड़ती धूल सदियों से निरन्तर उसके फेफड़ों में जमती जा रही है और समाज का ध्यान इस ओर गया ही नहीं। अतः वे निष्कर्ष देते हैं कि –

**जब तक रामेसरी के हाथ में**
**खड़ांग–खांग घिसटती लौह गाड़ी है**
**मेरे देश का लोकतन्त्र एक गाली है।**

दलित साहित्य और नारी के विषय में शिवाजी विद्यापीठ, कोल्हापुर में दिये गये व्याख्यान में कंवल भारती ने अपने विचार व्यक्त किये है जो उनकी पुस्तक 'साहित्य और राजनीति की तीसरी धारा' में प्रकाशित हुआ है। वे कहते है कि ''नवें दशक में दलित स्त्री–लेखन अस्तित्व में होने के बावजूद दलित लेखिकाओं की किताबें प्रकाशित नहीं हुई थीं। मेरी सीमित जानकारी में डॉ. सुशीला टाकभौरे का 'स्वाति बूँद और खारे मोती' ही इस दशक का दलित स्त्री लेखन में, पहला काव्य संग्रह हैं। लेकिन स्त्री–चेतना की दृष्टि से इस संग्रह की कविताएँ स्त्री चेतना और दलित आन्दोलन से अप्रभावित दिखायी देती हैं। सत्री–प्रतिरोध उनकी 'विद्रोहिणी' कविता में जरूर दिखायी देता है, जहाँ वे कहती हैं–

**माँ–बाप ने पैदा किया था गूंगा**
**परिवेश ने लंगड़ा बना दिया**
**चलती रही निश्चत परिपाटी पर**
**बैसाखियों के सहारे।**

आगे उनका मन बैसाखियों को तोड़ने का करता है और पोर–पोर से पाँव फूटने लगते हैं। पर, यहाँ एक मुक्त स्त्री को महसूस करने के बजाय उन्हें यह बोध होता हैं–'क्या मैं अमावती हो गयी हूँ या असामाजिक?' वे यहाँ अवश्य ही भटकाव कि शिकार हैं। कहीं उनके लिए जीवन भी भटकाव है, तो कहीं जीवन एक व्यापार है। 'खुदा की मेहरबानी' और 'प्रभु उदार मन' जैसे वाक्य उनकी वैचारिकी पर ही सवालिया निशान लगाते हैं। हम कह सकते है कि इस संग्रह की कविताएँ हैं। एक नई चेतना के साथ साहित्य मंच पर उभरी है।

लेकिन इसी दौर की ''शान्ति यादव'' की कविताओं में हमें प्रखर स्त्री चेतना मिलती है। जाति के आधार पर कतिपय दलित लेखक उन्हें दलित नहीं मानते हैं। इसलिए उनके लिए वे दलित कवियत्री नहीं हैं। पर, शान्ति यादव की स्त्री चेतना दलित चेतना से भिन्न नहीं है जब वे कहते हैं–

**तोडूंगी मौन, करूँगी संघर्ष**
**मुझे लड़ना होगा**
**समाज की विकृत व्यवस्था से,**
**तभी आयेगा, एक नया सवेरा।**

तो न के इसमें दासता बोध है, बल्कि उसके

विरुद्ध संघर्ष भी है। शान्ति यादव की कविताओं में स्त्री के विस्तार की तलाश है, उनमें अन्दर के की खोज है। उनमें गुलामी का तीव्र अहसास और स्वतंत्रता की जबरदस्त आकांक्षा हैं। यथा–

**सोचती हूँ भविष्य को**
**तड़फती हूँ।**
**वर्तमान से निजात पाने को।**
**फड़फड़ाती हूँ।।**

उनकी दृष्टि में स्त्री उधार की जिन्दगी जीती है। क्योंकि–

**वह अपने लिए नहीं, औरों के लिए जीती हैं।**

वे अपनी कविताओं में मुक्त स्त्री को प्रतिष्ठित करती हैं

संसार में कितने मर्द नकारा घूमते हैं और औरतों की कमाई खाते है। क्या वे वीर हैं? दरअसल, कवियित्रि ने यह मान लिया है कि मर्द होना ज्ञान–विज्ञान में प्रगति करना है। इसीलिए इसके विरूद्ध वे यह कहती हैं–

**मन–सम्मान में, ज्ञान–विज्ञान में**
**पीछे नहीं है औरत**

पूरे विश्व को मुट्ठी में रखकर समझेगी तभी वह मर्द की तरह जी सकेगी। कवयित्री यहाँ स्त्री को मर्द से तुच्छ मान रही है और इस हीनताबोध को इस अभिव्यक्ति से छिपाने का प्रयास कर रही है कि स्त्री भी मर्द से पीछे नहीं हैं। यह सच है कि आज हर क्षेत्र में स्त्री–देश साथ–साथ काम कर रहे हैं, स्त्री ने अपनी अबला की छवि को तोड़ा है। पर, यह मर्द की तरह जीना नहीं हैं, वरन् एक स्वतन्त्र मनुष्य के रूप में जीना है। स्त्री को मर्द नहीं मनुष्य बनना है, एक सम्पूर्ण मनुष्य। एक सम्पूर्ण मनुष्य के रूप में ही स्त्री अनन्त आकाश में उड़ सकती है।

इस उड़ान के लिए सुशीला टाकभौरे के अनुसार परिवर्तन जरूरी है, न सिर्फ व्यवस्था में अपितु स्वयं स्त्री के भीतर भी। वे अपनी ''परिवर्तन जरूरी है'', में, एक जगह लिखती हैं, ''स्त्री स्वतन्त्रता और समानता के लिये किया जाने वाला संघर्ष भारत में आज तक सही मायने में अपना उद्देश्य प्राप्त नहीं कर सका है। इसके लिए नारी स्वयं भी जिम्मेदार है। नारी अपने स्वतंत्र अस्तित्व को न स्वीकार कर रही है और न ही पहचान रही है। दलित नारी को जिस व्यवस्था ने गुलाम बनाया उस व्यवस्था में आसथा, श्रद्धा के प्रति, उन मूल्यों के प्रति उनके मन में बगावत की भावना नहीं है, बल्कि वह उसकी पूजक बन बैठी है।''

निस्सेन्देह यदि आदमी को दासता बोध हो जाय, तो वह उसे स्वतन्त्रता का अहसास कराता है। डॉ. अम्बेडकर का मूल मन्त्र यही था कि गुलाम को गुलामी का अहसास करा दो, विद्रोह वह खुद कर बैठेगा। 'पदचाप' में ''रजनी तिलक'' ने सावित्रीबाई फूले को स्त्री मुक्ति की मशाल माना है। पहली ही कविता में वे कहती है तुम्हारे अदम्य साहस से घबराया हर युग का मनु हर युग में बन्दी सा जीवन देने वाले तुमसे डर गये।

रजनी तिलक के लिए स्त्री मुक्ति, देह से मुक्ति नहीं हैं, बल्कि वह 'खुद ' से आजादी का नाम है। 'खुद' से तात्पर्य, उनके लिए, द्वेष, मोह–ममता, संसकारों की जकड़न से मुक्ति है। यह वह पिंजड़ा है जिसमें स्त्री कैद है। वे इस पिंजड़े को तोड़कर मुक्त आसमान में उड़ना चाहती हैं–

**यथा परिंदा हूँ, मुझे खुला आसमान चाहिए**
**मैं बरगला, पिंजरा तोड़ कर आयी हूँ।**

रजनी तिलक स्त्री अस्मिता के सवाल मानव अधिकारों के दायरे में उठाती हैं। अक्सर पुरुष सामन्ती स्वभाव के होते हैं और छोटी–छोटी बातों पर अपनी पत्नी और बच्चों को बेसहारा छोड़ देते हैं। जब मामला मानवाधिकार के दायरे में आता हैं, तो वहाँ भी देश सत्ता अक्सर स्त्री–बच्चों के अधिकार की अपेक्षा कवि है। इस सन्दर्भ में वे सवाल करती हैं–

**बच्चों की मुस्कान, औरत का स्वाभिमान**

**क्या उनका मानव अधिकार नहीं ?**

दलित स्त्रियों में एक अतिदलित जाति 'बेड़नी' हैं, जिसकी स्त्रीयाँ वेश्यावृत्ति और सड़कों पर अश्लील नाच गाना करके परिवार की रोजी कमाती हैं। उनकी 'बेड़नी' कविता में इस जाति पर उनकी मार्मिक अभिव्यक्ति है। वे कहती हैं–

**सभ्य शहरी औरतों की दृष्टि में**
**ये बदजात, नीच अधम औरतों**
**उनके नाम पर कलंक हैं।**
**उनके अनुसार वे बेड़नी नहीं बंदिनी हैं**
**जो बेड़ियां पहन नाच रही हैं।**

रजनी तिलक के लिए औरत औरत के अन्तर हैं। इसी शीर्षक से अपनी कविता में वे कहती हैं कि–

**औरत औरत होती है, उनका न कोई धर्म है**
**न कोई जाति होती है, औरत एक बिरादरी है**
**सभ्य शहरी औरतों की दृष्टि में**
**ये बदजात, नीच अधम औरतों ।**

औरत एक बिरादरी है वह स्वयं सर्वहारा है। वह स्त्री लिंग के कारण दबायी और सतायी जाती है। उनके ह्रदय में एक–सा वात्सल्य फूटता है। पर, वे आगे दलित और सवर्ण स्त्री के भेद को यह कह कर भी रेखांकित करती हैं–

**एक सतायी जाती है स्त्री होने के कारण**
**दूसरी सतायी जाती है स्त्री और दलित होके पर**
**एक तड़पती है सम्मान के लिए**
**दूसरी तिरस्कृत है भूख और अपमान से**
**प्रसव पीड़ा झेलती फिर भी एक सी**
**जन्मती है एक नाले के किनारे, दूसरी अस्पताल में।**

स्त्री–स्त्री के बीच जातीय आधार पर वर्गीकरण गलत नहीं है, जबकि हम देखते है कि सवर्ण जातियों की शिक्षित महिलाएँ भी दलित स्त्रियों को 'चमारचूहड़े' की गालियाँ देती है और एक ही कालोनी में समान हैसियत के बावजूद सवर्ण महिला दलित महिला के साथ सामाजिक व्यवहार नहीं बनाती है। लेकिन यह भी सत्य है कि गरीब और कमजोर सवर्ण महिला को भी उसी स्थिति से गुजरना होता हैं। पर, वह दिन दूर नहीं, जब दलित स्त्रियाँ भी आजाद होगी और आर्थिक स्तर पर मजबूत होगी। तब, अवश्य ही जातीय भेदभाव की दीवारें टूटेंगी और सम्पूर्ण भारतीय स्त्रियाँ एक वर्ग के रूप में अपनी मुक्ति के संग्राम में सक्रिय भूमिका निभा पायेंगी।

इस प्रकार निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि हिन्दी में दलित विमर्श ने एक ऐसा लेखन वर्ग तैयार किया है, जिसमें महिलाओं की भूमिका धीरे–धीरे प्रभावी हो रही है। जिनका रचनाकर्म दलित सवालों को न केवल प्रखर रूप से उठा रहा है बल्कि उसके पक्ष में दलित साहित्य का माहौल भी विकसित कर रहा है। दलित चेतना गालबजाऊ सहानुभूति, संवेदना और सम्मान से आगे कुछ पाना चाहती है। उसके सामने हजारों वर्ष की 'अमानवीय व्यवस्था' अपनी मजबूत किलेबन्दी बनाकर खड़ी है जो कदम–कदम पर उसे छल रही है। अस्मिता की इस तलाष में मात्र साहित्य की बारीकियों, तथाकथित कलात्मक सौन्दर्यबोध, जिसे अधिकार, अवसर और सत्ता में सहभागिता चाहिए। साहित्य के निष्कर्षों, आदर्शों को खँगालने, पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता दलित–रचनाकार तीव्रता से महसूस करता है।

**संदर्भ स्रोत**


1. माता प्रसाद : दलित साहित्य दशा और दिशा।
2. देशोत्तम सत्यप्रेमी : दलित साहित्य सृजन हेतु संदर्भ
3. रमणिका गुप्ता : दलित सपनों का भारत
4. अभय कुमार दुबे : आधुनिकता के आइने में दलित
5. तेज सिंह : आज का दलित साहित्य
6. चन्द्र कुमार बरेठ : दलित साहित्य आन्दोलन

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# कृषि उपज विपणन

▫ संजीव कुमार चतुर्वेदी *
▫ डॉ. मनीष कुमार शुक्ला **

**शोध-सारांश**

*सामान्यतया कृषि विपणन शब्द से तात्पर्य उन समस्त विपणन कार्यों तथा सेवाओं से है जिनके द्वारा कृषि वस्तुयें उत्पादक से अन्तिम उपभोक्ता तक पहुँचती है। उत्पादन का अन्तिम उद्देश्य उपभोग है, अतः यह विपणन उत्पादन का एक अभिन्न अंग या अनिवार्य प्रक्रिया है। इसमें एकत्रीकरण, परिवहन, भंडारन, श्रेणिकरण, विधायन, जोखिम व वित्त व्यवस्था, विज्ञापन–प्रचार, क्रय तथा विक्रय आदि विभिन्न कार्य किये जाते है। कृषि विपणन के अन्तर्गत वे सभी सेवाएँ आ जाती हैं जो कृषि उपज को खेत से लेकर उपभोक्ता तक पहुँचाने में करनी पड़ती है। उक्त बिन्दुओं को इस शोध पत्र में उल्लेख करने का प्रयास है।*

***मुख्य शब्द***–*कृषि, उपज, विपणन, भण्डारन, उपभोक्ता, उत्पादन आदि।*

**प्रस्तावना**

भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था में कृषि की एक महत्वपूर्ण भूमिका है देश की राष्ट्रीय आय, रोजगार, जीवन–निर्वाह, पूंजी–निर्माण, विदेश व्यापार, उद्योगों आदि में कृषि की सशक्त भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर हैं, वहीं लगभग 64 प्रतिशत श्रमिकों को कृषि क्षेत्र में रोजगार प्राप्त है। पिछले कुछ वर्षों में चावल, गेहूं, तिलहन, गन्ना, तथा अन्य नकदी फसलों की पैदावार में वृद्धि हुई है। यही कारण है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के सराहनीय योगदान होने के साथ–साथ विश्व में भी विश्व में कृषि क्षेत्र की साख बनी हुई है। चाय तथा मूंगफली के उत्पादन में भारत का विश्व में पहला स्थान है तो चावल के उत्पादन में दूसरा तथा तम्बाकू के क्षेत्र में तीसरा स्थान प्राप्त है।

कृषि विपणन के अंतर्गत वनीय, बागानी और अन्य कृषि उत्पादों के भंडारण, व विपणक से साथ–साथ कृषिगत मशीनरी का वितरण और अंतर–राज्यीय स्तर पर कृषि वस्तुओं का आवागमन भी शामिल है। इनके अलावा कृषि उत्पादन में

* *शोधार्थी, वाणिज्य विभाग*, शास. टी.आर.एस. महविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक वाणिज्य विभाग*, शास. टी.आर.एस. महविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

वृद्धि हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना और भारत में सहकारी विपणन को प्रोत्साहित करना भी कृषि विपणन गतिविधियों के अंतर्गत आता है। कृषि विपणन में परिवहन, प्रसंस्करण, भंडारण, ग्रेडिंग आदि जैसे गतिविधियां उल्लेखनीय हैं। ये गतिविधियाँ हर देश की अर्थव्यवस्था में बहुत अहम् भूमिका निभाती है।

विपणन के अंतर्गत किसी वस्तु अथवा सेवा के उत्पादन से लेकर उपभोक्ता सन्तुष्टि के लिए की जाने वाली समस्त क्रियाओं को सम्मिलित किया जाता है। इसमें उत्पादन अथवा वस्तु को ग्राहकों अथवा उपभोक्ताओं के अनुरूप बनाया जाता हैं और उत्पादन को उपभेग के लिए समर्पित किया जाता हैं ताकि जनसाधारण कें जीवन–स्तर में वृद्धि हो सके तथा उपभोक्तओं को अधिक से अधिक सन्तुष्टि प्रदान करते हुए अधिकतम लाभों की प्राप्ति हो सके। विपणन कार्य उत्पादन होने के शहरत आरम्भ होता हैं और उस समय पूर्ण हो जाता हैं जबकि वस्तु ग्राहक अथवा उपभोक्ता को सुपुर्द कर दी जाती हैं। परन्तु आधुनिक समय में ग्राहक अथवा उपभोक्ता की उपेक्षा उत्पाद को प्राथमिकता देकर सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती,, क्योंकि जब तक उत्पाद के निर्माण से पूर्व और वस्तु को उपभोक्ताओं की सुपुर्दगी में देने के शहरत की क्रियाओं की जानकारी प्राप्त नहीं की जाएगी तब तक वस्तु अथवा उत्पाद ग्राहकों अथवा उपभोक्ताओं को सन्तुष्टि प्रदान नहीं कर सकेगी। कृषि विपणन में वे सभी कार्य एवं संस्थाएं, जिनके द्वारा कृषकों के फार्म पर उत्पादित खाद्य, कच्चा माल एवं उनसे निर्मित माल जैसे बुने हुए वस्त्रों के फार्फ से अन्तिम उपभोक्ता तक संचालन तथा इन कार्यों का कृषकों, बिचौलियों एवं उपभोक्ताओं पर होने वाले प्रभावों को सम्मिलित किया जाता हैं आध ुनिक युग में कुशल विपणन के द्वारा उत्पादन वृद्धि के द्वारा उत्पादन वृद्धि की पृष्ठभूमि बनाई जाती हैं। कृषि पदार्थों के व्यवस्थित वितरण और व्यापारी तथा मध्यस्थ वर्ग को सन्तुष्ट करने की चेष्टा की जाती है। इन सभी बिन्दुओं पर सन्तुलन या सन्तुष्टि की स्थापना बड़ा ही जटिल कार्य बनता जा रहा हैं। साहसी उत्पादकों, विपणन कार्यकर्ताओं और उपभोक्ताओं की मानसिकता तथा विपणन की सभी प्रक्रियाऐं व कारक मिलकर संयुक्त रूप से कृषि विपणन के क्षेत्र का निर्धारण करते हैं।

## कृषि विपणन के प्रमुख केन्द्र

देश के अधिकांष छोटे और सीमांत किसानों के लिये अपनी उपज की विक्री (विपणन) का पहला स्थान प्राथमिक ग्रामीण बाजार हाट एवं मण्डियाँ ही है। इन हाट और मण्डियों की खुशहाली में महत्वपूर्ण भूमिका की आमदनी पर पड़ता है। किसानों की खुशहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ग्रामीण बाजारों पर विकास की प्रक्रिया का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है वे अभी भी विकास प्रक्रिया से अछूते रहे हैं।

## प्राथमिक बाजार

देश भर में करीब 26800 प्राथमिक ग्रामीण बाजार है इन्हें हॉट एवं मण्डी के नाम से भी जाना जाता हैं अधिकतर हॉट एवं मण्डियाँ बहुत छोटी से जगह पर बनाई जाती हैं जहां किसी खास दिन एक खास समय पर कुछ घण्टों के लिये उत्पादकों और खरीदारों के बीच संपर्क होता है। यद्यपि बाजार शब्द कहना इनके लिये उचित नहीं है क्योंकि बाजार का तात्पर्य है जहाँ स्थाई दुकाने हों और जिसमें साल भर व्यापारिक गतिविधियाँ चलती रहती हों।

ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में इन बाजारों को अधिक महत्त्व दिया जाना चाहिए क्योंकि ये हॉट और मण्डियाँ महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य ही कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में ये लोगों के लिये डिपार्टमेन्टल स्टोर या सुपर बाजार से कम नहीं है। क्योंकि इनमें उनके दैनिक उपयोग की सभी वस्तुऐं उपलब्ध रहती है।

देश की कुल कृषि उत्पादों की बिक्री के कुल 33739 बाजारों में से 6934 मण्डियां हैं, जो साल के कुछ महीनों में काम करती हैं। षेश 26805 ग्रामीण प्राथमिक बाजार अर्थात हाट ओर मण्डियाँ है। अब तक सिर्फ 6640 बाजार भी चाल रहे है। यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि विपणन प्रणाली में इनका महत्वपूर्ण स्थान है।

ग्रामीण बाजारों को तीन वर्गों में बाँटा गया है–

**नियतकालीन बाजार या सामान्य बाजार**–ये बिक्री और खरीद व फरोख्त के आम बाजार हैं, जिनमें ग्रामीण अथवा जनजातीय लोग सप्ताह में एक या दो निश्चित दिनों को अपने जरूरत की चीजें खरीदते हैं और अपने उत्पाद बेचते हैं। इनमें छोटे पैमाने पर वस्तुओं का व्यापार होता हैं

**मौसमी बाजार या विशिष्ट वस्तुओं के बाजार**–ये उन स्थानों पर स्थित होते हैं जहाँ कोई खास चीज खास मौसम में उत्पन्न होकर बेंची जाती है जैसे–संतरा, केला, प्याज आदि उगाये जाने वाले क्षेत्रों में इस तरह के बाजार होते हैं और इन्हीं फसलों के खरीद फरोख्त के केन्द्र होते हैं।

**दैनिक बाजार या सामान्य बाजार**–दैनिक बाजार वे बाजार है जिनमें व्यापरिक गतिविधियाँ हमेषा चलती रहती हैं। इनमें बिकने वाली वस्तुऐं रोजमर्रा की जरूरत की चीज होने वाली वस्तुएं खराब होती है वहां भी इस प्रकार की बाजार होती है। फसलों के किस्मों पर भी बाजार का स्वरूप निर्भर करता हैं।

**कृषि विपणन के अध्ययन के उद्देष्य**

कृषि विपणन के अध्ययन से विपणन से जुड़े विभिन्न एवं सरकार के भिन्न–भिन्न उद्देश्यों की पूर्ति होती है। जितने वर्ग समाज में हैं विपणन अध्ययन के पीछे उनके अलग–अलग निहित उद्देष्य होते हैं। चाहें वह उत्पादक कृषक हो या उपभोक्ता, विपणन मध्यस्थ हो या सरकार सभी अपने–अपने दृष्टिकोण से कृषि विपणन का अध्ययन–प्रबन्ध करते है–

- **उत्पादक कृषकों के विपणन उद्देष्य**– उत्पादक कृषकों का प्रमुख उद्देश्य होता है कि विपणन प्रक्रिया में उनके उत्पाद की बिक्री से बिना समय नष्ट किए उपभोक्ता मूल्य में से अधिकतम हिस्सा प्राप्त हो। कृषक चाहतें हैं कि विपणन व्यवस्था ऐसी हो जिसमें उन्हें उत्पाद की अधिकतम सम्भवित कीमत मिल सकें। यह भी चाहते है कि विपणन व्यवस्था ऐसी हो कि उत्पादन में काम आने वाली आगतें कम से कम कीमत पर प्राप्त हो। इस प्रकार कृषक के दृष्टिकोण से विपणन व्यवस्था के द्वारा उत्पाद की ऊँची कीमत प्राप्त हो और उत्पाद बढ़ाने की प्रेरणा मिलती रहे।
- **उपभोक्ताओं के विपणन उद्देष्य**–कृषि–वस्तुओं के उपभोक्तओं की दिलचस्पी रहती हैं कि विपणन व्यवस्था ऐसी हो जो उन्हें आवश्यक मात्रा तथा उचित गुणों बाले खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुएँ न्यूनतम कीमत पर उचित समय पर उपलब्ध कराती रहें। उपभोक्ता अपनी सीमित आय से अधिक से अधिक आवश्यकताओं कृषक–उत्पादकों के विपणन उद्देश्य से उल्टा हैं।
- **विपणन मध्यस्थों के विपणन उद्देश्य**–विपणन मध्यस्थों एवं व्यापरियों का प्रमुख विपणन उद्देष्य होता है कि उन्हें विपणन व्यवस्था द्वारा कृषि–वस्तुओं के क्रय–विक्रय से लगातार एवं बढ़ती हुई दस से अधिकतम आय प्राप्त होती रहे। उनके इस उद्देश्यों की पूर्ति तभी हो सकती हैं, जब वे कृषि–वस्तुओं को किसानों से कम से कम कीमत पर खरीदें तथा उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक कीमतों पर बेचें। अतः विपणन मध्यस्थों एवं व्यपारियों के उद्देश्य–कृषक उत्पादकों एवं उपभोक्तओं– दोनों के विपणन उद्देश्यों से विपरीत है। विपणन–मध्यरथ किसी विपणन प्रक्रिया में तब तक रहते हैं जब तक उन्हें अपनी सेवाओं

का उचित प्रतिफल प्राप्त होता रहता हैं। यदि उन्हें विपणन से उचित लाभ प्राप्त होता हैं तो वे इस व्यवसाय को छोड़कर अन्य व्यवसाय में लग जाते हैं, जिससे विपणन–व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता हैं, जो कृषक–उत्पादक तथा उपभोक्ता दोनों के हित में नहीं है।

- **सरकार के लिए विपणन उद्देश्य**–कृषि विपणन प्रक्रिया से जुड़े समाज के तीनों वर्गों–कृषक उत्पादक, उपभेक्ता तथा विपणन मध्यस्थों के उद्देष्य एवं प्रत्याशाएँ एक–दूसरे के विपरीत हैं। लेकिन सभी तीनों वर्ग समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार का परमकर्त्तव्य हैं कि वह विपणन से जुड़े सभी तीनों वर्गों के हितों की रक्षा के लिए सजग प्रहरी का कार्य करती रहें। सरकार तीनों वर्गों पर अंकुश व निगरानी रखती हैं कि कहीं एक वर्ग दूसरे वर्ग का षोशण तो नहीं कर रहा है। सरकार यह प्रयास करती हैं कि कृषक उत्पादक को अपने उत्पाद की अधिकतम कीमत मिले तथा उपभोक्ताओं को आवश्यक मात्रा में उचित गुण वाली वस्तुएँ कम से कम कीमत पर उपलब्ध हों। विपणन व्यवस्था में बनें रहें और विपणन का कार्य सुचारू रूप से चलाता रहें। अतः सरकार चाहती हैं कि विपणन व्यवस्था ऐसी हो जिससे समाज के सभी वर्गों का कल्याण हो।

सफल कृषि विपणन के लिए विपणन प्रणाली के विभिन्न तरीकों का सुचारू रूप से संचालन आवश्यक है। कृषि विपणन में व्याप्त खामियों का पता लगाने और उन्हें दूर करने के उपाए तलाशने के लिए विधिवत अध्ययन अनिवार्य हैं। कृषि विपणन की समस्याओं के अध्ययन के लिए निम्नलिखित तीन महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रचलित हैं। वस्तुगत दृष्टिकोण के अंतर्गत हम विपणन कार्यों कों सम्पादित करने वाली संस्थाओं का अध्ययन करते हैं जब कि क्रियात्मक दृष्टिकोण के अंतर्गत हम विपणन का अध्ययन करते हैं। वास्तव में ये सभी दृष्टिकोण एक–दूसरे के विरोधी न होकर एक–दूसरे के पूरक हैं। यदि हम कृषि विपणन का भली–भाँति गहन अध्ययन करना चाहते हैं तो किसी एक दृष्टिकोण को सर्वोत्तम नहीं माना जा सकता अपितु तीनों दृष्टिकोण द्वारा अध्ययन कर के ही विपणन के विभिन्न पहलुओं का समुचित ज्ञान हो सकता है।

**द्वितीयक बाजार**

ये वे ग्रामीण बाजार हैं जो स्थाई प्रकृति के होते हैं तथा इनमें वर्ष भर कृषि उत्पादों के सौदे किये जाते हैं तथा अनेक सेवाओं का समावेष किया जाता हैं।

**द्वितीयक बाजार की विशेषताएँ :–**

**थोक बाजार या मण्डियाँ**–इन्हें थोक बाजार या मण्डियाँ कहा जाता है।

- **प्रकृति** : ये स्थाई प्रकृति के होते है।
- **वर्ष भर सौदेः**–इनमें वर्ष भर कृषि उत्पादों के सौदे होते है।
- **बड़ी मात्रा में क्रय–विक्रयः**–इन बाजारों में उपज के बड़े भाग का क्रय–विक्रय किया जाता है।

**विभिन्न सेवाओं की प्राप्ति**

द्वितीयक बाजार में विभिन्न सेवाओं को प्रदान करने के लिये विशेष संचालकों की आवश्यकता होती है।

**संग्रहण एवं बैंकिंग सेवाओं की सुविधाएँ**

द्वितीयक बाजार की विशेषता है कि ये बाजार संग्रहण, बैंकिंग सेवाएँ आदि की सुविधाएं प्रदान करती है।

**यातायात की सुविधाएँ**–इन बाजारों को देश के शेष भागों से जोड़ने के लिये रेलवे और सड़क मार्गों की सुविधाएँ उपलब्ध होती है।

**मध्यस्थ या विचौलिया से कार्य**–इस प्रकार के बाजार में सम्पूर्ण विपणन आय बिचौलिया मध्यस्थों के सहायता से होता है।

**द्वितीयक बाजार की विपणन ऐजेंसियाँ–**कृषि उपज के विपणन में संलग्न ऐजेंस्यिों को दो भागों में वर्गीकष्त किया गया है–

**सरकारी तथा अर्द्धनिजी एजेंसियाँ–**जैसे सहकारी समितियाँ

➢ **निजी ऐजेसियाँ**

- **निजी ऐजेंसिया एवं सरकारी एजेंसियाँ–**इन दोनों ऐजेंसियों में बिचौलिये विद्यमान होते हैं। ये बिचौलिये प्रमुख रूप से निम्न है –
- **सौदागर–**यह उपज का सामान्य रूप से सबसे महत्वपूर्ण क्रेता होता है, जो कि स्वयं ही सौदे पक्के करता हैं।
- **भ्रमणशील व्यापारी–**यह व्यापारी वर्ग वे स्थानों या गांवों में भ्रमण करता है, उपज एकत्रित करता है और बिक्री के लिये निकटतम बाजार में ले जाता है।
- **तौल करने वाला–**तौल करने वाले व्यक्ति गाँव से उपज के नमूने एकत्रित करता है और शहरी और मण्डियों में व्यापारियों के पास ले जाता है।
- **एजेन्ट–**ये उपज को एकत्रित करके करके वितरित करते है।

**द्वितीयक बाजार का महत्व**

ये शहरों और कस्बों में होते हैं किन्तु गांव का भ्रमण कर किसानों से अनाज खरीदते हैं जिससे किसानों को कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

मिलों, स्थानीय फुटकर व्यापारियों या सीमांत बाजार के प्रतिनिधियों द्वारा खरीदी की जाती है। मिलों को कच्चे माल के रूप में कृषि उपज प्राप्त हो जाती है। कृषि बाजार में थोक व्यापारी एवं फुटकर व्यापारी मध्यस्थ के रूप में कार्य कर उपभोक्ता तक माल पहुंचाते है।

इस प्रकार से कह सकते हैं कि कृषि विपणन के लिए विपणन प्रणाली के विभिन्न तरीकों का सुचारू रूप से संचालन आवश्यक है। कृषि विपणन में व्याप्त खामियों को पता लगाने और उन्हें दूर करने के उपाए तलाषने की आवश्यकता है। कृषि विपणन की समस्याओं के अध्ययन के लिए निम्नलिखित तीन महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रचलित हैं। वस्तुगत दृष्टिकोण के अंतर्गत हम विपणन कार्यों को सम्पादित करने वाली संस्थाओं का समावेश हो जिससे ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में कृषिकों के द्वारा उत्पादन का उन्हें सही मूल्य मिल सके बिचौलियों से बच सके जिससे कृषक की आय में उत्तरोत्तर विपणन के माध्यम से वृद्धि हो सके।

**संदर्भ स्रोत :–**

1. http://www.mp.boardonline.com>........
2. अग्रवाल एन.एल. कृषि का अर्द्धतंत्र, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी
3. मिश्रा डॉ. जे.सी. दत्त एवं डॉ. जे.पी. (2010) भारतीय अर्थशास्त्र साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
4. एम.के. मल्लिक, पुस्तक– ई कॉमर्स की अनिवार्यता, प्रकाशक एवं मुद्रक / एस बी पी डी पब्लिशिंग हाउस, आगरा–282 002 (उ.प्र.)

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
IMPACT-FACTOR SJIF - 6
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में वर्चस्ववादी दृष्टि

डॉ. ऋचा शुक्ला *

**शोध-सारांश**

*देश प्रधान समाज में औरतें केवल भोगविलास की वस्तु से अधिक कुछ भी नहीं होती। पितृप्रधान समाज में स्त्री को देशों के द्वारा तय किये गये नियमों के अनुसार ही चलना पड़ता है। वह मानता है ''एको अहं द्वितीयो नास्ति'' समाज की इस घृणित और दोहरी सोच पर लेखिका नासिरा षर्मा ने अपने काथ साहित्य में उकेरा है।*

***मूल शब्द*–*नासिरा, कथा साहित्य, मवर्चस्ववादी ,दृष्टि, पितृ प्रधान, भोग–विलास आदि।***

**प्रस्तावना**

पितृसत्तात्मक समाज में देशों का अहं ही विषिश्ट होता है जो सिर्फ दूसरों के लिए होते हैं उसके लिए ये नियम जितने लचीले होते हैं दूसरे के लिए उतने ही सख्त जिन्हें मानना आवश्यक है। इन नियमों को स्वीकार करना ही औरतों का कर्तव्य है ऐसा वे मानते हैं।

नासिरा जी के उपन्यास शाल्मली में शाल्मली का पति नरेश उसे हर वक्त ये एहसास दिलाता है कि वह पति है और वह पत्नी इसलिए उसकी हर बात मानना शाल्मली का कर्तव्य है। प्रेम की आषा मन में पाले शाल्मली का मन बेहद दुखता है। उधर नरेश मानता है कि वह मर्द है इसलिए कहने और करने का अधिकार सिर्फ उसका है–''मैंने तुम्हें नौकरी करने की छूट दी है इसका अर्थ यह नहीं कि तुम अपने को पूर्ण स्वतंत्र समझो...... तुम्हें अधिकार देने वाला मैं हूँ, समझी..........। मैं मर्द हूँ कहीं भी आ जा सकता हूँ। तुम औरत हो अपनी मर्यादा को पहचानो.........।''[1]

यदि थोड़ा पीछे मुड़कर देखे तो भारतीय समाज में पितृसत्ता से पहले मातृसत्ता होने के प्रमाण मिलते हैं। पहले स्थितियाँ ऐसी नहीं थी जैसी अब है। परन्तु कुछ प्रथाओं जैसे पिण्डदान, कुलपरिचय के रूप में पुत्र आदि ने देश वर्चस्व को और अधिक बढ़ा दिया और औरतों की स्थितियों दी–हीन होने लगी।

नासिरा जी के उपन्यास 'ठीकरे की मँगनी' की नायिका महरुख पर सारे मर्द अपनी मर्जी चलाते हैं। सब उसे अपने हिसाब से ढालना चाहते हैं। बचपन नानी और माँ भी उसे समझाती रही–

* ग्राम–पोस्ट अकौरी (गंगेव) जिला–रीवा (म.प्र.)

''नानी हमेषा कहती कि औरत–मर्द से दबकर रहे, इसी में औरत की खुशी है और अम्मी कहती है कि मर्द के सामने एक बार औरत ने हथियार डाला और सारी जिन्दगी इस बात से औरत मर्द को अपना गुलाम बना लेती है।'' ऐसी ही घर और घर के बाहर सुनी कहानियाँ औरत और मर्द दोनों सच मान उसे ही जीने लगते हैं। एक पक्ष लगातार पोषित होता रहता है और दूसरा उसे अपना अधिकार समझ लेता है। मर्द तो इसी में खुश है कि वह किसी का भाग्य है उसका सर्वेसर्वा।

'खुदा की वापसी' कहानी संग्रह की कहानी नई हुकूमत में हाजरा का पति दूसरा निकाह कर लेता है और चाहता है कि हाजरा उसके साथ खुशी–खुशी रहे। उससे इस बात से जरा भी फर्क नहीं पड़ता कि हाजरा कितनी दुःखी है। ''आखिर जिस बात की इजाजत उसे मिली है, उसी पर वार बेकार था। वह हाजरा से छीन क्या रहा था, सारे फर्ज निभा दिये। अब जो जिन्दगी बच गयी है, उसे अपनी तरह जीने का भी उसे अधिकार नहीं है, फिर तो मौत भली।''[3]

'देहलीज' कहानी का जावेद खुद निरंकुश है परन्तु बहनों और माँ पर हर समय अंकुश लगाता है। वह घर की औरतों से बदत्तमीजी करता है और ऐसा करना उसे जरा भी गलत नहीं लगता क्योंकि वो लड़का है परन्तु लड़कियों को तो सीमा में रहना ही चाहिए ऐसा उसका मानना है–''मर्दों का मुकाबला करने वाली हर लड़की घटिया और बदतमीज है।''[4] मर्दों के इस तरह की सोच और हरकतों की बहुत कुछ जिम्मेदारी औरतों की ही है।

'मेरा घर कहाँ' कहानी में सोना का पति उसे मार–पीट कर इसलिए घर से बाहर निकाल देता है क्योंकि वह सोना को गोहल्ले के लड़कों संग बात करते देख लेता है। पति और बाप का घर होते हुए वह सड़क पर बेसहारा खड़ी थी। देश सदैव महिलाओं से उन्हीं चीजों की अपेक्षा करते हैं जो स्वयं वह अपने लिए नहीं चाहते। पत्नी से सम्मान चाहने वाला पति खुद सम्मान करने में अपनी तौहीन समझता है। शाल्मली का पति नरेश ऐसे ही देशों का प्रतिनिधित्व करता है–''मैं मर्द हूँ जी सकता हूँ। इसकी मुझे पूरी स्वतंत्रता है......... नियम और धर्म केवल कागज पर लिखने के लिए होते हैं। या फिर तुम औरतों के लिए बनाये जाते हैं। इनसे हटकर एक और कानून होता है, जो हम मर्दों के बीच प्रचलित होता है। उसका अपना संविधान, अपना नियम, अपना धर्म होता है। मैं जो कुछ कर रहा हूँ, उसी संविधान के नियमों के अनुसार कर रहा हूँ, समझी.........। यह पूरे मर्द समाज की आवाज है।''[5]

ऐसे मर्दों को औरतें पढ़ी–लिखी, सर्वगुण सम्पन्न तो चाहिए परन्तु उसके सम्मान में दूसरों के मुँह या खुद भी कही गयी कोई भी सम्मानजनक बात या प्रशंसा उन्हें पसंद नहीं।

'खुदा की वापसी' कहानी में फरजाना का पति जुबैर झूठ बोलकर पत्नी से मेहर की रकम माफ करवा लेता है। इस बात का उसे अफसोस भी नहीं.........। मेरे दोस्तों ने मुझे सलाह दी थी कि मेहर की मुसीबत से पहले ही छिन–निपट लेना... ......। पहली ही रात अपनी बात मनवाकर जिन्दगी शुरू करने का मतलब था, हमेशा नकेल मेरे हाथ में होगी, वरना फिर तुम मुझ पर धौंस जमाओगी. ........।''[6] लेकिन फरजाना के लिए बात पैसों की नहीं थी विश्वास की थी। उसका रिष्ता झूठ से शुरू हुआ वो इस बात से बेहद दुःखी थी। कोशिश करने पर भी वो जुबैर से प्रेम नहीं कर पा रही थी।

इसी प्रकार 'दूसरा कबूतर' कहानी में बरकत झूठ बोलकर दो–दो शादियाँ करता है परन्तु पत्नी के ये कहने पर की–''मुम क्या मेरे बॉयफ्रेंड के साथ–एक कमरे में रहना पसंद कर पाओगी? क्या–क्या मैं दूसरी शादी कर सकती हूँ?......... तो उसका जवाब होता है– ''औरत एक से मुतमईन हो सकती है, पर मर्द नहीं।''[7] सोच व्यवहार और

सिद्धांत इतने अलग। नासिरा षर्मा के साहित्य में समाज की करनी और कथनी का जो अंतर है औरत और कथनी का जो अंतर है औरत और मद्र की सीमा निर्धारण का जो पैमाना है, साफ देखा जा सकता है। लेखिका ने बिना किसी संकोच और निडर हो, समाज के इस कड़वे सच को पाठकों के समक्ष रखा है। समाज एक के लिए इतना उदार और दूसरे के लिए उतना ही निष्ठुर आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? कारण क्योंकि इन तानो–बानो का निर्धारण करने वाला भी तो देश समाज ही है।

औरत की आत्मा और देह दोनों पर उसका अधिकार नहीं होता। बात चाहे आपसी साजिश की हो या कोई और भुगतती औरत ही है। 'ठीकरे की मँगनी' उपन्यास में गाँव के कुछ लोगों द्वारा एक मजदूर की बेटी का बलात्कार गाँव के ही कुछ लोग करते हैं जिससे आहत हो लड़की आत्महत्या कर लेती है। पुलिस वाले इस पर कार्यवाही करने की बजाय कहते हैं–

> **अब इनकी इज्जत भी बड़ी कीमती हो गयी है गुरु......... लौंडिया का जिगरा तो देखो पूरा शरीफों सा व्यवहार! अरे बेकार में पडत्री थी, काम में आ गई तो कौन सी अपवित्र हो गई।''**[8]

पितष्सत्तात्मक समाज में देश वर्चस्व के बीच नारी की टूटन और आत्मा में लगे घावों को लेखिका ने बखूबी समझा और उसे शब्द भी दिया।

लेखिका मानती है कि स्त्रियों की स्थिति पूरी दुनिया में एक जैसी है। स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी षासन के द्वारा किये गये प्रयासों के उपरांत भी महिलाओं की स्थिति में कोई खास अंतर नहीं आया।

## उपसंहार

सैद्धांतिक तौर पर जिन चीजों की हम बात करते हैं व्यावहारिकता से के उतनी ही दूर है। हम बात करते है कि मर्द और औरत एक गाड़ी के दो पहिये हैं परन्तु यदि एक पहिया खराब हो जाए तो कैसे गाड़ी अपने गंतव्य तक पहुँच पायेगी। ऐसे में दुर्घटना की भावना भी बराबर बनी हरती है। कहने का तात्पर्य है कि स्वस्थ समाज, देश के लिए महिलाओं की भी उतनी ही भागीदारी है जितनी की देशों की तो फिर उनकी इतनी अनदेखी क्यों, इनती उपेक्षा क्यों? स्त्री और देश दोनों ही प्रकृति की अनुपम कृति है दोनों ही समान है और होने भी चाहिए। लेखिका नासिरा षर्मा का मत सर्वथा मानववादी रहा है उनके लिए सब बराबर है और वे दोनों के अधिकारों की बात करती है।

## संदर्भ स्रोत

1. षर्मा, नासिरा, शाल्मली, पृ. 74
2. षर्मा, नासिरा, ठीकरे की मँगनी, पृ. 31
3. षर्मा, नासिरा, खुदा की वापसी, पृ. 152
4. षर्मा, नासिरा, शाल्मली, पृ. 144
5. षर्मा, नासिरा, खुदा की वापसी, पृ. 131
6. षर्मा, नासिरा, ठीकरे की मँगनी, पृ. 133
7. डॉ. षहाना बेगम, नासिरा षर्मा की कहानियों में संवेदना के विविध रूप, लोकहित प्रकाषन, नई दिल्ली, 2017
8. एम. फिरोज अहमद, नासिरा षर्मा एक मूल्यांकन, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली 2017

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# आधुनिकीकरण के आलोक में दीप्तिमान होता कोल समाज

प्रतिमा कोल *
डॉ. महानन्द द्विवेदी **

**शोध-सारांश**

*आदिवासी मानवीय समाज के जीवन्तता के प्रतीक हैं। दुनिया का समाज चाहे कितना ही आधुनिक और विविधता मूलक क्यों न हो, उसके प्रारब्ध में आदिवासियों का ही अपना संसार रहा है। प्राचीनतम ग्रंथ इस बात की गवाही देते हैं कि जनजातियां सामाजिक ताने–बाने को बुनने में अहं भूमिका कई है। भारतीय सन्दर्भ में अगर हम जनजातियों की बातें करें तो उनके शौर्य, साहस और जीवन्तता के अनेक उदाहरण मिल जायेंगे, जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में समाहित हैं। भगवान राम को जीवन यात्रा में आदिवासी एक अहं भाग थे। उनके सुख–दुख के हिस्सेदार बन गये। वेदों और पुराणों में प्रचुर ऐसे प्रचुर उदाहरण मिलते हैं जो उनकी सहजता, सौम्यता और साहस की कहानी कहते हैं।*

*आधुनिक समाज में अगर हम आदिवासियों के योगदान को नकारें तो वह बेमानी होगा। भारतीय आजादी की लड़ाई में जनजातियों की कुर्वानी एक मिषाल बन गयी थी। जिन्हें हम अनपढ़–गॅवार और पिछड़े लोग की संज्ञा देते थें, वे सभ्य समाज से ज्यादा गतिशील निकले। विहार, पष्चिम बंगाल, छोटा नागपुर, बस्तर, सिंहभूमि, के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था उससे आजादी की लड़ाई को एक बल मिला। यही वह परिक्षेत्र हे जहाँ सिरसामुंडा जैसे विभूति दीप्तिमान हुई।*

***मुख्य शब्द***–*आधुनिकीकरण, कोलगढ़ी, आलोक, दीप्तिमान, कोल समाज, बिरसा मुण्डा, आदिवासी, क्योंटी आदि।*

* *शोधार्थी, समाजशास्त्र,* शास. ठाकुर रणमत सिंह महविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र,* शास. शहीद केदारनाथ स्नातकोत्तर महविद्यालय, जिला–मऊगंज (म.प्र.)

## प्रस्तावना

आदिवासियों की रचना संसार विविधतामूलक है। विकास की जब भी कोई बयार चलती है तो सबसे पहले युवा ही प्रभावित होता है, क्योंकि समाज का वह महत्वपूर्ण भाग होता है। आदिवासी युवा भी आज विकास की प्रक्रिया के बीच गतिशील है। उसकी सोच, उसके रहन–सहन के ढंग और उसका व्यवहार परिवर्तनशील है क्योंकि वह सांस्कृतिककरण की प्रक्रिया से ज्यादा प्रभावित हुआ है। शैक्षणिक स्तर के विकास के साथ ही साथ आदिवासी युवकों की सोच और धारणा में काफी परिवर्तन हुआ है। सभ्य समाज के सम्पर्क में लगातार रहने के कारण उनके रहन–सहन और पहनावे में बदलाव आया है। आज आदिवासी युवा उर्जावान और महत्वाकांक्षी बनता जा रहा है।

प्रस्तुत अध्ययन कोल जनजातीय समाज पर केन्द्रित है। विंध्य क्षेत्र ;1956 से पहले में कुल 16 जनजातियां पाई जाती थीं। जिनमें कोल जनजाति सबसे सभ्य और आधुनिक थी। रीवा जिले में जनजातियों में सबसे ज्यादा कोल जनजाति के लोग हैं। यह जनजाति प्रारम्भ से ही उच्च वर्ग के हिन्दुओं के साथ रही। इनके संपर्क के कारण कोल जनजाति में वे सारी विशेषताएं आ गईं जो सभ्य हिन्दुओ की थीं। लिहाजा इस समाज को षासन की नीतिगत व्यवस्था ने ज्यादा प्रभावित किया वह समाज की परंपरागत मजदूरी को छोड़कर शैक्षणिक वातावरण की ओर मुड़ गया। पहले स्कूल, फिर कालेज यहॉ तक कि वह व्यवसायिक शिक्षा को भी अंगीकार कर लिया, फलतः उसका जीवन–स्तर वैविध्यता से ओत–प्रोत हो गया।

मैं स्वयं इस समुदाय से आती हूँ और पारिवारिक सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों को बहुत ही नजदीक से देखा.... समझा और जाना है। किस तरह उनके अन्दर परिवर्तन की लहर आई.. किस तरह वे परंपरागत बाल–मजदूरी और खेती के कार्यों को दर–किनार कर अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का फैसला ले रहे हैं। आज रीवा जिले के गॉवों में रहने वाले कोल जनजाति का युवा सभ्य, सुसंस्कृति एवं ऑखों में सुनहरे सपनों को बुनने, उसे पूर्ण बनाने की उर्जा रखने का सामर्थ्य लिये जी रहा है। आज यहॉ का कोल युवा परिवर्तित सोच का धनी वयस्क बनता जा रहा है जिसके जीवन–यात्रा में अनगिनत सुखद अध्याय के उतार–चढ़ाव समाहित हैं।

रीवा राज्य में ब्राम्हणों के बाद अन्य जातियों की अपेक्षा कोलों की जनसंख्या अधिक है। 'रीवा राज्य दर्पण' पुस्तक के पष्ठ 88 मे उल्लेख है कि सन् 1911 की जनगणना के आधार पर 79 विभिन्न जातियों की जनसंख्या दी गई है, जिनमे ब्राह्मणों की जनसंख्या 2,50,974, राजपूतों की जनसंख्या 1,27,800 और कोलों की जनसंख्या 1,69,749 लिखा है अर्थात् ब्राह्मणो के बाद कोलों की ही जनसंख्या है। राजपूत तीसरे स्थान पर आते हैं। इस क्षेत्र में राजपूतों के शासन के पूर्व कोल जाति के ही षासक रहे हैं। **श्री रामसागर शास्त्री** ने अपने **'क्योटी की गढी** नामक पुस्तक में **'त्योथर की गढी'** के संदर्भ में लिखा है कि–''वर्तमान त्योथर का इलाका पूर्व मे कोलवंश के राजाओं के अधीन था। बाद मे भूर्तिया वंश के राजाओं ने अधिकार कर लिया। त्योथर के उत्तर और झूंसी–इलाहाबाद के दक्षिण फेले हुए भू–भाग मे बहुत से छोटे–छोटे राज्य थे, जिसमें कहीं कोलों का आधिपत्य था और कहीं भूर्तियों का। झूसी के वेनुवंश शासकों ने छोटे–छोटे कोल एवं भूर्तिया राजाओं को पराजित कर अपना अधिकार कर लिया और त्योथर मे गढी बनवाकर राज्य करने लगे। यद्यपि इस संबंध में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिलता, फिर भी लोक मान्यता है।''

त्योंथर इलाका की पुरानी गढियों के संबंध में जनधारणा है कि ''त्योंथर क्षेत्र में अधिकांश गढियां कोल राजाओं की बनवाई हुई हैं, किन्तु इलाका भी कोई लैखिक आधार नहीं है। त्योंथर की गढी

झूंसी के वेनुवंशी राजा गनपति शाह की बनवाई कही जाती है। गढी का लंबा–चौडा–ऊंचा दरवाजा है। हाथी सरलता से अन्दर आ जा सकता है। निश्चित रूप से राजा हाथी पर विराजे हुए गढी के अन्दर प्रवेश करते रहे होंगे।

त्योंथर की गढी पर वेनुवंशी षासकों के पूर्व भुर्तिया राजा का अधिकार था। वेनुवंशीी राजा से पराजित हो जाने पर भुर्तिया राजा निकाल दिया गया। त्योंथर इलाका में आज भी भुर्तिया जाति के लोग धनी हैं। कुछ भुर्तिया त्योंथर राज्य छूट जाने के कारण त्योंथर में पानी नहीं पीते हैं। उनका मानना है कि जहां के राजा थे, वहां से अपमानित करके निकाल दिये गये तो वहां का पानी ही क्यों पिउं। चंदई गांव के भुर्तिया अभी भी अपने को राजवंश का मानते हैं और त्योंथर का पानी नहीं पीते हैं। त्योंथर के बीच बाजार में बरगद वृक्ष के नीचे 'कोलइया बाबा' के नाम से आज भी पूजा होती है। अनुमान है कि जब त्योंथर में कोल राजा का शासन था तब कोलइया की पूजा होती थी और वही पुरानी परम्परा आज भी जीवित है। त्योंथर के वयोवृद्धों का कहना है कि सन् 1885 तक त्योंथर में कोलों का राज्य था। बघेलों ने कोलों को हराकर त्योंथर को अपने अधिकार में कर लिया। कोलों की राज्य सीमा पश्चिम में जिरौहा की सीमा तक थी, किन्तु इस संबंध में कोई अभिलेख नहीं है।

तात्पर्य यह है कि जिला रीवा के पूर्वोत्तरीय भाग कोल जाति के लोग अधिक पाये जाते हैं। जहां हैं वहां जमात में हैं। कहीं–कहीं तो गांव कोलों का ही है। कोल बडे परिश्रमी, ईमानदार, विश्वासपा़त्र होते हैं।मजदूरी करना मुख्य धन्धा है। खेती भी करते हैं, जंगल से किसानों के उपयोग की लकडी ले आते हैं, स्थानीय गिट्टी, मुरम, पत्थर की पटिया निकालने का भी काम करते हैं। देशों की अपेक्षा स्त्रियां अधिक बुद्धिमती होती हैं। आपस में मिलजुल कर रहते हैं। जातीय विवाद आपस में निपटा लेते हैं। बाल–विवाह की प्रथा आज भी है। पांच से दस वर्ष के बालक–बालिकाओं का विवाह करते हैं।

किसानों से अनवन होने पर गांव छोडकर दूसरे गांव चले जाते हैं। लडाई–झगडे में प्रायः नहीं पडते। जब कोल जाति के लोग एक गांव को छोडकर दूसरे गांव जाते हैं तब किसी को पता नहीं चलता। रात में अपना सारा सामान लेकर चले जाते हैं। सामान ले जाने के लिये अपने जाति विरादरी के लोगों को बुला लेते हैं, बिना बातचीत, लडाई–झगडा के चले जाते हैं। यद्यपि हरवाही प्रथा अब समाप्त हो गई है। कोल जाति के लोग जहां बसे वहां की भूमि का उनके नाम पट्टा हो गाया है। बहुत सी सरकारी भूमि मकान बनवाने के लिये शासन की ओर से प्लाट बना दी गई है। इसलिये गांव छोडने की अब कोई समस्या नहीं रह गई है। कृषि योग्य भूमि भी जहां–तहां आदिवासी, पिछडा वर्ग, हरिजनों को आवंटित की गई है। इसलिये वर्तमान समय में मजदूर वर्ग बिना किसी दबाव के अपना काम करते हैं। आज भी कृषक मजदूर वर्ग में कोल जाति के लोगों का अपना अलग महत्व है।

कोल जनजाति की सामाजिक पृष्ठभूमि देखें तो रीवा जिले की सबसे पुरानी जनजाति है। इनकी जनसंख्या लगभग प्रचुर है। इस जनजाति के लोग हिन्दू माने जाते हैं। ये पहाड़ों तथा मैदानी इलाकों में आवास बनाकर रहते हैं। इनकी सभ्यता, शिक्षा तथा आर्थिक व सामाजिक स्थिति अन्य जनजातियों की अपेक्षा विकास के क्रम में काफी पीछे हैं। ये अधिकांषतः कच्चे मकानों एवं घास–पत्तों की झोपड़ी बनाकर रहते हैं। कोल परिवारों की कुछ अपनी मान्यतायें भी हैं जैसे ये अपनी उत्पत्ति सूर्य देवता से मानते हैं, स्वर्ग से नर्क में जाने, विधवा विवाह गुदना गुदवाने, जाति पंचायत की मान्यताएं भी इनमें प्रचलित हैं।

कोल जनजाति के लोग अपने आपको

मध्यभारत की सबसे प्राचीन जनजाति मानते हैं। इनकी अनेक उपजातियां हैं जिनमें रेतवा, ठकुरिया खंगार और देहति प्रमुख है इनमें सभी उपजातियों का दर्जा एक समान है किन्तु एक उपजाति का दूसरी से शादी संबंध या किसी तरह का संबंध नहीं होता है। संख्यात्मक दृश्टि से जिले में रेतवा उपजाति अधिक पाई जाती है। इसके बाद ठकुरिया, खंगार आदि है। इन उपजातियों को 'बान' कहते हैं। इन उपजातियों के लोग हिन्दू माने जाते हैं किन्तु जनेउ नहीं धारण करते हैं। ये उच्च जाति से संबंध नहीं रखते। धार्मिक संस्कार पुरोहित द्वारा सम्पन्न कराए जाते हैं जिसके बदले में नकद वस्त्र आदि दिये जाते हैं।

रीवा जिले में आज भी बहुसंख्यक कोल जनजाति के लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन –बसर कर रहे हैं। उनके पास मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। रोटी, कपड़ा और मकान के लिए आज ये बाट–जोह रहे हैं। अशिक्षा, रूढ़िवादी एवं अंधविश्वास इनकी प्रगति में प्रमुख बाधक तत्व है। ऋणग्रस्तता पाई जाने के कारण ये अनुबंधित मजदूरी का कार्य भी कर रहे हैं। यदि थोड़ी जमीन है भी तो उबड़–खाबड़ जमीन होने उन्नत फसले अच्छी खाद एवं बीजों के अभाव के कारण उत्पादन बहुत कम है। इन्हीं परेशानियों के कारण आज कोल जनजाति अपने पुराने तौर–तरीकों से ही जीवन व्यतीत कर रही हैं। योजनाबद्ध कार्यक्रम और जनजातीय विकास नीतियों के प्रभाव से कोल जनजाति में भी व्यापक परिवर्तन दिखने लगा है। वह दिन दूर नहीं जब कोल जनजाति संभाग के एक प्रभावी इकाई के रूप में भूमिका निभाएगी।

रीवा जिले की कोल जनजाति के परिवार में मजबूत और जीवंत पारिवारिक जीवन का प्रभाव दिखाई देता है जो कि संबंधों के बीच आदान–प्रदान या किसी शासक के प्रतिनिष्ठा के स्थान पर जनजातीय जागरूकता पर आधारित तथा धरती माता के प्रति समर्पित होता हे। कोल जनजाति के परिवार सभी प्रकार्य करते हैं जो कि सभ्य समाज के परिवारों द्वारा किये जाते हैं। कोल जनजातीय परिवार जैवकीय; यौन इच्छाओं की पूर्ति, संतानोत्पत्ति, शारीरिक सुरक्षाद्ध सामाजिक; समाजीकरण, सामाजिक प्रस्थिति, सामाजिक नियंत्रण, प्रशिक्षण आदिद्ध सांस्कृतिक; संस्कृति का हस्तांतरण, सांस्कृतिक व्यवहारों की शिक्षा आदि आर्थिक, जीविकोपार्जन, सम्पत्ति उत्तराधिकार, व्यवसाय आदि व मनोरंजनात्मक, राजनैतिक तथा धार्मिक प्रकार्य करता है।

कोल जनजातीय परिवारों के आर्थिक कार्यों में महिलाओं का पूर्ण सहायोग प्राप्त होता है। इन्हीं सब विशिष्टताओं के कारण कोल जनजातीय परिवार अन्य समाजों से भिन्नता लिये हुये हैं तथा इसका संगठन उनकी अपनी परंपराओं के अनुरूप होते हैं। प्रायः एक गांव के सभी कोल निवासी एक ही परिवार की शाखायें होती हैं। कोल लोग अन्य ग्रामों में अपनी रिश्तेदारी अवश्य रखते हैं पर आना जाना बहुत कम होता है और अन्य गांव के कोल उनके किसी स्थानीय विवाद की बैठक में षामिल नहीं होते। इस प्रकार कोल जनजाति पूर्णतः परिवार पर आधारित है।

एक परिवार के आपसी विवाद में दूसरा परिवार दखल नहीं देता अर्थात् परिवार एक इकाई के रूप में पर्याप्त सक्षम संस्था है। जो कि जनजाति को एक जाति वर्ग के रूप में अपने आन्तरिक कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करने देती। परिवार के भीतर का संगठन व्यक्तिवादी है। व्यक्ति अपने हित संबंधी कार्य के विपरीत अपने पिता का आदेश या अनुशासन मानना स्वीकार नहीं करता। यदि पूरे परिवार और एक व्यक्ति के हित स्वार्थों के मध्य टकराहट उत्पन्न हो जाये तो कोल व्यक्ति परिवार के हित में अपना स्वार्थ त्याग करने पर कदापि सहमत नहीं होता।

इसके शहरत् भी परिवार संस्था विघटित नहीं होती। शायद इसलिये कि यह व्यक्तिवादिता

सभी के लिये उन्मुक्त है और इसलिये भी कि परिवार प्राकृतिक संस्था है। हां परिवारों के पुनर्गठन की प्रकिया चलती रहती है। एक स्त्री एक घर छोड़कर दूसरे कोल के घर चली जाती है या कोई देश एक और स्त्री ले आता है। सदस्यों में एक कभी भी बदल सकता है परिवार वैसा ही बना रहता है। परिवार की संरचना को अगर आधार मान कर समाज की रूप–रेखा तैयार की जाय तो भी समाज एक इमारत की तरह दिखाई पड़ता है। उसमें मुख्य रूप से जो पत्थरों का कार्य करता है वह है उस समाज की सबसे छोटी इकाई है। व्यक्ति अगर एक परिवार को बनाता है और अपने अनुसार ही क्रिया–कलाप करता है।

परिवार चाहे वह संयुक्त हो या एकाकी, प्राचीन हो या वर्तमान, सभ्य हो या आदिम या जनजातीय, सभी में परिवार सबसे ज्यादा सर्वोपरि भूमिका निभाने का काम परिवार का मुखिया करता है। इस सर्वेक्षण में मुख्य रूप से युवाओं से जानकारी प्राप्त हुई कि कोल समाज में देशों के साथ–साथ महिलाओं का भी अधिकार समान होता है। सामान्य रूप से आज के परिवेश में परिवार का मुखिया युवा ही हुआ करता है। इसका एक प्रमुख कारण आज कोल समाज मे एकाकी परिवार की परम्परा पड़ चुकी है।

कोल समाज के पारिवारिक वातावरण में बालिका या बालक में ज्यादा भेद नहीं समझा जाता और ना ही बालिका को सभ्य समाज की तरह घृणा की निगाहों से देखा जाता है। कोल समाज में ये माना जाता है कि अगर भगवान ने पैदा किया है तो वह ही भोजन भी देगा। इसी तरीके से ये कहा जाता है कि चाहे बालक हो या बालिका, उसे अपने से बनाकर अपने भोजन का प्रबन्ध करना है। इससे ये देखने में भी सामने आता है कि कोल समाज में मुख्य रूप से नगरीय क्षेत्र में निवास कर रही कोल जाति में पारिवारिक रूप से विघटन की समस्या भी उत्पन्न हुई है। इस विघटन का कारण ये अवश्य नहीं है कि अशिक्षा हो इसमें मुख्य रूप से युवाओं में बढ़ती हुई नशाखोरी की प्रवृत्ति है।

सामान्य रूप से ये देखा गया है कि आज भी कोल परिवारों की महिलाओं में देशों की अपेक्षा घर के बाहर कार्य करने की रुचि अधिक है। फिर भी ये परम्परायें बहुत हद तक शहरों में कम हुई है। परिवार को अगर एक रथ माना जाता है तो निश्चित रूप से रथ के दो पहिये माने जाते हैं जिसमें एक देश और एक स्त्री को माना जाता है। जिसमें देश और स्त्री दोनों में से एक के बिना परिवार की कल्पना करना ही बेकार या असम्भव है।

वैसे कोलों के समाज में न कभी कोई विधु होता है और न कोई विधवा। वैसे समान्य जाति समाज की तरह न तो इसमें वैवाहिक संस्था इतनी अधिक मजबूत है ना ही उसका पालन करना उतना आवश्यक ही है। इसमें विधवा प्रथा कभी भी नहीं थी और प्रारम्भकाल से ही विधवाओं की दो श्रेणियां मानी गयी हैं। जैसे–पहली गमनहाई–इसमें स्त्री देश के घर जाने के पूर्व ही विधवा हो जाती है। उसका पुनर्विवाह पूर्ण रूप से उचित माना जाता हे। दूसरे प्रकार से उढ़री के प्रकार की विधवा जो पति के घर जाने के बाद विधवा ऐसी स्त्री के विवाह को सामान्य स्वीकृति रहती है जब वह अपने पति के अनुसार छोटे रिस्ते पर विवाह करे परन्तु सामान्य जातीय समाज की तरह ही इसमें भी बड़ों से विवाह पर प्रतिबन्ध है। समय के साथ आये बदलाव से पता चलता है कि आज कोल समाज के युवाओं ने अपनी परम्परा के अनुसार विधवा–विवाह के साथ–साथ अन्तर्जातीय विवाह के प्रति भी रुझान बढ़ा है। और विवाह भी किया है। आज का कोल युवा अपने व्यक्तिगत संब्रंधों को अधिक महत्व देता है।

अगर कोल समाज का एक समग्र अध्ययन किया जाय तो भी ये पता चलता है कि इस

समाज में युवा वर्ग सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थान में होता है और युवा ही समाज को जीवन्त बनाये हुए है। आधुनिकीकरण ने जिस प्रकार भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों की पारिवारिक और वैवाहिक स्थितियों में परिवर्तन को प्रेरित किया है, उसी प्रकार कोलों की पारिवारिक और वैवाहिक स्थितियों में भी परिवर्तन आया है। इतना अवश्य है कि इस परिवर्तन की गति कोलों में इतनी तीव्र नहीं है जितनी समाज के अपेक्षाकष्त अधिक विकसित वर्गों में। इसका कारण स्वभावतः यही है कि वे सामाजिक परिवर्तन के झोंकों से अपेक्षाकृत दूर हैं।

संयुक्त परिवारों का विघटन आधुनिकीकरण का एक तथ्य है। कोलों में भी संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और एकल परिवारों की ओर रुझान बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में व्यक्तिवाद के बढ़ते प्रभाव से कोल युवाओं में भी मॉ–बाप से अलग अपना घर बसाने की इच्छा प्रबल हो रही है। इस इच्छा ने उनके भीतर एक अलग व्यक्तित्व की चाह को तो जन्म दिया है किन्तु परिवार के प्रति दायित्व की परम्परागत भावना को आघात भी पहुॅचाया है। इससे रक्त सम्बन्धों का व्याकरण भी बदला है। इस कारण से केवल माता–पिता जैसे नजदीकी सम्बन्ध ही महत्वपूर्ण रह गये हैं, दूर के सम्बन्धों का महत्व दिनों–दिन कम होता जा रहा है। पारिवारिक ढॉचे की टूट ने अन्य कई आनुषंगिक प्रभावों को जन्म दिया है। परम्परा के प्रति कम पूर्वाग्रह, व्यक्तिवादी जीवन मूल्य, सामाजिक सम्पर्कों की प्रकृति में परिवर्तन आदि ऐसे ही आनुषंगिक प्रभाव है।

पारिवारिक स्थितियों में परिवर्तन से विवाह का व्याकरण भी बदला है। शिक्षा के प्रसार ने भी कोलों की वैवाहिक स्थिति पर प्रभाव डाला है। कोल युवा अब अधिक उम्र में विवाह करने लगे हैं। नई समाज व्यवस्था से परिचित हो जाने के कारण कोल विवाहों का स्वरूप भी बदला है। कोलों ने हिन्दू समाज की विवाह सम्बन्धी कई रस्मों को अपना लिया है। आधुनिकीकरण ने गोत्र और जाति के बन्धन भी तोड़े हैं। यद्यपि कोलों तक यह प्रभाव सीमित मात्रा में पहुॅचा है तथापि कोलों द्वारा दूसरी जातियों से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित करने के उदाहरण मिल जाते है। जैसे समाज के अन्य वर्गों में अन्तर्जातीय विवाहों को धीरे–धीरे स्वीकृति प्राप्त होने लगी है, कोलों में भी अन्तर्जातीय विवाहों पर अब वैसे कड़े प्रतिबन्ध नहीं हैं जैसे पहले थे। आधुनिकीकरण ने विवाह के प्रति कोल युवाओं की अपेक्षाओं पर भी असर डाला है। इस कारण पति–पत्नी सम्बन्धों में जटिलताएं आई हैं। सरलता से विवाह और सरलता से अलगाव की पुरानी धारणा अब पीछे छूट गई है और विवाह की संस्था अब अधिक गम्भीर और टिकाऊ हो गई है। शिक्षा को अगर जीवन की धारा का मुख्य लक्ष्य माना जाय तो सबसे अधिक सत्य और शाश्वत होगा। शिक्षा के बिना जीवन को अधूरा माना गया है। प्राचीन काल में तो कोल जाति को शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति नहीं थी पर आज समाज में आधुनिकीकरण की पूर्ण छाया पड़ चुकी है। उसी के अनुसार आज अगर एक ओर सभी के लिये समान धर्म के मार्ग खुले हैं तो वहीं सभी के लिये शिक्षा का मार्ग भी खुला है।

समय के उतर चढ़ाव को कोल समजा समझ गया है कि शिक्षा ही उन्हें चरम स्थान तक पहुंचा सकती है और अशिक्षा पुनः उन्हें जंगलों का रास्ता दिखा सकती है। अतः आज का युवा संपूर्ण रूप से शिक्षा की ओर झुका जरूर है। परंतु शासन की राजनीति वादी शिक्षा प्रणाली का असर संपूर्ण समाज के साथ–साथ कोल समाज पर भी परिलक्षित होता है जिसके कारण कोल युवा प्राथमिक शिक्षा के लिये पाठशालाओं में प्रवेश अवश्य लेते हैं परंतु शिक्षा पूर्ण कर विश्वविद्याालय से नहीं निकलते हैं बल्कि कुछ शिक्षा ग्रहण कर हमेशा के लिये शिक्षा को अछूत की तरह त्याग देते हैं।

समय के साथ कोलों की सांस्कृतिक स्थितियों

में भी बदलाव आया है। उनके अधिभौतिक विश्वास, देवी–देवताओं, सोचने के ढंग, प्रकृति से उनके सम्बन्ध आदि पर आधुनिकीकरण ने पर्याप्त प्रभाव डाला है। उन्होंने हिन्दू समाज के अधिकांश देवी–देवताओं को स्वीकार कर लिया है। वैसे उनकी आधिभौतिक 'सिंगबोंगा' की मान्यता ब्रम्ह की औपनिषादिक धारणा से काफी मिलती–जुलती है। इसके अतिरिक्त उसकी जीवनचर्या और सोचने के ढंग में भी नये समय के हिसाब से परिवर्तन आया है। उनके जीवन मूल्य एवं परम्परागत मान्यतायें धीरे–धीरे बदल रही हैं। युवा गृह 'मिटिओरा' की परम्परा कब की लुप्त हो चुकी है। आधुनिक जीवन मूल्यों को शिकार करने में कोलों को आंधी में भी वे अपनी संस्कृति का दरख्त थामे हुये हैं। सरकार की तरफ से भी उनकी सांस्कृतिक अस्मिता की सुरक्षा के प्रयास चल रहे हैं।

शिक्षा का प्रसार आधुनिकीकरण की पूर्व शर्त भी है और शहरत् प्रभाव भी। कोल समाज में भी धीरे–धीरे शिक्षा का प्रसार हो रहा है किन्तु शिक्षा की स्थिति कतई संतोषजनक नहीं है। शिक्षा का प्रसार प्रगतिशीलता और जाग्रति का सूचक है। शिक्षा जितनी कम होगी आधुनिकीकरण उतना ही छद्म और अस्थायी होगा। कोल युवाओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है यह संतोश की बात है किन्तु उच्च शिक्षा तक कम ही पहुँच पाते हैं। शिक्षित युवाओं हेतु आरक्षण के माध्यम से शासकीय सेवाओं का क्षेत्र भी खुला हुआ है। वे अपना स्वतन्त्र उद्यम भी बेहतर ढंग से चला सकते हैं। कोल युवाओं में और खासतौर से कोल युवतियों में शिक्षा के प्रसार हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने की आवश्यकता है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि आधुनिकीकरण के फलस्वरूप कोलों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्थितियों में परिवर्तन आया है। यह परिवर्तन उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में कितना प्रभावशाली सिद्ध होता है, यह समय के गर्भ में है किन्तु संकेत यह कहते हैं कि परिवर्तन धनात्मक दिशा की ओर गतिशील है।

**संदर्भ–सूची**


1. श्यामाचरण दुवे–मानव और संस्कृति।
2. एम.एन. श्रीनिवास–आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन।
3. प्रो. श्रीचन्द जैन–आदिवासियों के बीच।
4. सिद्धान्तालंकार, प्रो. सत्यव्रत 'भारत की जनजातियां तथा संस्थाएं'
5. उप्रेती, डॉ. हरिश्चन्द्र भारतीय जनजातियॉ
6. तिवारी, डॉ. शिवकुमार 'मध्यप्रदेश की जनजातियां समाज
7. सिंह, के.एस. 'द शिड्यूल्ड टाइबस'।
8. त्रिपाठी प्रो. शंभूलाल. भारतीय समाज और संस्कृति
9. मजूमदार डी.एन. एवं मदन ''इन्टोटक्शन टू सोशल एन्थ्रोपोलाजी''।
10. शास्त्री रामसागर : क्योंटी की गढ़ी

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# नव-सामाजिक क्रांति के अगुआ : चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु

सुधा यादव *
डॉ. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी **

**शोध-सारांश**

*किसी भी प्रामाणिक साहित्य की रचना वर्गविशेष, कालविशेष, और युगीन परिवेश से सम्बद्ध होना आवश्यक है। स्वानुभूत सत्य ही लेखन का प्राण हुआ करता है। हर व्यक्ति (साहित्यकार) अपना अनुभूत सत्य ही अपनी कविता, कहानी व कथा में उकेरता है। लेखक जिस स्वानुभूत सत्य को अपनी रचना में उतारता है, वह कोई जरूरी नहीं कि लेखक का स्वघटित ही हो, वह पराघटित भी हो सकता है। पर इतना जरूर है कि वह 'अनुभूत स्वात' होता है अत्यन्त करीबी, जिसका लेखक भोक्ता और स्रश्टा न सही, द्रश्टा जरूर होता है। इससे परे हटकर होने वाला लेखन कभी सत्य हो ही नहीं सकता। यही वजह है कि इस गुण से वंचित साहित्य टिकाऊ व प्रामाणिक नहीं होता तथा ऐसा करने वाला लेखक/रचनाकार भी असमय ही विलोपित हो जाता है, अपने जीवन काल में ही अप्रासंगिक व उपेक्षित हो जाता है। कबीर से लेकर दादू दयाल, रैदास, धन्ना, पीपा, मलूक, रज्जब, नानक आदि सब में यही वजह है कि अपने लेखन में सिद्धि पायी। उनका स्वर सामंतवादी समाज की स्थापना और अत्याचार के विरोध में प्रमुखता से उभरा। आगे चलकर गाँधीवादी चिन्तन के प्रभाव में आकर हरिजी, माताप्रसाद, मंशाराम आदि दलित लेखकों ने अपने वर्ग के लोगों के हित में आवाज उठायी। महात्मा ज्योति राव फूले और डॉ. भीमराव अम्बेडकर से प्रभावित होकर सातवें दशक में कुछ लेखक लेखन–कर्म की ओर उन्मुख हुए, चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु उन्हीं में से एक थे। जिन्होंने अपने स्पष्ट और धारदार अभिव्यक्ति से समाज में दलित, कुचले, पीड़ित उपेक्षित जन समुदाय को इस स्थिति में पहुंचाने वाले कारकों और पृष्ठभूमि को*

* *शोधार्थी हिन्दी,* अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** *प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी,* श्रीयुत महाविद्यालय, गंगेव, जिला–रीवा (म.प्र.)

*बेबाकी से सषजित साहित्य में उभारा है। जिज्ञासु की रचनाएं उनके समय में प्रभावी तो नहीं हो सकीं पर उन्हें कंवल भारती ने अपने कठिन परिश्रम से ग्रंथाकार प्रकाशित कराकर जन मानस तक पहुंचाया इन्हीं उपलब्धियों को इस शोध पत्र में प्रस्तुत किया जा रहा है।*

***मुख्य शब्द*–*नव–सामाजिक, क्रांति, अगुआ, चिन्तन, सामंतवादी, वर्गविशेष, युगपरिवेष, युगीन परिवेश, दलित लेखन आदि।*

**प्रस्तावना**

आधुनिक हिन्दी साहित्य की तथाकथित मुख्यधारा की वैचारिकी और उसका साहित्य, द्विज मूल्यों की वैचारिकी का साहित्य रहा है, राहुल सांकृत्यायन और प्रेमचंद जैसे एकाध अपवादों को छोड़कर द्विज इसके चरित्र को गढ़ने में दक्षिणपंथी, उदारपंथी, और वामपंथी सभी समान रूप से साझीदार रहे हैं। इसने द्विज मूल्यों, संस्कारों और विचारों की प्रश्रय देने वाली वैचारिकी, रचनाओं और रचनाकारों को श्रेष्ठ और महान बनाकर प्रस्तुत करने के साथ ही, उन विचारों, रचनाओं और रचनाकारों की पूरी तरह बहिष्कृत और उपेक्षित कर दिया, जो द्विज वैचारिकी और साहित्य को चुनौती दे हुए और बहुजन वैचारिकी एवं साहित्य की रचना कर रहे थे।

ऐसे विचारकों में चन्द्रिका प्रसाद 'जिज्ञासु' बहिष्कार और उपेक्षा को रेखांकित करते हुए कंवल भारती ने लिखा है कि"चन्द्रिका प्रसाद जिज्ञासु को हिन्दी साहित्य में कोई नहीं जानता। हिन्दी साहित्य में जितने भी इतिहास लिखे गए हैं उनमें किसी में भी उनका नाम दर्ज नही है। दरअसल, वे जिस धारा के लेखक थे, वह पूरी धारा ही हिन्दी साहित्य के इतिहास में अनुपस्थित है। यह क्रान्ति की धारा ही हिन्दी साहित्य के इतिहास में अनुपस्थित है। यह क्रान्ति की धारा थी– सामाजिक क्रान्ति और उसमें भी वर्ण–व्यवस्था के विरोध की ।

पिछड़ी जाति में पैदा हुए चन्द्रिका प्रसाद 'जिज्ञासु' आधुनिक नवजागरण के अधिकांश पुरोधाओं की तरह विचारक, लेखक, अनुवादक, संपादक, प्रकाशक और कार्यकर्ता आदि भूमिकाओं का निर्वाह एक साथ कर रहे थे। 83 वर्षों के अपने जीवन काल में उन्होंने प्रचुर साहित्य की रचना की। उन्होंने बहुजन क्रांति की अलख जगाने के साथ ब्रिटिष शासन से भारत की मुक्ति की आजादी में भी गाँधी के इस आश्वासन और अनुरोध कि बाद हिस्सा लिया था कि आजादी के बाद बहुजनों को उनका पूरा हक मिलेगा। इसके बाद उन्होंने उसने सक्रिय हिस्सेदारी की और कई बार जेल गए। इस दौरान उनकी तीन रचनाओं, 'स्वेदेशी', 'कौमी बादशाह जवाहर लाल नेहरू' और 'चरखा' को खतरनाक मानकर ब्रिटिश शासन ने जब्त कर लिया। लेकिन जल्द ही उनका आजादी के आन्दोलन से मोहभंग हो गया और आजादी के बाद तो उन्हें पूरी तरह इसका अहसास हो गया कि असल में देश में लोकतंत्र को लोकशाही कहकर पुकारते थे। उन्होंने आजादी के बाद स्थापित भारतीय लोकतंत्र की वास्तविकता को उजागर करते हुए लिखा–'यद्यपि कहने को भारत में लोकशाही है, लेकिन हकीकत में यहाँ लोकशाही पर कई शाहियाँ ऐसी लदी हैं कि बेचारी लोकशाही का दम घुट रहा है। सामंतवादी, पूँजीशाही, अमलाशाही, नौकरशाही नेताशाही इत्यादि है। चार खंडो में प्रकाशित चन्द्रिका प्रसाद जिज्ञासु  ग्रंथावली के विविध आयामों और उनके द्वारा रचे गए विपुल साहित्य से परिचित कराती है।

मसलन, इसके पहले खंड में, 'आदि निवासियों की सभ्यता', 'मोहिनी विधा', 'पिछड़ा वर्ग कमीशन की रिपोर्ट, और 'ईश्वर और गुड्डे;, दूसरे खंड में

'संत प्रवर रैदास', 'रावण और उसकी लंका', 'श्री 108 स्वामी अछूतानन्द जी', और तीसरे खंड 'शिव तत्व प्रकाश', 'उत्पत्ति, स्थिति और जनसंख्या', 'भदन्त बोधानन्द महास्थिविर' और 'बाबा साहेब का जीवन संघर्ष' और चौथे खंड में लोकशाही बनाम ब्राह्मणशाही, 'हैहय वंश की श्रेष्ठता', 'बाबा साहेब का उपदेश आदेश', 'नारी जीवन की कहानी और जिज्ञासु जी की कविताएँ शामिल है। ग्रंथावली के संपादक कंवल भारती जी यह स्वीकार करते हैं कि उनकी कुछ कृतियाँ उन्हें प्राप्त नहीं हो सकी, जिनमें 'मानव सृष्टि का विकास' और 'बौध्द धर्म ही सच्चा' जैसी महत्वपूर्ण कृतियाँ भी शामिल हैं।

ग्रंथावली के खंड–2 में 'संत प्रवर रैदास साहिब' नाम से संग्रहित किताब में जिज्ञासु विस्तार से रैदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हैं। जिसमें संत रैदास के संदर्भ में प्रचलित असंगत और अतार्किक बातों का खंडन किया है और उन्होंने रैदास को सामाजिक क्रांति के शिक्षक के रूप में प्रस्तुत किया है। यह पुस्तक 1959 में प्रकाशित हुई थी। सबसे पहले इसी पुस्तक में जिज्ञासु ने इस बहुप्रतीक्षित झूठ का पर्दाफाश किया है।''

ग्रंथावली के खंड–1 में संकलित पहली किताब 'आदि निवासियों की सभ्यता है' निर्विवाद तौर पर जिज्ञासु की अछूतानन्द के आदि हिन्दू आंदोलन की उपज थे। अछूतानन्द समस्त शूद्र वर्ग (षूद्र–अतिशूद्र) को भारत का मूल निवासी मानते थे और द्विजों को विदेशी आर्यो का वंशज। अछूतानन्द के आंदोलन में दलित और पिछड़े दोनों हिस्सेदार थे, जिसमें जिज्ञासु भी शामिल थे। वे स्वामी अछूतानन्द की सभाओं में शामिल होते थे और उसमें भाषण भी देते थे। अछूतानन्द और जिज्ञासु के बीच के इस वैचारिक रिश्ते को रेखांकित करते हुए कंवल भारती लिखते हैं कि "जिज्ञासु ने स्वामी जी के कार्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के आदि निवासी' नामक एक वृहद् ग्रंथ लिखा था।"

इसकी भूमिका बोधानन्द ने लिखा है कि शकितने दुःख, परिताप और लज्जा की बात है कि भारत की पिछड़ी और दलित जातियों के पूर्व गौरव का पता देने वाले इतिहास का हिन्दी में प्रायः सर्वथा ही अभाव है हमारी यह हार्दिक कामना और आशीर्वाद है कि हमारे भारत के आदि मूल निवासी गण इसी उपयोगी पुस्तक (आदि निवासियों की सभ्यता) के यथार्थ मर्म को समझे।''

पुस्तक का प्रारम्भ जिज्ञासु ने अपना चंद काव्य पंक्तियों से किया है, जो इस तरह है "आदि निवासी बंधु ! लीजिए, यह निज गौरव इतिहास, आर्य जाति में छल–कौशल से जिसका कर दिया था सब नाश। पढ़िए इसे मिटाकर मन की सब दुर्बलता, भ्रम, तम, त्रास, हृदय कमल यह खिला करेगा नवजीवन का दिव्य 'प्रकाश'। पहले खंड में ही समाहित 'पिछड़ा वर्ग कमीशन' की रिपोर्ट और पिछड़े वर्ग के वैधानिक अधिकारों का सरकार द्वारा हनन' इस बात का सबूत है कि पिछड़े वर्गों के हितों की चिन्ताएँ जिज्ञासु जी के सरोकार की केन्द्रीय विषय वस्तु रही है।

जिसकी अध्यक्षता काका कालेकर को सौपी गई थी। इस किताब की भूमिका में बदलूराम रसिक ने इस किताब के संदेश को इन शब्दों में व्यक्त किया है–देश की आबादी में हमारी (पिछड़े वर्ग) तादाद 52 प्रतिशत है। लोकशाही शासन में बहुमत की विजय होती है और वह मताधिकार की शक्ति हमारी मुट्ठी में है। आप उठिए, हरिजनों (दलितों) और आदिवासियों को अपने साथ करके अपनी तादाद अस्सी प्रतिशत बनाइए। प्रतिज्ञा कीजिए कि जब तक शोषित, पीड़ित एवं दलित जनता को मानवी अधिकार उसे मिल नहीं जाते, तब तक हम चौन नहीं लेंगे, चाहे हमें कितनी ही कुर्बानी करनी पड़े। आपको याद रखना चाहिए अधिकार छीने जाते हैं, माँगने पर आज तक किसी क नहीं मिले।"

डा. अंबेडकर के साहित्य व्यापक और समाज

की परिचित करने का श्रेय भी जिज्ञासु को जाता है। उन्होंने 'बाबा साहेब का जीवन संघर्ष'। इसके सोलह संस्करण प्रकाषित हुए। करीब 145 पृष्ठो की इस जीवनी के माध्यम से हिन्दी भाशी समाज को डा. आंबेडकर के जीवन संघर्षों का पता चला। ओम प्रकाश बाल्मीकि ने अपनी आत्मकथा जूठन में इस जीवनी का जिक्र करते हुए कहा कि ''पहली बार उन्हें इस मूल जीवनी के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन संघर्षो और विचारों से परिचय हुआ।'' इतना ही जिज्ञासु ने आंबेडकर के मूल साहित्य भी अनुवाद कराया।

इसमें 'जाति भेद का उच्छेह, 'अछूत कौन और कैसे', 'शूद्रों की खोज', 'कांग्रेस और गाँधी ने अछूतों के लिए क्या किया', जैसी महत्वपूर्ण किताबे शामिल है। उन्होंने  में पेरियार ई. की रामास्वामी नायकर शीर्षक से उन पर लिखी गयी अंग्रेजी पुस्तक 'फिलासफी, सोशल रिफार्म एंड सोशल रिवोल्यूशन' का अनुवाद प्रकाशित कराया।

बहुजन नवजागरण के जनक फूले के तरह चन्द्रिका प्रसाद 'जिज्ञासु' भी शूद्रों–अतिशूद्रों (पिछड़े–दलितों) के साथ महिला मुक्ति के भी उतने ही पुरजोर समर्थक थे। इसका प्रमाण उनके द्वारा डा. आंबेडकर की महिलाओं के उत्थान और पतन पर लिखी किताब का अनुवाद करना और स्वयं उनके द्वारा 'नारी जीवन की कहानी' नाम से लिखी पुस्तिका है। उनकी किताब 'नारी जीवन की कहानी' का आरंभ ही इस तथ्य के साथ आरंभ होता है कि आदिम काल में महिला–देश की तरह समान थे और स्त्री देश की दासी नहीं थी। वे लिखते हैं कि "विकासवादी सिध्दान्तों का कहना है कि आदिम काल में देश और स्त्रियाँ दोनों स्वतंत्र थे। कोई किसी के अधीन नहीं था। केवल मैत्री हो जाती थीं, किंतु नारी नर की दासी नहीं बनती थी। स्त्री–देश दोनों अपना आहार स्वंय अर्जन करते थे।

आंबेडकर की तरह जिज्ञासु भी हिन्दू महिलाओं की दासता के लिए ब्राह्मणवादी व्यवस्था और ग्रंथों को जिम्मेदार ठहराते हैं और बौध्दकाल को स्त्रियों की स्वतंत्रता के काल के रूप में चिन्हित करते हुए लिखते हैं कि "भारतीय इतिहास में केवल बौध्द–काल और उपनिशद काल ऐसे समय मिलते हैं, जब स्त्रियों ने राहत की सांस ली। किंतु यह समय केवल पाँच सौ वर्शो तक रहा। उसके बाद फिर हिन्दू व्यवस्थापकों ने अपने कठोर विधानों और रंगबिरंगी मोहक बातों से स्त्रियों को अपनी दासता में जकड़ लिया।''

बुध्द की बहुजन अवधारणा को आधुनिक काल में पल्लवित पुष्पित और विस्तारित करने का श्रेय चन्द्रिका प्रसाद 'जिज्ञासु' को जाता है। उन्होंने अपने प्रकाशन का नाम 'बहुजन कल्याण प्रकाशन' रखा था। चन्द्रिका प्रसाद जिज्ञासु के समग्र साहित्य के अवलोकन के आधार पर कहें तो उन्होंने ज्योतिबा फूले सावित्री बाई फूले के बहुजन नवजागरण के उस रूप की हिन्दी पट्टी में नीव डाली, जिसमें शूद्र, अतिशूद्र और महिलाएँ (बहुजन) एक साथ मिलकर परम्परावादसे मुक्ति का संघर्ष करते हैं और एक ऐसे समाज की रचना का संकल्प लेते हैं, जिसमें सभी इंसान बराबरी का हक रखते हो।

## संदर्भ स्रोत


1. भारती कंवल, चन्द्रिका प्रसाद जिज्ञासु ग्रंथावली खंड–1
2. जयप्रकाष कर्दम : 21वीं सदी में दलित आंदोलन
3. गंगाधर पानताबड़े : अम्बेडकर दलित साहित्य के प्रणेता
4. कमल भारती : डॉ. अम्बेडकर को नकारने की साजिष
5. जयप्रकाश कर्दम : दलित साहित्य और डॉ. अम्बेडकर, (राष्ट्रीय सहारा अंक रविवार 29. 10.1999)
6. डॉ. ए.एन. सिंह : मायावती और दलित चिंतन

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 6**
**Paper Received : 13th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में आर्थिक-सामाजिक पराधीनता

□ डॉ. ऋचा शुक्ला *

**शोध-सारांश**

*किसी भी समाज में नारी की दयनीय दषा का बहुत बड़ा कारण है उसकी आर्थिक और सामाजिक निर्भरता। खासतौर पर अगर बात की जाए हमारे भारतीय समाज की तो आज भी अधिकतर महिलाएँ देशों पर निर्भर रहती है। वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चाहे समाज में सम्मान पाने के लिहाज से हो या फिर भरणपोषण के लिए वो देशों पर निर्भर रहती हैं। लेखिका नासिरा शर्मा ने समाज की विभिन्न समस्याओं पर अपनी लेखनी चलायी है। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नासिरा जी ने साहित्य जगत को श्रेष्ठतम रचनाएँ प्रदान की हैं।*

**प्रस्तावना**

अतिप्राचीन भारतीय समाज में नारी की स्थिति के विषय में जितना भी शोध हुआ है उससे पता चलता है कि उस समय समाज में स्त्रियों को आदर व सम्मान प्राप्त था। स्त्री–देश की स्थितियों में इतना अधिक भेद नहीं था जितना अब है। स्त्रियों को देशों के ही समान अधिकार प्राप्त थे। वैदिक–काल की स्त्रियाँ शिक्षा व बुद्धि में अग्रणी थी। यजुर्वेद के अनुसार उस काल में स्त्रियों का उपनयन संस्कार होता था तथा उन्हें संध्या करने का अधिकार था। वे यज्ञ करती थी, शास्त्रार्थ करती थी। उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय वे खुद करती थी।

उत्तर–वैदिक काल व महाकाव्यकाल में स्त्रियों की स्थिति में परिवर्तन होने लगा। अब उनके अधिकारों में कमी आने लगी थी। धीरे–धीरे परिवारों में कन्या जन्म समस्या बनने लगा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं– ''कत विधि सृजी नारि जागमाही पराधीन सपनेहु सुख नाहीं'' अर्थात् विधाता ने नारी जाति को पैदा ही क्यों किया, जो पराधीन अर्थात् दूसरे के आधीन है वह सपने में भी सुख का अनुभव नहीं कर सकता। जन्म से लेकर मृत्यु तक स्त्रियों को पिता, पुत्र, भाई, पति और फिर पुत्र के आधीन रहना पड़ता है। उनका जीवन घर की चारदीवारी तक ही सीमित रह जाता है।

नासिरा जी के उपन्यास 'शाल्मली' में नायिका शाल्मली कार्यक्षेत्र में सम्मान पाने के बावजूद भी पति की प्रताड़ना सहने को विवश है। वह सोचती

* ग्राम–पोस्ट अकौरी (गंगेव) जिला–रीवा (म.प्र.)

है– ''यातना झेलती औरतें सबके आकर्शण का केन्द्र होती हैं, मगर वह उसको सहने से इंकार कर दे तो सारी हमदर्दी घृणा और अपमान में बदल जाती है।''[1] विवाह विच्छेद या नितांत अकेले रह जाना भी समस्या का समाधान नहीं है वह तो केवल समस्या से पलायन है। समाज का हिस्सा होने के कारण उस शाल्मली को भी फर्क पड़ता है, इसलिए वह नरेश की सारी ज्यादती सहती जाती है–''अपने स्वाभिमान की ख्वाब में उठाया उसका ठोस कदम समाज में सराहा जाएगा या उसकी दृष्टि में वह अभिशप्त बना दी जाएगी? आरोपों, लाक्षनों, व्यंग्यों से विधा उसका व्यक्तित्व उसकी अपनी यातना का प्रमाण–पत्र होगा या पति द्वारा ठुकराई एक व्यभिचारिणी का ?.......... जिसे लेकर उसे देश–विदेश घूमना है। घर में बैठकर भाग्य पर रोना नहीं है। इस तरह के व्यक्तित्व की औरत को तलाकशुदा जानकर क्या लोगों के व्यवहार में हल्कापन नहीं आएगा?[2]

पिछले कुछ समय में भले ही औरतों ने देश अधिकष्त क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कामयाबी का परिचय लहलाया हो परन्तु उन क्षेत्रों में भी कहीं–न–कहीं वे उपेक्षा का शिकार होती हैं। वे उतना आदर नहीं पाती हैं जितने की वे अधिकारी रहती हैं। कुछ मानसिक दुर्बलता तो, बहुत कुछ आसानी से प्राप्त कर लेने की चाह में स्त्रियाँ, मर्दों के कुत्सित–कार्यों को सह जाती हैं। होता ये भी है कि परम्परागत चली आ रही कहानियाँ मन में इतने गहरे बैठ जाती है कि इंसान उन्हें सत्य मान लेता है और इस तरफ ध्यान जाता ही नहीं कि उन्हें गढ़ने वाला है कौन?

'ठीकरे की मँगनी' उपन्यास में अमष्ता स्कूल में शिक्षिका है। पति के अत्याचारों से परेशान अमृता खुदखुशी करने की कोषिष करती है। पति के अत्याचार और समस्या की घृणित सोच उसे पस्त कर देते हैं, उसकी पीड़ा को नासिरा जी ने कुछ इतर उकेरा है– ''समाज के लांछन मुझे तोड़ देंगे और उनके साथ रहना भी जैसे असंभव होता जा रहा है.......... आज तक वह जो चाहते रहें मैं करती रही, इस आशा में कि वह कभी मुझे समझेंगे कि मैं क्या चाहती हूँ, मगर मैं थक गई, निचुड़ गई........ अब नहीं सहा जाता। मैं अकेली क्या–क्या करूँगी, किस–किस को समझाऊँगी।''[3]

सिर्फ अनपढ़ ही नहीं शिक्षित और सक्षम औरतें भी अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों को चुपचाप सह लेती हैं। कारण, समाज क्या कहेगा? घूम–फिर कर व्यभिचारिणी तो वही कही जाएँगी। मर्द को कौन दोश देगा। दोषी औरत ही होगी। खानदान की आबरू बचाये रखने का सारा जिम्मा तो उनके कन्धे पर होता है।

'अपनी कोख' कहानी की साधना आई.पी. एस. बनना चाहती हैं, परन्तु घर वाले उसकी षादी के पक्ष में हैं। साधना की माँ उसे समझाती है– ''अब यह तुकमिजाजी छोड़ दे बेटी। पिता और पति के घर में बहुत फर्क होता।''[4] दुःखी हो साधना सोचती है–''औरत के लिए हर घर एक समान होता है, जहाँ न उसकी जमीन है और न ही आसमान है। है तो बेसुमान बंदिशें, उसे जीवन भर संघर्ष ही करना है।''[5] यह सच है कि औरत का कोई घर नहीं होता और न ही उसके सपनों की कोई कीमत है ये बात लेखिका नासिरा शर्मा बखूबी समझती हैं। परन्तु इन सपनों को पूरा करने कोई और तो नहीं आएगा। इसके लिए औरत को खुद मजबूत हो खड़े होना पड़ेगा।

नासिरा जी कहानी तक्षशिला में लिखती हैं–''औरत खुले आसमान के नीचे पहचान बनाने में व्यस्त है। यह संघर्ष बहुत सुंदर है.......... मगर उस संघर्षरत औरत के नीचे अभी सख्त जमीन नहीं है जिस पर वह विश्वास के साथ खड़ी हो सके, आज की औरत के पास न छत है, न जमीन। सिर्फ दीवारें हैं.......... उनपर छत कौन डालेगा .......... क्या कोई मर्द। तब वही शोषित, बेचारी औरत होगी..........। औरत को यह काम

स्वयं करना होगा। मर्द तो अपना हथियामा अधिकार इतनी जल्दी वापस नहीं करेगा..........।''[6] नासिरा षर्मा मानती हैं कि औरत के साथ जो भी हो रहा है कहीं–न–कहीं उन सबका कारण उसकी मानसिक दुर्बलता और अन्य व्यक्ति से अपेक्षा है।

## निष्कर्ष

निःसंदेह कहा जा सकता है कि दूसरों पर निर्भरता ही स्त्री पतन का सबसे बड़ा करण है। लेखिका नासिरा शर्मा मानती हैं कि आत्मनिर्भरता समाज और परिवार में नारी की स्थिति को मजबूत बना सकती है। नारियाँ जब तक शिक्षित, सशक्त नहीं होंगी तब तक वो देशों के अन्याय और प्रताड़ना को झेलती–सहती रहेंगी। एलीनल मार्क्स और एडवर्ग एवेलिंग मानते हैं कि स्त्रियों की हैसियत भी एक आर्थिक बुनियाद पर टिकी होती है। बदलते समय के अनुसार स्त्रियों की स्थिति में सुधार हुआ है परन्तु भी देशों की तुलना में ये अनुपात बहुत ही कम है। जब तक औरतें खुद मजबूती से खड़ी नहीं होगी, स्वयं की सामर्थ्य को पहचानेंगी नहीं, खुद अपना स्थान बनायेंगी नहीं, तब तक समस्याएँ यूँ ही बनी रहेंगी। अपनी समस्या का समाधान उन्हें खुद ही निकालना होगा और वो बड़ी सूझ–बूझ से घर–परिवार की आहुति देकर नहीं इससे समस्याएँ कम नहीं होंगी बल्कि अधिक बढ़ेगी।

## संदर्भ ग्रन्थ


1. शर्मा, नासिरा, शाल्मली, पृ. 150
2. शर्मा, नासिरा, शाल्मली, पृ. 144–150
3. शर्मा, नासिरा, ठीकरे की मँगनी, पृ. 179–180
4. शर्मा, नासिरा, बुतखाना, पृ. 179
5. शर्मा, नासिरा, बुतखाना, पृ. 179
6. शर्मा, नासिरा, सबीना के चालीस चोर, पृ. 140
7. राउत, डॉ. विजय, नासिरा शर्मा–व्यक्तित्व एवं कृतित्व, दिव्य डिस्ट्रीब्यूटर्स, कानपुर, 2010
8. गुप्त, मानमथनाथ, स्त्री–देश संबंधों का रोमांचकारी इतिहास, हिन्दी परिषद् प्रकाशन, प्रयागराज

**SHODH CHETNA–YEAR-9, VOL. 3 (July To Sept., 2023)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
IMPACT-FACTOR SJIF - 6
SHODH CHETNA YEAR 2023 Vol. 3 PRAYAGRAJ
**Paper Received : 10th Sept. 2023** **Paper Accepted : 20th Sept. 2023**

# Study on Mental Health of Teachers of Government, Aided and Self-financed colleges in Prayagraj District

**Shubhanshi***
**Dr. Anupama Mehta****

**ABSTRACT**

*This research study investigates the mental health of teachers in government, aided and self-financed higher education colleges in Prayagraj District of Uttar pradesh, utilizing t-test analysis to compare the mental health outcomes across these different types of institutions. The mental well-being of teachers is crucial for their overall job satisfaction, productivity, and the quality of education they provide to students. A sample of teachers will be selected from each type of institution using a random sampling method. The teachers will complete standardized mental health assessment tool to measure their mental health status. The collected data will be analyzed using t-test statistical analysis to compare the mean scores of mental health outcomes among teachers in government, aided and self-financed colleges. Preliminary analysis suggests that teachers in all types of institutions experience varying degrees of mental health challenges. However, it is hypothesized that there may be significant differences in mental health outcomes among teachers in different types of institutions due to variations in factors such as workload, job security, salary, and institutional support. The findings of this study will contribute to a better understanding of the mental health status of teachers across different types of higher education colleges in India. The results from the t-test analysis will provide valuable insights into the potential disparities in mental health outcomes among*

* Research Scholar, School of Education, Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences, Prayagraj, U.P., E-mail: hinaverma1995@gmail.com
** Assistant Professor, School of Education, Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences, Prayagraj, U.P. E-mail: anupama.mehta@shiats.edu.in

*teachers in government, private, and aided institutions. The implications of these findings can inform policy decisions and interventions aimed at improving the mental well-being of teachers in specific types of institutions. By employing t-test analysis to examine mental health outcomes, this study aims to provide evidence-based recommendations for creating supportive work environments and implementing targeted interventions to address the unique mental health challenges faced by teachers in different types of higher education colleges in Prayagraj.*

***Keywords***- *Mental health, T-test, Colleges.*

## Introduction

The mental health of teachers is a critical aspect of their overall well-being, affecting their personal lives, job performance, and the quality of education they provide to students. The demanding nature of the teaching profession, coupled with various job-related stressors, can significantly impact the mental well-being of teachers. In the context of higher education colleges in India, it is important to understand the mental health challenges faced by teachers and explore potential variations across different types of institutions, including government, private, and aided colleges.

The aim of this research study is to conduct a comprehensive examination of the mental health of teachers in government, aided and self-financed higher education colleges in Prayagraj. By understanding the unique challenges faced by teachers in each type of institution, this study seeks to shed light on the factors contributing to mental health issues and identify potential differences in mental health outcomes among teachers across these institutions.

Research has shown that teachers in various contexts experience high levels of stress, burnout, and mental health problems. In the Indian higher education sector, teachers often face heavy workloads, long hours, and limited work-life balance, which can lead to heightened stress levels and negatively impact their mental well-being. Furthermore, the availability and effectiveness of support systems and resources for teachers may vary across government, private, and aided colleges, potentially influencing their mental health outcomes.

To achieve the research objectives, a mixed-methods approach will be employed. A sample of teachers will be selected using a random sampling method, ensuring representation from government, self-financed and aided higher education colleges. Quantitative data will be collected through standardized mental health assessment tools, to measure the mental health status of teachers. Additionally, qualitative data will be gathered through interviews to gain a deeper understanding of the specific challenges and stressors faced by teachers in each type of institution.

The findings of this study are expected to contribute to the existing literature on teacher mental health, specifically focusing on the context of higher education colleges in India. By comparing the mental health outcomes of teachers across government, aided and self-financed institutions, this research will provide

valuable insights into the potential variations in stress levels, job satisfaction, and well-being among teachers in these different contexts. The implications of the findings can inform policy decisions, institutional practices, and interventions aimed at promoting the mental well-being of teachers in higher education colleges, ultimately leading to a more supportive and conducive work environment for educators and enhancing the quality of education provided to students.

**Objective**

The objective of this research paper is to conduct a comprehensive study on the mental health of teachers in government, private, and aided higher education colleges in Prayagraj, Uttar Pradesh, India. The study aims to achieve the following specific objectives :

1. To study and compare the mental health of male and female teachers of different types of colleges of Prayagraj.
2. To assess the prevalence and severity of mental health issues among teachers in government, private, and aided higher education colleges in Prayagraj.
3. To identify the common stressors and challenges faced by teachers in Prayagraj's higher education institutions, including workload, job demands, work-life balance, and institutional factors.
4. To examine the differences, if any, in the mental health outcomes of teachers across government, private, and aided higher education colleges in Prayagraj.
5. To explore the influence of factors such as job satisfaction, institutional support, and work environment on the mental well-being of teachers in Prayagraj.
